नवरात्र का 8वां दिन

पूजन मंत्र - श्वेते वृषे समारूढा, श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यात्, महादेवप्रमोददाद।।

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

www.dailypioneer.com • रायपुर, मंगलवार 16 अप्रैल 2024 • पृष्ठ-12 • वर्ष-08, अंक-233 • मूल्य ₹ 3.00

चिक न्यूज

बीआरएस नेता कविता 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में

नयी दिल्ली दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-2022 कथित घोटाले के मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति विधान परिषद सदस्य के. कविता की केंद्रीय जांच ब्यूरो की तीन दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद उन्हें सोमवार 23 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने सीबीआई की ओर से कविता की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने के अनुरोध पर विचार के बार यह आदेश पारित किया।

गृह मंत्रालय ने सीमा पर चीन के संभावित अतिक्रमण से संबंधित खबर का खंडन किया

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सीमा पर चीन के संभावित अतिक्रमण के संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई एक खबर को दुर्भावनापूर्ण और भ्रमित करने वाली बताते हुए इसका खंडन किया है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट में कहा कि मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर चल रही उस पोस्ट का संज्ञान लिया है जिसमें गर्मियों में बर्फ पिघलने के बाद भारत की सीमा पर 19 जगहों पर चीन के संभावित अतिक्रमण का दावा किया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि खबर में भारत तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा इस संबंध में सरकार को रिपोर्ट भेजने का जो दावा किया गया है।

ईरान-इजराइल संघर्ष से डरा बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी धड़ाम

मुंबई। इजराइल पर ईरान के जवाबी हमले से क्षेत्रीय स्तर पर तनाव और गहराने से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 845.12 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब तीन सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 246.90 यानी 1.1 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22,272.50 अंक पर बंद हुआ।

बृजमोहन की नामांकन रैली में उमड़ा जन सैलाब

कांग्रेस ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए भ्रष्टाचार, घोटाले करके नया रिकॉर्ड बनाया है: साय

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर लोकसभा भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल की नामांकन रैली में सोमवार को रायपुर लोक सभा क्षेत्र के 9 विधानसभा क्षेत्रों से ऐतिहासिक जन सैलाब उमड़ पड़ा। रायपुर जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर से भव्य जुलूस की शक्ल में निकली रैली में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में मातृ-शक्ति भी हाथों में भाजपा का झंडा और पोस्टर लेकर शामिल हुई। नामांकन रैली बाजे गाजे के साथ निकाली गई।

रायपुर लोकसभा में 8 लाख से अधिक वोटों की लीड से जीतना है

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नामांकन रैली सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह लोकसभा का चुनाव बड़ा महत्वपूर्ण चुनाव है। यह नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री मोदी जी 10 वर्षों से लगातार देश की सेवा कर रहे हैं और यह गांव गरीब किसान मजदूर सब की चिंता करने वाले हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए काम कर रहे हैं। इसलिए हमें भी केन्द्र में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए रायपुर लोकसभा से अपराजेय योध्दा बृजमोहन अग्रवाल 8 लाख से अधिक वोटों से जिताना है। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष पहले कांग्रेस को प्रदेश की जनता ने सत्ता सौंपी थी लेकिन कांग्रेस ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और घोटालों के नये रिकॉर्ड बनाए हैं। भ्रष्टाचार में इनका साथ देने वाले कई अधिकारी और साथी जेल में है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है, इसलिए कई कांग्रेसी पार्टी को छोड़कर लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इस डूबते जहाज को हमें लोकसभा चुनाव में पूरी तरह डुबोना है। 'मोदी की गारंटी' में जो भी वादे किए थे सभी वादे लगातार पूरे होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों में कमल खिलाकर देश में मोदी जी की सरकार बनानी है। डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास करेगी।

विजय बघेल ने दुर्ग लोकसभा से भरा पर्चा

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिए भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने नामांकन भरा। नामांकन के पहले दुर्ग लोकसभा के 9 विधानसभा के तमाम भाजपा कार्यकर्ता मानस भवन में जुटे। इसके बाद एक आम सभा भी हुई। इस नामांकन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय डिप्टी सीएम अरुण साव व विजय शर्मा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह समेत कैबिनेट मंत्री और बीजेपी कार्यकर्ता शामिल रहे।

दुर्ग से कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने नामांकन दाखिल किया

दुर्ग लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू भी अपना नामांकन दाखिल किया। दुर्ग के गंज मंडी में कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता एकत्रित होकर नामांकन रैली निकली। जिसके बाद दुर्ग कलेक्ट्रेट पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने अपना नामांकन दाखिल भरा इस रैली में कांग्रेस के छग प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत समेत दिग्गज नेता शामिल हुए।

मोदी ने केरल की करुवन्नूर सोसायटी के जमाकर्ताओं को दिया उनके पैसे लौटाने का आश्वासन

एजेंसी ➤ त्रिशूर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी पर जोरदार हमला करते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन करुवन्नूर सहकारी समिति घोटाले के पीड़ितों से झूठ बोल रहे हैं। मोदी ने अलाथुर, चलाकुडी, पोन्नानी और मलप्पुरम लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए यहां के निकट कुन्नमकुलम में भारतीय जनता पार्टी की एक चुनावी बैठक को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि वामपंथी नेताओं ने आम आदमी द्वारा जमा किये गये करोड़ों रुपये का घोटाला किया है और आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार उनका खोया हुआ पैसा लौटाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने सोसायटी के निदेशकों के 90 करोड़ रुपये जब्त कर लिए हैं और इसे उन सैकड़ों लोगों को वापस कर दिया जायेगा, जिन्होंने अपनी मेहनत की कमाई खो दी है। पिछले तीन साल से मुख्यमंत्री और माकपा नेताओं ने झूठे बयान देकर लोगों को गुमराह किया है कि पैसा सुरक्षित है और जमाकर्ताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि वामपंथी दल के नेताओं ने गरीबों का पैसा लूटा है। उन्होंने पैसे गंवाने वाले बैंक जमाकर्ताओं को आश्वासन दिया कि निदेशकों से जब्त किया गया पैसा उन्हें दिया जायेगा। केंद्र ने अब तक पिछले कई वर्षों में ऐसे कई लोगों को 17000 करोड़ रुपये लौटाये हैं, जिन्होंने अलग-अलग जगहों पर विभिन्न घोटालों में अपना जमा पैसे खो दिये थे। मोदी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने विभिन्न विकासात्मक योजनाओं को लागू करना शुरू कर दिया है और जो आप अभी देख रहे हैं वह केवल एक 'ट्रेलर' है। आने वाले वर्षों में आपको कई और आश्चर्यजनक बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही दक्षिण भारत में बुलेट ट्रेन आएगी और केरल को वैश्विक विरासत में बदल देगी। मोदी ने वायनाड से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अप्रत्यक्ष हमला करते हुए कहा कि उन्होंने करुवन्नूर बैंक जमाकर्ताओं के लिए सांत्वना का एक भी शब्द नहीं कहा है। इसकी बजाय, कांग्रेस पार्टी अब उन संगठनों का समर्थन लेने में व्यस्त है। जिनका संबंध एक प्रतिबंधित राजनीतिक दल से है।

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी किया प्रचार गीत

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए 'हाथ बदलेगा हालात' गीत जारी किया, जिसे पार्टी के घोषणा पत्र में पांच न्याय, 25 गारंटियों पर केंद्रित किया गया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश और कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह गीत जारी किया। इस अवसर पर रमेश ने बताया कि कांग्रेस के प्रचार अभियान का पहला चरण 'मेरे विकास का दो हिसाब' था। इसके बाद कांग्रेस ने 'हाथ बदलेगा हालात' अभियान शुरू किया। इसके साथ कांग्रेस ने अपना 'न्याय पत्र' जारी किया। कांग्रेस ने अपने प्रचार को जारी रखते हुए यह गीत तैयार किया है।

न जल बचेगा, न जंगल, सब कुछ अपने दोस्तों को बेच देगी भाजपा : कन्हैया कुमार

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

बस्तर में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी कवासी लखमा का प्रचार करने कांग्रेस के स्टार प्रचारक कन्हैया कुमार पहुंचे। बस्तर लोकसभा के गीदम के जावांगा में उन्होंने चुनावी रैली को संबोधित किया और कवासी लखमा के पक्ष में वोट मांगे. यहा कन्हैया कुमार ने कहा कि आदिवासियों को जल, जंगल, जमीन बचानी है तो कांग्रेस को वोट करें। वंचितों और गरीबों के लिए भाजपा कुछ करने वाली नही है. यह पार्टी सिर्फ शोषण कर सकती है। उन्होंने कहा कि कवासी लखमा दादी प्रत्याशी है वे पहले भी विधायक और मंत्री रहे हैं. वे बखूबी इस इलाके के समस्या के बारे में जानते हैं। एनएमडीसी का मुद्दा हो, तेंदूपत्ता का रेट देने की बात हो, इस इलाके में शिक्षा देने की बात हो, स्वास्थ्य की बात हो, इन मुद्दों को विधासभा में उठाते आ रहे हैं। कवासी लखमा जल, जंगल, जमीन को लड़ाई लड़ रहे हैं। इसलिए उन्हें वोट करे, नहीं तो भाजपा न पहाड़ बचने देगी न ही नाला। कन्हैया कुमार ने कहा कि जिस तरह से खदानों को बेचा जा रहा है, बस्तर के आदिवासियों से छिपा नहीं है। प्रधानमंत्री खदानों को अपने दोस्तो को बेच रहे हैं। नकली ग्रामसभा करवा कर प्रधानमंत्री खदानों को अपने दोस्त को बेच रहे है। ऐसे मुद्दों को उठाने के लिए कवासी लखमा जैसी मजबूत आवाज को दिल्ली में होने की बेहद जरूरत है। इसलिए मैं उनके समर्थन में आया हूं। इंडिया ब्लॉक को लगातार समर्थन मिल रहा है। मोदी सरकार मंहगाई कम करने और रोजगार देने में विफल है।

अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ाई

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सोमवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने संबंधी आदेश पारित किया। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद वर्चुअल माध्यम से विशेष अदालत में पेश किया। अदालत ने अगली सुनवाई 23 अप्रैल को उन्हें फिर वर्चुअल माध्यम से पेश करने का ईडी को निर्देश दिया। केजरीवाल को इससे पहले एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। ईडी ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए कई बार उन्हें समन भेजा था। समान की अनदेखी के बाद ईडी ने 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने इसी मामले की सह आरोपी भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ाने का आदेश दिया। उन्हें अदालत के समक्ष अलग से पेश किया गया। उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी नेता केजरीवाल की अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर ईडी को आज ही नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।

केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस, सुप्रीम कोर्ट 29 को करेगा अगली सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, लेकिन मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की इस मामले की अगली सुनवाई शीघ्र करने की गुहार साफ तौर पर ठुकरा दी। पीठ ने अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख मुकर्रर कर दी।

रामावतार जग्गी हत्याकांड के दो दोषियों ने कोर्ट में किया सरेंडर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रामावतार जग्गी हत्याकांड के 2 दोषियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। रायपुर में विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में शूटर चिमन सिंह और विनोद राठौड़ ने सरेंडर कर दिया है। हाईकोर्ट ने 4 अप्रैल को 27 दोषियों की अपील खारिज कर दी थी और इनकी सजा बरकरार रखी थी। लेकिन इनमें से 5 को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने इन दोषियों को सरेंडर के लिए 3 सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया था। जिनमें क्राइम ब्रांच के प्रभारी रहे आरसी त्रिवेदी, तत्कालीन मौदहापारा थाना प्रभारी वीके पांडे, सीएसपी कोतवाली अमरीक सिंह गिल, सूर्यकांत तिवारी सहित मेयर एजाज ढेबर के भाई याहया ढेबर के नाम शामिल हैं। इस मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद वर्मा की डिवीजन बेंच ने लोअर कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई थी। 28 दोषियों में से एक दोषी विक्रम शर्मा उर्फ बुलटू पाठक की मौत हो चुकी है। एनसीपी नेता रामावतार जग्गी हत्याकांड में दोषी अभय गोयल, याहया ढेबर, वीके पांडे, फिरोज सिद्दीकी, राकेश चंद्र त्रिवेदी, अवनीश सिंह लल्लन, सूर्यकांत तिवारी, अमरीक सिंह गिल, चिमन सिंह, सुनील गुप्ता, राजू भदौरिया, अनिल पचौरी, रविंद्र सिंह, रवि सिंह, लल्ला भदौरिया, धर्मेंद्र, सत्येंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह परिहार, विनोद सिंह राठौर, संजय सिंह कुशवाहा, राकेश कुमार शर्मा, (मृत) विक्रम शर्मा, जबवंत, विश्वनाथ राजभर की ओर से अपील दायर की गई थी। रामवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी रायपुर कोर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने कहा कि, 10 और 11 तारीख के बीच में इन सभी दोषियों को सरेंडर करना था। मुझे आज खबर मिली कि, 15 तारीख को 11 बजे सभी सरेंडर करेंगे। इसलिए मैं अपने वकीलों के साथ यहां पहुंचा हूं और कोर्ट का 5 बजे तक का समय है। अगर सब नहीं आते तो कोर्ट क्या निर्णय लेगा या देखने वाली बात होगी। सुप्रीम कोर्ट से 5 दोषियों को राहत मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि, मैंने अभी ऑर्डर नहीं पढ़ा है। लेकिन इस केस में किसी को राहत मिले, मैं यह नहीं मानता, हां मोहलत मिल सकती है। कुछ दिनों के लिए, कुछ कारणों से मोहलत मिल सकती है।

संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया

अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था की गारंटी संकल्प पत्र का आधार : योगी

पायनियर संवाददाता ➤ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी संकल्प पत्र का आधार हैं। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि ये संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसमें हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की भी उद्घोषणा की है। उन्होंने यूपी में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से अपना संकल्प पत्र जारी किया है। इसकी पहली चार प्रतियां देश के चार सामाजिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं। ये हैं गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ग्यान)। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है, बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। योगी ने कहा कि संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकासित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अन्त्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं। ये पहला आम चुनाव है जिसके प्रमाण के बारे में आश्वस्ती का भाव पूरे देश में मिल रहा है। लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि संकल्प पत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने, नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी को लागू करने, कॉमर्शियल और सिविल न्यायिक प्रणालियों में बदलाव, वन नेशन वन इलेक्शन, पीएम सूर्य हर घर मुफ्त बिजली योजना, घरों के पंजीकरण की कीमत को कम करने, तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने, पीएम मुद्रा योजना की क्रैकिंग सीमा को दोगुना करने, एमएसपी में वृद्धि और पीएम मत्स्य योजना के विस्तार के लिए पार्टी के संकल्प को दोहराया गया है। इसके साथ ही सिंचाई, कोल्ड स्टोरेज और कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर के मिशन को देश में लागू करने, स्वस्थ भारत के संकल्प के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर्स को आयुष्मान भारत से जोड़ने, पैरामेडिक्स के प्रशिक्षण, हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, एमएसएमई के लिए किफायती बीमा प्रोडक्ट, आग, चोरी, प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए बीमा, भारत को ट्वाय हब बनाने, 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने, 2030 तक देश को इलेक्ट्रॉनिक हब बनाने, बुटेल ट्रेन का विस्तार पूरे देश में करने, 5जी के विस्तार के साथ ही 6जी टेक्नोलॉजी विकसित करने का संकल्प भी यहां दोहराया। इसके अलावा ग्लोबल कॉन्फ्रेंस और एग्जिबिशन के लिए बड़े कन्वेंशन सेंटर के दायरे को बढ़ाने, पुलिस मॉर्डनाइजेशन, टेक सेवी सुरक्षा बल, नये आईआईटी, नये एम्स, वन नेशन वन स्टूडेंट, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, टेक्नोलॉजी के जरिए सुलभ शिक्षा के प्रति मुख्यमंत्री ने वचनबद्धता को दोहराया।

उत्तराखंड को मोदी ने हमेशा मुख्य धारा में रखा है : नड्डा

मसूरी/देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि उत्तराखंड को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा देश की मुख्य धारा में रखा है। मोदी ने देश के अंतिम गांव को देश का पहला गांव बनाया है। नड्डा ने उत्तराखंड के देहरादून जनपद अंतर्गत, मसूरी में विजय संकल्प रैली में प्रतिभाग करते हुए यह बात कही। नड्डा ने भगवान केदारनाथ एवं राज्य निर्माण में शहीद आंदोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि हम सभी इस लोकसभा से माला राज्य लक्ष्मी शाह को जिताने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले राजनीति उदासीनता से भरी हुई थी। आम इंसान भी बोला करता था राजनीति से कुछ नही बदलेगा, जैसा चल रहा है वैसा चलेगा, यहां कुछ बदलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि बीते 10 सालों में प्रधानमंत्री जी ने राजनीति की परिभाषा, संस्कृति, चाल ढाल, तौर तरीका बदला है। इसके साथ प्रधानमंत्री जी ने राजनीति की दृष्टि से संकल्प की परिभाषा बदल दी है।

भारतीय सैन्य टुकड़ी संयुक्त अभ्यास में शामिल होने के लिए उज्बेकिस्तान रवाना

नयी दिल्ली। भारतीय सेना की टुकड़ी उज्बेकिस्तान के साथ पांचवें संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को उज्बेकिस्तान रवाना हो गई। यह वार्षिक सैन्य अभ्यास 28 अप्रैल तक उज़्बेकिस्तान के टर्मेज़ में होगा। यह हर वर्ष बारी बारी से दोनों देशों में होता रहा है और पिछली बार यह गत फरवरी में पिथोरागढ़ हुआ था। साठ सैन्यकर्मियों वाली भारतीय सशस्त्र बल टुकड़ी में सेना की जाट रेजिमेंट के 45 और वायु सेना के 15 सैन्यकर्मी शामिल हैं। उज्बेकिस्तान सेना और वायु सेना के लगभग 100 सैन्यकर्मी इस अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। डस्टलिक अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना और पहाड़ी तथा अर्ध शहरी इलाकों में संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है। इसमें उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना, संयुक्त सामरिक अभ्यास और विशेष हथियार कौशल की बुनियादी बातों पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। अभ्यास के दौरान सामरिक अभ्यास में एक संयुक्त कमान पोस्ट का निर्माण, एक खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, लैंडिंग साइट की सुरक्षा, छोटी टीम , विशेष हेलिबोर्न संचालन, घेरा और खोज संचालन, कक्ष हस्तक्षेप अभ्यास और विध्वंस कार्रवाई शामिल होंगे।

लोकसभा चुनाव रामभक्तों और राम के विरोधियों के बीच : यादव

वार्ता ◂ राजगढ़
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को निशाने पर लेते हुए कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव 'रामभक्तों' और 'राम विरोधियों' के बीच है। डॉ यादव ने राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी रोडमल नागर के नामांकनपत्र दाखिले के दौरान आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य नेता भी मौजूद थे। डॉ. यादव ने कांग्रेस और उसके नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि इन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर हमेशा विरोध और राजनीति की है। अल्पसंख्यकों के वोट की खातिर उन्होंने ऐसा किया है और अब इसी वजह से कांग्रेस की ऐसी हालत हो गयी है। राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदू मुस्लिम को लेकर वोट की राजनीति करने वाले सबसे बड़े नेता तो यही हैं। ये दस वर्षों तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन इन्होंने अपने क्षेत्र राजगढ़ तक का विकास नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब देश में दस वर्षों से काबिज नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की भाजपा सरकार विकास के लगातार कार्य कर रही है। प्रत्येक वर्ग का बगैर किसी भेदभाव के उत्थान किया जा रहा है। इसी वजह से भाजपा की जनता में पैठ बन रही है। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि वर्ष 2003 के पहले तक राज्य को दुरावस्था में ले जाने के जिम्मेदार दिग्विजय सिंह ही हैं। लेकिन बाद में राज्य में भाजपा की सरकार ने इस प्रदेश का विकास किया। अब केंद्र की मोदी सरकार प्रदेश और देश दोनों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। इस लिहाज से यह चुनाव महत्वपूर्ण है।

देश के स्वाभिमान और रोजगार के साथ भविष्य की जरूरतों का भी रखा भाजपा ने ध्यान

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए जारी किए गए संकल्प पत्र के बिंदुओं की जानकारी देते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि इस संकल्प पत्र में देश के स्वाभिमान और रोजगार जैसी बातों के साथ ही देश की भविष्य की जरूरतों का भी ध्यान रखा गया है। डॉ यादव ने संकल्प पत्र के बिंदुओं के संबंध में संवाददाताओं से चर्चा की। इस दौरान उनके साथ पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा पत्र से जुड़ी परंपरा में बदलाव किया है। पहले ये घोषणा पत्र कहलाते थे, लेकिन अब पार्टी ने इसे संकल्प पत्र नाम दिया है, संकल्प मतलब, जिसे पूरा किया ही जाए। भाजपा के संकल्प पत्र में सबके जीवन में बदलाव का संकल्प है।

भाजपा का कार्यकर्ता बड़ी ताकत, सामूहिक शक्ति से होती रामराज्य की स्थापना

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्यकर्ता वो ताकत है, जिससे पार्टी ने कई रिकॉर्ड बनाए और सामूहिक शक्ति एकत्रित होने से ही रामराज्य की स्थापना होती है। डॉ यादव कल देर शाम राजधानी भोपाल में भोपाल उत्तर विधानसभा के पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी आलोक शर्मा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। यह उपलब्धि ऐसे ही हासिल नहीं की है। इसके पीछे पार्टी के कार्यकर्ताओं का संघर्ष है, भाजपा का कार्यकर्ता वह ताकत है, जिसके कारण पार्टी ने कई रिकार्ड बनाए और आगे भी बनाएगी। जब सामूहिक शक्तियां एकत्रित होती हैं तो रामराज्य की स्थापना होती है। कार्यकर्ताओं को रामायण एवं श्रीराम के जीवन से सीखना चाहिए कि किस तरह से भगवान श्रीराम ने अपनी सेना तैयार की और किस तरह उन्होंने रामराज्य की स्थापना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामायण सबने पढ़ी है और रामायण के कुछ घटनाक्रमों को याद करें तो देखेंगे कि रामजी का जीवन कितना उतार-चढ़ाव वाला रहा।

रामनवमी के मद्देनजर राममंदिर में वीआईपी दर्शन पर रोक

एजेंसी ◂ अयोध्या
www.dailypioneer.com

रामनवमी के मद्देनजर अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में रामलला के वीआईपी दर्शन पर रोक लगा दी गयी है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि रामनवमी अर्थात् जन्मोत्सव पर्व पर 17 अप्रैल को रामलला के दर्शन की अवधि में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार से 18 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी अर्थात रामलला के दर्शन के लिये चार दिनों तक वीआईपी दर्शन की कोई व्यवस्था नहीं रहेगी, जिन लोगों ने 15 से 18 अप्रैल के बीच वीआईपी पास बनवाये हैं उनके पास भी निरस्त मानें जायेंगी। उन्होंने बताया कि मंगल आरती के पश्चात ब्रह्म मुहूर्त में अति प्रातः 0330 बजे से अभिषेक, श्रृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। श्रृंगार आरती प्रात पांच बजे होगी। श्री रामलला का दर्शन एवं सभी पूजा विधि यथावत् साथ-साथ चलती रहेगी। भगवान को भोग लगाने के लिये समय-समय पर अल्पकाल को पर्दा रहेगा। श्रद्धालु पर्दा बंद रहने के समय धैर्य बनाकर रखें एवं श्रीराम नाम संकीर्तन तथा प्रभु का भजन करते रहें। रात्रि 11 बजे तक दर्शन का क्रम पूर्वतः चलता रहेगा। तत्पश्चात भोग एवं शयन आरती होगी। शयन आरती के बाद प्रसाद मंदिर निकास मार्ग पर मिलेगा। ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि रामलला दर्शन के समय दर्शनार्थी अपना मोबाइल, कपड़ा, जूता, चप्पल आदि जितना दूर सुरक्षित रखकर आयेंगे, दर्शन में उतनी ही अधिक सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि 16, 17,18 एवं 19 अप्रैल को सुगम दर्शन पास, वीआईपी दर्शन पास, मंगला आरती पास, श्रृंगार आरती पास एवं शयन आरती पास नहीं बनेंगे। अर्थात् किसी भी प्रकार के पास जारी नहीं किये जायेंगे। उपरोक्त दिनों में सभी सुविधायें निरस्त रहेंगी।

हिंदुत्व की आड़ में हो रहा है मुस्लिमों का उत्पीड़न : मायावती

एजेंसी ◂ मुरादाबाद
www.dailypioneer.com

बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने भारतीय जनता पार्टी का नाम लिये बगैर निशाना साधते हुये कहा कि पिछले कुछ वर्षों से हिंदुत्व की आड़ में मुस्लिमों का उत्पीड़न कर देश को धर्म व जाति के नाम पर बांटा जा रहा है। लाइनपार स्थित खचाखच भरे रामलीला मैदान में मायावती ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा की ग़लत नीतियों की वज़ह से देश में बेरोज़गारी की भयावहता किसी से छिपी नहीं है इसलिए पढ़े लिखे बेरोजगार युवा हताश-निराश हैं, आंदोलित किसान सड़कों पर उतरने को मज़बूर हैं। मध्य वर्ग परेशान है। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अन्य वर्गों को पिछले कुछ वर्षों से सरकारी नौकरियों में अधूरा पड़ा आरक्षण का कोटा पूरा नहीं हुआ है। देश की जनता का विश्वास इन सभी पार्टियों और गठबंधनों से उठ चुका है। उन्होने कहा कि बसपा अकेले चुनाव लड़ रही है,केंद्र में पार्टी की सरकार बनने पर उत्तर प्रदेश की तरह ठोस काम करके दिखाएंगे। सत्ता के लालच में जुड़े गठबंधन कभी भी जनता की भलाई के काम नहीं कर सकते, इसलिए लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस समेत सभी उनके सहयोगी गठबंधनों को सत्ता में आने से रोकना है। ख़ासतौर से भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने का समय आ गया है। मायावती ने कहा कि बसपा सर्वसमाज के अधिकारों की रक्षा करने के लिए अकेले चुनाव मैदान में डटी हुई है। जनता कांग्रेस और भाजपा की ग़लत नीतियों से आजिज आ चुकी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूंजीपतियों और धन्नासेठों की पार्टी है, जो कांग्रेस की तर्ज़ पर पूंजीपतियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ़ जुमले बाजी करते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग गांव गांव जाकर मुफ़्त अनाज़ देने की आड़ में गरीबों को गुमराह कर रहे हैं जबकि मुफ़्त अनाज़ आपके और हम सबसे वसूले जाने वाले टैक्स के पैसे से आता है। कांग्रेस और भाजपा पर पूंजीपतियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता को इनकी किसी भी गारंटी के बहकावे में नहीं आना है।

योल कैंट में चार गाड़ियां जलकर राख, कई लाख का नुकसान

एजेंसी ◂ धर्मशाला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के धर्मशाला से सटे योल कैंट स्थित नर्सिंग कॉलेज के नजदीक चार गाड़ियां जलकर राख हो गई। आग लगने से आसपास अफरा-तफरी मच गई। करीब सवा तीन बजे धर्मशाला से आई फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक चारों गाड़ियां पूरी तरह जल चुकी थी। आग की इस घटना में 30 लाख रुपये का नुकसान आंका गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अग्निकांड की चपेट में आई गाड़ियों में वैन व टैक्सी योल के आशीष चंदेल की बताई जा रही है। एक अन्य कार योल के विजय कुमार और चौथी कार चंडीगढ़ की टैक्सी थी। ये सभी जलकर राख हो चुकी हैं। चंडीगढ़ की जिस टैक्सी में ड्राइवर सोया हुआ था, जब उसे जब पता लगा कि उसकी कार में आग लग गई है तो वह अपनी जान बचाकर कार से बाहर आ गया। इसके बाद उसने पुलिस को इस घटना में सूचना दी। आग लगने के समय तेज हवाएं चलनी शुरू हो गई, जिसके चलते साथ खड़ी तीन गाड़ियां भी इस आग की चपेट में आ गई और पूरी तरह से जल कर राख हो गईं। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और चार से पांच अन्य गाड़ियों को जलने से बचाया। उधर, योल पुलिस चौकी ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

ऊना। हिमाचल प्रदेश में जिला ऊना जनपद के अरनियाला में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हादसा हुआ जब वंदे भारत ट्रेन नयी दिल्ली से ऊना आ रही थी। इसी दौरान अरनियाला पहुंचते ही युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। मृतक की पहचान अरूनिश अटवाल (25) पुत्र मंगल सिंह निवासी कोटलां खुर्द जिला ऊना के रूप में हुई है। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी ऊना पुरूषोत्तम सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बाद में परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

हमीरपुर में विवाहिता ने मासूम संग की आत्महत्या

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के मुस्करा क्षेत्र में पति से विवाद होने पर विवाहिता ने छह माह की मासूम बच्ची के साथ आग लगा ली जिससे दोनो की मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के पहाड़ी डेरा गांव निवासी उत्तम सिंह की पत्नी किरन(28) दो दिन पहले मायके से लौटकर पहाड़ी डेरा आयी थी। किसी बात को लेकर पति व पत्नी में विवाद हो गया। जब परिजन खेत चले गये, तभी किरन ने अपनी छह माह की बच्ची आराध्या को गोद में लेकर आग लगा ली जिससे दोनो बुरी तरह जल गये। परिजनों ने मां बेटी को सीएचसी मुस्कार में भर्ती कराया गया जहा डाक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुये मेडिकल कालेज उरई रिफर कर दिया, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। मृतका की मां सुखदेवी ने बताया कि आज ही आराध्या की मुंडन होना था मगर सुबह किसी बात को लेकर पति व पत्नी मे कहा सुनी हो गयी और किरन ने बच्ची समेत आग लगाकर आत्महत्या कर ली।

हिमाचल के दो लोकसभा उम्मीदवार जल्द घोषित होंगे : प्रतिभा

शिमला। कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा सीटों में से दो प्रत्याशी उतार दिए हैं, जबकि दो अन्य सीटों पर अभी प्रत्याशी तय नहीं हुए हैं। यह जानकारी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी शीघ्र दो सीट पर प्रत्याशी का चयन कर लेगी। हाईकमान के समक्ष सर्वे की रिपोर्ट भी रखी गई है। जल्द बेहतर और जिताऊ प्रत्याशी मैदान में उतार दिए जाएंगे। सिंह ने कहा कि मंडी से विक्रमादित्य सिंह को इस बार प्रत्याशी बनाया गया है। मंडी के लोगों का कांग्रेस को पहले भी आशीर्वाद मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वीरभद्र सिंह भी मंडी से सांसद रहें हैं अब विक्रमादित्य सिंह को भी मंडी की जनता का प्यार मिलेगा। वहीं भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को सिंह ने चुनावी करार देते हुए कहा कि इससे पहले भी दो चुनावों में भाजपा ने लोगों से रोजगार, महंगाई को लेकर कई वादे किए थे जो आज तक पूरे नहीं हुए। देश के लोग बुद्धिजीवी हैं और सब जानते हैं कि किसे वोट करना है।

हिमाचल के दो लोकसभा उम्मीदवार जल्द घोषित होंगे : प्रतिभा

शिमला। कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा सीटों में से दो प्रत्याशी उतार दिए हैं, जबकि दो अन्य सीटों पर अभी प्रत्याशी तय नहीं हुए हैं। यह जानकारी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी शीघ्र दो सीट पर प्रत्याशी का चयन कर लेगी। हाईकमान के समक्ष सर्वे की रिपोर्ट भी रखी गई है। जल्द बेहतर और जिताऊ प्रत्याशी मैदान में उतार दिए जाएंगे। सिंह ने कहा कि मंडी से विक्रमादित्य सिंह को इस बार प्रत्याशी बनाया गया है। मंडी के लोगों का कांग्रेस को पहले भी आशीर्वाद मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वीरभद्र सिंह भी मंडी से सांसद रहें हैं अब विक्रमादित्य सिंह को भी मंडी की जनता का प्यार मिलेगा। वहीं भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को सिंह ने चुनावी करार देते हुए कहा कि इससे पहले भी दो चुनावों में भाजपा ने लोगों से रोजगार, महंगाई को लेकर कई वादे किए थे जो आज तक पूरे नहीं हुए। देश के लोग बुद्धिजीवी हैं और सब जानते हैं कि किसे वोट करना है।

पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एम.के शर्मा शिरोमणि अकाली दल में शामिल

अमृतसर। पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट एम. के शर्मा पार्टी के अमृतसर से उम्मीदवार अनिल जोशी की मौजूदगी में अकाली दल में शामिल हो गये। जोशी ने पार्टी में उनका स्वागत करते हुये उनके पार्टी में शामिल होने से अमृतसर में पार्टी को बढ़ावा मिलेगा और उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान देने का आश्वासन दिया।

नेपाली मूल की महिला का शव पेड़ से लटका मिला

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के जुब्बल थाना क्षेत्र में सेब के बगीचे में नेपाल मूल की महिला का शव पेड़ से लटका बरामद हुआ है। मृतक की पहचान 22 वर्षीय मनीषा के तौर पर की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस को फिलहाल इस मामले से जुड़ा कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया है। साथ ही घटना के संदर्भ में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की ओर से दी गयी।

सिंधिया आज यादव की मौजूदगी में भरेंगे नामांकन पत्र

शिवपुरी। मध्यप्रदेश के गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में शिवपुरी जिला निर्वाचन कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। जिला भाजपा की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सिंधिया शिवपुरी जिला निर्वाचन कार्यालय में नामांकन पत्र जमा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री यहां एक आमसभा को भी संबोधित करेंगे।

संविधान की ओर आंख उठाने वालों की आंख निकाल लेंगे दलित, पिछड़ा, गरीब : लालू

वार्ता ◂ पटना
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर संविधान बदलने का आरोप लगाया और चेतावनी देते हुए कहा कि संविधान की तरफ आंख उठाकर भी देखा तो इस देश के दलित, पिछड़ा और गरीब मिलकर आंख निकाल लेंगे। यादव रिपीट यादव ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर लिखे पोस्ट में कहा, भाजपा के वरिष्ठ नेता लगातार संविधान बदलने और समाप्त करने का दावा कर रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री और इनके शीर्ष नेता इन पर कुछ कारवाई करने की बजाय उन्हें ईनाम स्वरूप चुनाव लड़वा रहे है। ये भाजपा वाले चाहते क्या हैं। इन्हें संविधान, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और ग़रीबों से समस्या क्या है। राजद अध्यक्ष ने कहा कि संविधान बदल ये इस देश से समता, स्वतंत्रता, बंधुता, सामाजिक न्याय और आरक्षण खत्म करना चाहते है। ये लोगों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और पूंजीपतियों का गुलाम बनाना चाहते है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि संविधान की तरफ़ आंख उठाकर भी देखा तो इस देश के दलित, पिछड़ा और गरीब लोग मिलकर इनकी आंख निकाल लेंगे। यादव ने कहा, बार-बार संविधान बदलने की बात कर ये क्या साबित करना चाहते हैं। हमारा संविधान बाबा साहब अंबेडकर ने लिखा है, किसी ऐरे-ग़ैरे बाबा ने नहीं। लोकतंत्र में यकीन रखने वाले इस देश के न्यायप्रिय, अमनपसंद और दलित-पिछड़े तुम्हें औक़ात में ला देंगे।

वडोदरा से गोरखपुर, मऊ के लिये स्पेशल ट्रेनें

एजेंसी ◂ वडोदरा
www.dailypioneer.com

पश्चिम रेलवे में गुजरात के वडोदरा से गोरखपुर और मऊ के लिये स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है। ट्रेन संख्या 09111/09112 वडोदरा-गोरखपुर स्पेशल (साप्ताहिक) (22 फेरे): ट्रेन संख्या 09111 वडोदरा-गोरखपुर स्पेशल प्रत्येक सोमवार को वडोदरा से 1900 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 2330 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 15 अप्रैल से 24 जून तक चलेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09112 गोरखपुर-वडोदरा स्पेशल प्रत्येक बुधवार को गोरखपुर से 0500 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 0835 बजे वडोदरा पहुंचेगी। यह ट्रेन 17 अप्रैल से 26 जून तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में गोधरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, आगरा किला, टूंडला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा और बस्ती स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09195/09196 वडोदरा-मऊ सुपरफास्ट स्पेशल (साप्ताहिक) 22 फेरे: ट्रेन संख्या 09195 वडोदरा-मऊ सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक शनिवार को वडोदरा से 1900 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 2045 बजे मऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन 20 अप्रैल से 29 जून तक चलेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09196 मऊ-वडोदरा सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक रविवार को मऊ से 2315 बजे प्रस्थान करेगी और मंगलवार को 0045 बजे वडोदरा पहुंचेगी। यह ट्रेन- 21 अप्रैल से 30 जून तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में गोधरा, दाहोद, रतलाम, कोटा, बयाना, आगरा किला, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर और वाराणसी स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच शामिल हैं।

पुरी में भगवान जगन्नाथ की कृपा से आज तक वंचित है भाजपा

एजेंसी ◂ पुरी
www.dailypioneer.com

आध्यात्मिकता और पर्यटन के लिए विश्व भर में मशहूर ओडिशा में पुरी के राजनीतिक इतिहास में एक दिलचस्प तथ्य है कि यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) यहां भगवान जगन्नाथ की कृपा से आज तक वंचित है और उसे लोकसभा के किसी भी चुनाव में जीत का आर्शीवाद नहीं मिला। वर्ष 1977 के लोकसभा चुनाव के दौरान पूरे देश में चली आपातकाल विरोधी लहर में सर्वाधिक स्थानों पर जनता पार्टी ने फ्तह हासिल की , लेकिन पुरी संसदीय क्षेत्र में परिणाम जनता दल के पक्ष में गया। ऐसा ही जबरदस्त माहौल 2004 के चुनाव में मोदी लहर के रूप में सामने आया और तब भी भाजपा जीत से महरुम रही और बीजू जनता दल(बीजद) के सर जीत का सेहरा बंधा। भगवान जगन्नाथ की नगरी के रूप मे विख्यात पुरी कांग्रेस का गढ़ रहा है, हालांकि पिछले 25 साल से यहां बीजद की बादशाहत है। गत तीन आम चुनावों में बीजद की जीत का परचम लहरा रहे पिनाकी मिश्रा यहां जीत की हैट्रिक जमा चुके हैं। नब्बे फीसदी हिन्दू बाहुल्य पुरी में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है और भाजपा ने सामुदायिक समीकरण और रणनीति के तहत इस बार भी अपने प्रवक्ता संबित पात्रा को पुरी की चुनावी रणभूमि में उतारा है। पार्टी प्रवक्ता के रूप में टीवी चैनलों में बहस और परिचर्चा के दौरान तर्क-वितर्क और कभी शिष्टता एवं मर्यादा से भी परे धाराप्रवाह बोलने की वजह से बहुत बार विवाद का बने पात्रा 2019 के आम चुनावों के दौरान पुरी में चुनाव यात्रा बनाम भोजन यात्रा के जरिए आकर्षण का केंद्र थे तथा चुनाव प्रचार के दौरान कभी किसी पिछड़े दलित के घर चले जाने और उनके यहां भोजन करने से भी गुरेज नहीं किया था। इसके बावजूद वह बीजद के पिनाकी मिश्रा के हाथों बुरी तरह पराजित हुए थे। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव मे पुरी सीट पर एक तरफ भाजपा ने अपने प्रवक्ता संबित पात्रा को दोहराया है वहीं बीजद ने अपनी चुनावी व्यूह और रणनीति में बदलाव करते हुए पूर्व आईपीएस अधिकारी अरूप पटनायक को अपना उम्मीदवार बनाया है। मूलतः ओडिशा के पुरी जिले के डेलांगा निवासी और 1979 बैच के अधिकारी रहे श्री पटनायक सेवानिवृत्ति के बाद बीजद में शामिल हो गये थे। पटनायक की उम्मीदवारी स्थानीय नेताओं के लिए कम विस्मयपूर्ण नही रही।

ब्लू स्टार ने लॉन्च की डीप फ्रीजर की नयी रेंज

एजेंसी ◂ अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

गुजरात के अहमदाबाद में ब्लू स्टार ने 60 से 600 लीटर तक के ऊर्जा-कुशल (एनर्जी एफिसिएंट) डीप फ्रीजर की नयी रेंज लॉन्च की है। ब्लू स्टार लिमिटेड के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा कि ब्लू स्टार लिमिटेड ने विभिन्न अनुप्रयोगों के लिये ग्राहक वर्गों की एक विस्तृत श्रृंखला को पूरा करने के लिए 60 से 600 लीटर तक की क्षमता वाले ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण-अनुकूल डीप फ्रीजर की एक व्यापक नयी श्रृंखला के लॉन्च की घोषणा की है। डीप फ्रीजर की नयी रेंज उच्च भंडारण, बढ़ी हुई कूलिंग क्षमता प्रदान करते हैं और बेहतर टेक्नोलॉजी से युक्त हैं, जो कुशल कूलिंग के लिये अधिक गर्मी हस्तांतरण सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ये सुपर उष्णकटिबंधीय हैं और 47 डिग्री सेल्सियस के तापमान में भी काम करने के लिये डिज़ाइन किये गये हैं। कुछ अन्य विशेषताओं में स्मार्ट आई और एलईडी लाइट के साथ चौकोर डिजाइन के साथ सुरुचिपूर्ण नियंत्रण पैनलों की विस्तृत श्रृंखला, क्वाड्राकूल तकनीक शामिल है जो चारों तरफ से एक समान और उच्चतम कूलिंग सुनिश्चित करती है और 160वी से 270वी तक एक विस्तृत ऑपरेटिंग वोल्टेज रेंज शामिल है। भंडारण क्षमताओं की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ, कंपनी डेयरी और आइसक्रीम, जमे हुए भोजन, रेस्तरां, सुविधा स्टोर, हॉस्पिटालिटी और सुपरमार्केट से लेकर अन्य अनुप्रयोगों के लिये व्यापक ग्राहक वर्ग को पूरा करने की स्थिति में है। त्यागराजन ने कहा कि संपूर्ण डीप फ्रीज़र रेंज अब पूरी तरह से वाडा में ब्लू स्टार की आधुनिक विनिर्माण सुविधा में निर्मित की जाती है, जो 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द ग्लोब' पहल के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। दो साल पहले, वाडा में इस नये संयंत्र को 300 से 600 लीटर तक डीप फ्रीजर बनाने के लिये चालू किया गया था, और चालू वित्तीय वर्ष में, 60 लीटर से शुरू होने वाली पूरी रेंज के निर्माण के लिये अतिरिक्त पूंजीगत खर्च का निवेश किया गया था। यह सुविधा नवीनतम आटोमैटिक टेक्नोलॉजी से सुसज्जित है और इसे डीप फ्रीजर के लिये बीआईएस प्रमाणीकरण भी प्राप्त हुआ है। नये संयंत्र में तीन लाख डीप फ्रीज़र और एक लाख वॉटर कूलर की स्थापित उत्पादन क्षमता है। वाडा के अलावा, अहमदाबाद प्लांट डीप फ्रीजर के निर्माण के लिए समर्पित है। त्यागराजन ने कहा कि डीप फ्रीजर के अलावा कंपनी की देश में बढ़ते अवसरों का लाभ उठाने के लिये अपने वाणिज्यिक रेफ्रिजरेशन व्यवसाय को बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना है।

कोनगुड़ में शुरू होने के पहले ही गिरा पानी टंकी का सीढ़ी और प्लेटफॉर्म

लोगों को पानी देने वाले टंकी को ही नहीं मिल पाया पानी

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

आदिवासी बहुल इलाकों में ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत मिलता नजर नही आ रहा है, ग्रामीणों को घर तक शुद्ध पेयजल मिल सके जिसके लिए प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन योजना संचालित है, जिसके अन्तर्गत सभी ग्राम पंचायतो में पाइप लाइन का विस्तार कर पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल सके। लेकिन कोण्डागांव जिले के फरसगांव ब्लाक के सुदूर ग्राम कोनगुड़ के हरिजन पारा में जल जीवन मिशन के तहत निमार्णाधीन पानी टंकी शुरू होने से पहले ही टंकी का सीढ़ी और प्लेटफॉर्म गुणवत्ताहीन कार्य के चलते धराशाही हो गया है। देखने वाली बात यही है कि, निर्माण कार्य शुरू हुए कई दिन हो चुके हैं बावजूद इसके सम्बंधित अधिकारियों के द्वारा मौके पर जायजा नही लेने के कारण ठेकेदारों के हौसले बुलंद हो गए हैं और मनमानी तरीके से ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ता हीन कार्य करवाया जा रहा है। जिसके कारण नाराज ग्रामीण अब प्रशासन से शिकायत करने की तैयारी में है। निमार्णाधीन कार्य को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में नाराजगी है। वही अगर गुणवत्ता के साथ कार्य किया जाता तो सालों से पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को निजाद मिल पाता।

कोंडागांव जिले में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण कार्य में गुणवत्ता को दर किनार कर किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से ठेकेदारी प्रथा से सभी ग्राम पंचायतों में नल जल का पाइप लाइन एवं पानी टंकी निर्माण कार्य किया जा रहा है। सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा समय-समय पर निरीक्षण नही करने के चलते ठेकेदारों के द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्रियों का उपयोग किया जा रहा है जिसमे पानी टंकी के प्लेटफार्म, सीढ़ी एवं ढलाई के कार्य में घटिया स्तर का सरिया डाल कर ढलाई का कार्य सही अनुपात में सीमेंट रेत कांक्रीट

मसाला नहीं डाल कर टंकी निर्माण कार्य ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। वही निर्माणाधीन टंकी में क्युरिंग भी नही किया जा रहा है।



फिर होना पड़ेगा पानी की लिए परेसान : ग्रामीणों

निमार्णाधीन पानी टंकी का सीढ़ी गिरने को लेकर ग्राम कोनगुड़ हरिजन पारा के ग्रामीणों ने कहा बुधवार की रात अचानक ज़ोर से आवाज आई तो हमें बाहर निकल कर देखा की पानी टंकी का सीढ़ी गिर गया था, कहि न कहि पानी टंकी का काम सही नही हुआ है, पानी टंकी में क्युरिंग भी नही किया गया है। जिसके चलते टंकी का सीढ़ी गिर गया है। वहीं महिलाओं ने बताया कि गांव में पानी की बड़ी समस्या है, ग्रामीणों को नदी या हैंड पम्पों से पानी लाना पड़ता है, पानी टंकी निर्माण को लगभग एक साल होने वाला है वही पानी टंकी बनने से गांव में खुशी थी, पानी टंकी के शुरू होने के पहले ही घटिया काम से टंकी का सीढ़ी टूट गया है अब और फिर समय लगेगा। पानी टंकी के नहीं बनते तक फिर पानी की समस्या वैसी ही हो बनी रहेंगी और कष्ट झेलना पड़ेगा।

मैं जानकारी नहीं दे पाऊंगा : एसडीओ

इस सम्बन्ध में जब पीएचई विभाग के एसडीओ किशोर कोहले से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि पानी टंकी का सीढ़ी टूटने के सम्बन्ध में मैं कुछ नही बता पाऊंगा, आप मेरे उच्च अधिकारी से बात कीजिये। वही उनके उच्च अधिकारी का फोन नंबर भी मांगा गया तो उन्होंने फोन नम्बर देने से इनकार कर दिया। वही विभाग के कार्यपालन अभियंता एच आर नेताम के फोन नम्बर 9425253333 पर फोन लगाया गया लेकिन उन्होंने फोन उठाना उचित नही समझा।

भाजपा मंडल कापसी में क्षेत्रीय विधायक ने चाय पर चर्चा किया

पायनियर संवाददाता ◄ पखांजूर
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय विधायक विक्रम देव उसेण्डी द्वारा परलकोट क्षेत्र के विभिन्न गांव में लोकसभा चुनाव के देखते हुए दौरे पर है आज कापसी मंडल अंतर्गत कापसी बाजार में चाय पे चर्चा के दौरान कांकेर लोकसभा के भाजपा के अधिकृत प्रत्यसी बैगा, पुजारी भोजराज नाग को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक मतो से जिताने के संबंध में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी के साथ चाय पे चर्चा किया घर घर जाकर किस प्रकार मतदाता एवं किसान युवा से प्रचार प्रसार करने की रणनीति बनाई, इस कार्यक्रम में कापसी भजपा मंडल अध्यक्ष दीपंकर दत्ता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान चाहे कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी हो सभी पार्टी के आम जनता के बीच जाकर मोदी गेरेन्टी व छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की मत्तकांशी योजना के संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा के कमल फूल पर वोट देने की बात कही,आगे भी कहा अब की बार 400 पर जयजय श्री राम,अंत मे क्षेत्रीय विधायक विक्रम देव उसेंडी ने भी चुनाव प्रचार का मंत्र दिया,इस कार्यक्रम में जिला कार्यकरणी समिति सदस्य अमर ब्रह्मचारी, जिला पंचायत सदस्य अंजली अधिकारी, मंडल महामंत्री सुहास राय, मंडल महामंत्री अजय बछर, मंडल उपाध्यक्ष तुषार सरदार, उपाध्यक्ष गौतम पाल उपाध्यक्ष बाबला मोइत्रा स्वरुप चक्रबर्ती, मंत्री आरूप सरकार, युवामोर्चा अध्यक्ष अमित दास महिला मोर्चा अध्यक्ष नामित बिस्वास, किसान मोर्चा अध्यक्ष अनुकूल मंडल, महिला मोर्च महामंत्री फूलवती मंडावी, स्मिर्ति राय, प्रभाती राय, मनमथ मंडल, सुतेन नामदेव आदि भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ किरन्दुल में चैती छठ व्रत समाप्त

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल में उत्तरप्रदेश बिहार सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिषद द्वारा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ चैती छठ पर्व मनाया गया।15 अप्रैल सोमवार को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पारण के उपरांत चार दिवसीय चैती छठ व्रत समपन्न हुआ।बता दें इस दिन मिट्टी के चूल्हे पर या ईंट के चूल्हे पर छठी मैया का प्रसाद तैयार किया जाता है।छठी मइया के प्रसाद में विशेषकर ठेकुआ तैयार किया जाता है।इसके साथ ही मौसमी फल का दउरा तैयार किया जाता है।

नगर पालिका में लाखों रुपए का घोटाला, बिना टेंडर के लाखों रुपए का गबन

- मद परिवर्तन कर चार पार्ट में किए आदित्य कंस्ट्रक्शन को भुगतान

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए सरकार भले ही कोशिश कर रही है। लेकिन कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से नियमों को दरकिनार कर नगर पालिका परिषद् कोंडागांव सीएमओ द्वारा बिना टेंडर निकाले लाखों के कार्य बिना स्वीकृति के शासकीय राशि का दुरुपयोग कर प्रशासन को चूना लगाया गया है। निर्माण कार्य की एक एजेंसी को निकाय निधि से चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष कार्यालय की साज सज्जा के नाम से लगभग

10 लाख की राशि आहरित कर ली गई है। जानकारी अनुसार नगर पालिका परिषद कोंडागांव के तत्कालीन सीएमओ भूपेंद्र वाडेकर ने अपने ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए बिना टेंडर निकाले 9 लाख 91 हजार रुपए की राशि मद परिवर्तन कर अधोसंरचना मद से आदित्य कंस्ट्रक्शन को भुगतान कर दिया गया हैं।

बिना शासन की अनुमति और बिना परिषद की स्वीकृति के करवाया काम : वर्षा यादव

नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव ने जानकारी देते हुए बताया हैं कि, नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यालय की साज सज्जा हेतु शासन की अनुमति नहीं ली गई और परिषद बैठक से भी अनुमति नहीं ली गई है। अगर इस कार्य को निकाय मत से करना होता तो परिषद से अनुमति लेना होता है और शासन के मद से करना होता तो शासन से अनुमति लेने की आवश्यकता होती है। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। नगर पालिका अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों को करने के लिए अधोसंरचना मद का प्रस्ताव रखना पड़ता है। अगर वह प्रस्ताव शासन स्वीकृत कर देती है अनुमति देता है तब उस पर कार्य किया जाता है। लेकिन ऐसा नहीं किया गया, बिना प्रस्ताव रखे बिना किसी अनुमति के यह कार्य को किया गया। अधोसंरचना मद का मतलब भी यही है कि, राज्य शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजना है और वहां से अनुमति मिलेगी तो टेंडर लगाना रहता है तब जाके यह कार्य होता है, अधोसंरचना मत से यह कार्य किया जा रहा है तो शासन से स्वीकृतियां अनुमति लेना ही पड़ता है। और किसी एक व्यक्ति विशेष को ही बार बार कोटेशन दिया जा रहा है तो सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र करते हुए किसी व्यक्ति विशेष को लाभ देने के चक्कर में पूरी नियम की धज्जियां उड़ाई गई है।

फाइल देखकर जांच करके ही कुछ बोल पाऊंगा : सीएमओ

वर्तमान मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र पात्रे ने कहा हैं कि, मीडिया के माध्यम से मुझे जानकारी प्राप्त हुई है। चूंकि में अभी अभी ट्रांसफर होकर आया हूं और इस विषय में मुझे ज्यादा जानकारी नहीं हैं, फाइल देखकर जांच नियमानुसार जांच की जाएगी।

चार पार्ट में किया भुगतान

तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने संबंधित ठेकेदार आदित्य कंस्ट्रक्शन को 30 अक्टूबर 2023 को दो बिल काटे गए जिसमें 2 लाख 28 हजार 393 रुपए व 1 लाख 89 हजार 705 रुपए। तीसरा और चौथा बिल 3 नवंबर 2023 को 2 लाख 87 हजार 280 रुपए व 2 लाख 85 हजार 912 रुपए भुगतान किया गया।

चैत्र नवरात्र के सप्तमी तिथि को की गई माता कालरात्रि की पूजा

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल में इन दिनों नवरात्रि पर्व की धूम है।नगर के आस्था का प्रमुख केंद्र श्री राघव मन्दिर में चैत्र शुक्ल सप्तमी तिथि सोमवार को मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि की आराधना की गई। प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल द्वारा जानकारी दी गई कि माता का सातवां स्वरूप कालरात्रि के नाम से जानी जाती है।मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है, लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। उनके साक्षात्कार से मिलने वाले पुण्य का वह भागी हो जाता है। दानव, दैत्य, राक्षस, भूत, प्रेत आदि इनके स्मरण मात्र से ही भयभीत होकर भाग जाते हैं। ये ग्रह-बाधाओं को भी दूर करने वाली हैं। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में होता है। मां के इस स्वरूप को अपने ह्रदय में अवस्थित कर साधक को एकनिष्ठ भाव से उनकी अराधना करनी चाहिए।

आदिवासी छात्र युवा संगठन ने जगह-जगह ग्रामवासियों के साथ मिलकर डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

पायनियर संवाददाता ◄ पखांजूर
www.dailypioneer.com

आदिवासी छात्र युवा संगठन ने पखांजुर, मरोड़ा, ताड़बेली, बड़गाँव में ग्रामीणों के साथ मिलकर भारतीय संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर जी कि छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर 133 वी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदिवासी छात्र युवा संगठन के अध्यक्ष राजेश नुरूटी ने कहा कि देश मे कानून, न्याय, समानता, स्वतंत्रता बाबा साहब का ही देन है उन्होंने कहा था मेरे नाम के जय जय कार करने के बजाय मेरे विचारों को लोगों तक पहुंचाओ । आगे कहा कि हमे मानसिक गुलामी को दूर कर अपना विकास करना है, और चाहे कुछ भी हो अपने बच्चे को अच्छे शिक्षा दो ,संगठित रहो एवं अपने जिम्मेदारी को निभाने की बात कही। आदिवासी छात्र युवा संगठन के उपाध्यक्ष सोमा नुरूटी ने अम्बेडकर जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो अपना इतिहास नही जानता वह इतिहास नही बना सकता, शिक्षित बनो, संगठित रहो संघर्ष करो, तथा अन्याय के खिलाफ लड़ना होगा वही छात्र संघ के महामंत्री गीता दुग्गा विनोद कुमेटी, जीत नाग, पिंकी कुमेटी काजल पोया, अजय कुमेटी ने युवाओं से अपील किया कि हमे मौजूदा हालातो को बदलना होगा, जो लोग हमारे शोषण करेगा उनके खिलाफ लड़ना होगा ,हमारे पास अम्बेडकर का संविधान है इसमें हमारा अधिकार है आगे कहा युवाओं में बढ़ती नशा खोरी से युवाओं को दूर रहने की बात कही। इस कार्यक्रम में निम्न लोग उपस्थित थे- आदिवासी छात्र युवा संगठन अध्यक्ष राजेश नुरूटी, उपाध्यक्ष सोमा नुरूटी, महामंत्री गीता दुग्गा,विनोद कुमेटी,सचिव पिंकी कुमेटी, कोषाध्यक्ष जीत नाग,मीडिया प्रभारी, काजल पोया, अजय कुमेटी, पूजा जुर्री, नड़गू उइके, पूर्व अध्यक्ष गज्जू पददा, मांगडू पददा, निखलेश नाग, रामुनाथ मंडावी देवा कोडोपी गजनाथ उसेंडी जीत नाग लक्ष्मण वाल्दे दीपक वाल्दे सुरेश नाग महेश नाग अलिता नाग भगतसिंह टेमरे संजीत आमड़े उर्मिला टेमर अजीता वाल्दे नर्मदा वाल्दे पच्चोबाई नाग,कन्ना राम वड्डेताड़वेली सरपंच, भूमिया संतराम पोया, आदि उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने बस्तर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान दलों के अंतिम चरण के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने मतदान दलों के अधिकारियों को बताई मतदान की बारीकियां

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन के प्रथम चरण में बस्तर संसदीय क्षेत्र के कोण्डागांव विधानसभा एवं नारायणपुर विधानसभा (आंशिक) हेतु निर्वाचन में मतदान हेतु बनाये गए मतदान दलों के अंतिम दौर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत शामिल हुए। कलेक्टर ने स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पहुंच मतदान दलों से चर्चा करते हुए मतदान दिवस पर ध्यान में रखी जाने वाली छोटी छोटी बारीकियों पर उनका ध्यान केंद्रित करते हुए तथा पहले मतदान प्रारंभ होने से लेकर मतदान समाप्त होने तक

सतर्कता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान दलों को मतदान सामग्री को प्राप्त करने पश्चात् सभी सामग्री की जांच करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या पाये जाने पर सेक्टर अधिकारी को सूचित कर तुरन्त समाधान प्राप्त करने को कहा। उन्होंने मतदान के दिन किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अपनायी जाने वाले मानक कार्यविधि के बारे में जानकारी दी। मतदान के पूर्व मशीनों को आरम्भिक अवस्था में होना सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर द्वारा मतदान दलों के अधिकारियों से विभिन्न मतदान से संबंधित सवालों के द्वारा उनकी तैयारियों का जायजा लेते हुए अन्य आवश्यक जानकारियां दी गई और सभी को इस लोकतंत्र के उत्सव की जिम्मेदारी के निर्वहन हेतु शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। उन्होंने पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान करने वाले अधिकारियों को समय पर मतदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अजय उरांव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

स्वयंसेवकों ने फरसगांव बाजार में नुक्कड़ नाटक रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

कोंरडागांव। जिले में मतदाताओं को आगामी संसदीय निर्वाचन 2024 के लिए लगातार मतदान के लिए जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत सोमवार को फरसगांव के साप्ताहिक बाजार में लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने हेतु युवोदय कोंडानार चौंप्स स्वयंसेवकों द्वारा जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत युवोदय कोंडानार चौंप्स स्वयंसेवकों द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों पर दीवारों लेखन द्वारा मतदान प्रोत्साहन हेतु नारे एवं स्लोगन साथ नुक्कड़ नाटक, रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8(1)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एंव प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट 2002 के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल-एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया गया था, इसके द्वारा उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति से सौदा न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन आईआईएफएल एचएफएल के प्रभार वास्ते और भविष्य के ब्याज के अधीन होगा, जैसा कि उल्लिखित है।
उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तारीख से पहले किसी भी समय सभी लागत प्रभारों और खर्चों के साथ "आईआईएफएल एचएफएल" की बकाया राशि को स्वीकार करता है, सुरक्षित परिसंपत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा या स्थानांतरित नहीं किया जाएगा और सुरक्षित परिसंपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

कर्जदार(रों)/ का नाम रायपुर शाखा	सुरक्षित आस्तियों का विवरण (अचल सम्पत्ति)	कुल बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जा की तिथि
श्री प्रशांत कुमार श्रीमती गुंजन सिंह (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10093349	सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. एलआईजी-76 और एलआईजी-77, रालास रॉयल पार्क, ख नं.15001/1 का भाग, परसदा पी एच नं. 04, आरएनएम भिलाई-03, वार्ड नं. 16, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत, 491111 में स्थित, क्षेत्रफल (वर्ग फीट में): सम्पत्ती के प्रकारः भूमि_क्षेत्र, विक्रय योग्य_क्षेत्र, सुपर_निर्मित_क्षेत्र, संपत्ति क्षेत्रफल 1162.00, 1162.00, 950.00	रु. 21,84,615.00 (रु. इक्कीस लाख चौरासी हजार छह सौ पद्रंह मात्र)	24-Jan 2024	10-Apr-24

अधिक जानकारी के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : पहली मंजिल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी के सामने, रायपुर, सीजी 492001 या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं. 98, पीएच-IV उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में संपर्क करें।

स्थान : दुर्ग, तिथि : 16.04.2024 **हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी,** आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

जनता के सीधेपन का लाभ उठा रहे नेता जनता का खुला आरोप, रेल में फेल हुए नेता

लगातार यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी व रद्द होने से जनता हलाकान

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

2024 का लोकसभा चुनाव सर पर है व उम्मीदवार जनता के जनप्रतिनिधि बनने को व्याकुल भी है परंतु जनता आज के राजनीतिक परिवेश मे अपना जनप्रतिनिधि का जनादेश देने मे संशय की स्थिति मे दिख रहा है। क्योंकि राजनीतिक राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवार व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोप तक सीमित है। गौरतलब है कि देश के प्रायः राजनीतिक पार्टियां व उम्मीदवार व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोप करने से नही चुक रहे है इन सबके बीच जनता मूलभूत सुविधाओं के लिये जो जद्दोजहद कर रहे है उनकी सोर खबर लेने के लिये इन राजनीतिक पार्टियों व उम्मीदवारों को कोई लेना देना नही है अपितु ये जनता के जनप्रतिनिधि बनने को अवश्य आतुर दिख रहे है परन्तु जमीनी स्तर पर जनता के समस्याओं को समझने व समाधान की तुलना मे एक दूसरों को नीचे दिखाकर राजनीतिक कद बडा करने मे ही ज्यादा व्यस्त देखे जा रहे है जो की लोकतंत्र राजनीति का यह स्तर चिंतन मनन का विषय बनता जा रहा है।

शादी व नवरात्र के सीजन में कई यात्री ट्रेने रद्द

गौरतलब है की हाल ही मे सिलयारी मे रेल्वे से जुडे साईडिंग के कार्य के चलते आये नवरात्रि व शादी के सीजन मे कई यात्री ट्रेनों को रद्द कर दि गई है जिसके कारण आम लोगों को भरे गर्मी के सीजन मे अनेक परेशानियां भी उठानी भी पड रही है लोग मजबूरी मे अधिक दर चुकाकर बसों मे ठूस ठूस कर जाने को मजबूर हुये कई लोग समय मे निर्धारित समय मे गंतव्य स्थान तक पहुचने से चुके आदि अनेक विसंगतियों के चलते आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड रहा है परंतु 2024 के लोकसभा मे उम्मीदवार जनता के जनप्रतिनिधि बनने को आतुर जरूर है परंतु यथास्थल मे उनके समस्या से रूबरू होकर उनके दर्द को बाटने मे इच्छा शक्रि को बाटने की कमी अवश्य देखा जा रहा है 5 सालों के लिये जिस जनता का जनप्रतिनिधि बनने के जो लोग ख्वाब संजोये हुये है ऐसे कई मुद्दे है जो जनता के जज्बातों से दूर होने के चलते वह दूर खिसक जाते है।

लम्बे समय से यात्री ट्रेनों के रद्द व लेटलतीफी से जनता हलाकान : गौरतलब है कि किसी भी देश के राज्य, जिला शहर व गांव को जोडने का कार्य रेलमार्ग ही करता है और यही साधन व्यपार, शिक्षा, समाज, रोजी मजदूरी करने वाले गरीब मध्यम वर्ग का मूल साधन होता है परंतु कुछ लम्बे समय से कई यात्रियों ट्रेनों के लगातार लेटलतीफी व रद्द किये जाने से आम जनता को आर्थिक मानसिक व अपने मूल्यवान समय का भारी क्षति उठाना पड रहा है व हजारों लोगों की रोजी रोटी भी प्रभावित हो रही है।

यात्री गडियों के तुलना मे मालगाड़ी को अधिक तरजीह : गौरतलब है बिलास से दुर्ग तक 24 घंटे मे लगभग 90 से अधिक यात्री गाडी गुजरती है वही कोरबा से दुर्ग तक लगभग 120 अधिक मालगाड़ियों गुजरती है परंतु इन सबके बीच यात्रियों के द्वारा कहा जाता रहा है कि रेल्वे प्रशासन के द्वारा सबसे अधिक महत्व मालवाहक गडियों को दिया जाता है जिसमे विकास कार्य मरम्मत सुधार के साथ साथ यात्री गडियों के लेटलतीफी व रद्द होने का एक कारण यह भी माना जा सकता है।

10 महिनों से बंद पड़ा दोपहर का रायपुर कोरबा लोकल

गौरतलब है रायपुर से 1.00 बजे छूटने वाली रायपुर कोरबा लोकल पिछले 10 महिनों से बंद पडी है। जिसमें भारी मे रोजी रोजगार वर्ग से जुडे आम गरीब मध्यम वर्ग अच्छी संख्या मे सफर किया करते थे। परंतु आम रेल यात्रियों के भारी मांगों के बाद भी रेल्वे प्रशासन द्वारा रुट खाली नही होने के हवाला देकर इस लोकल गाड़ी का परिचालन बंद रखा गया है जिसकी शोर खबर आज तक किसी भी जनप्रतिनिधियों ने नही लिया है, परंतु वह लोकसभा चुनाव मे जनता के जनप्रतिनिधि बनने को आतुर अवश्य दिख रहे है।

अनेक एक्सप्रेस गाड़ियों में स्लीपर कोच घटी, एसी बढ़ी

गौरतलब है की लम्बी दूरी की यात्रा के लिये सुगम सस्ता व सुरक्षित मार्ग के रुप मे आम जनता स्लीपर कोच मे ही सबसे अधिक सफर करते है परंतु पिछले कुछ सालों से रेल्वे प्रशासन द्वारा एक्सप्रेस ट्रेनों मे स्लीपर कोच की संख्या मे भारी कमी कर एसी कोचों की संख्या को बढा दिया गया जिसके कारण आम मध्यम वर्गीय रेल यात्रियों को स्लीपर कोचों मे सीट नही मिलने से अनेक परेशानियों का सामना करते हुये खचाखच भरी भीड के साथ सफर करने को मजबूर होना पड रहा है वही पिछले 5 सालों मे भाटापारा जैसे उद्योग नगरी शहर मे एक भी एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज दिला पाने मे जवाबदार जनप्रतिनिधि असमर्थ रहे परंतु जनता के तकलीफ परेशानियों व जज्बातों को समझने वाले जनप्रतिनिधि इन सबसे अछुते है व चुनाव मे व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोप के साथ जनता के जनप्रतिनिधि बनने के दिशा मे अवश्य प्रगतिशील है।

अछोटा जोन में कांग्रेस की जोन स्तरीय बैठक कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने के संकल्प के साथ संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में धमतरी विधानसभा के अंतर्गत अछोटा जोन की बैठक आदिवासी भवन मथुराडीह में संपन्न हुई। अछोटा जोन के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के प्रभारी सेक्टर अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष बड़ी संख्या में शामिल हुए वहाँ पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जन प्रतिनिधियों ने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 साल से झूठे वादे कर जनता को छला व लूटा जा रहा है। इसके बारे में आम जनता को जाकर बताना है की कैसे वर्तमान समय में मंहगाई व बेरोजगारी से जनता की कमर टूट चुकी है व राष्ट्र वाद तथा धर्म की आड़ में राष्ट्र को बांटा जा रहा है। वर्तमान में कांग्रेस द्वारा जो 5 न्याय की गारंटी दी गई है जिसमे महालक्ष्मी नारी-न्याय योजना जिसमे प्रत्येक गरीब महिला को साल में 1 लाख रुपये सीधे उसके खाते में दिये जायेंगे तथा किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ किया जावेगा। युवाओ को रोजगार दिया जाएगा, रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी दर 400 रुपया किया जावेगा, इन सब बातो को जन जन तक पहुँचाना है क्योंकि वर्तमान समय में जनता महंगाई बेरोजगारी से त्रस्त हो चुकी है, सामान्य जनमानस को किसी भी प्रकार का लाभ या राहत वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा नहीं दिया जा रहा है बल्कि मीडिया एवं समाचार के माध्यम से झूठा प्रचार प्रसार कर वाहवाही लूटी जा रही है। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया की कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को बहुमत से जिताना है तथा केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनाने का वादा व्यक्र किया है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहाना, दुग्ध महासंघ के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू, अछोटा जोन की प्रभारी कविता योगेश बाबर, ताम्रध्वज साहू के भ्राता पूरन लाल साहू, घनश्याम साहू, योगेश बाबर, भोलाराम देवांगन, अशोक देवांगन, जनपद सदस्य सरिता यादव, मोहित देवांगन, बीरबल ध्रुव, अर्जुन साहू, केशव साहू, हरिराम विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच गण बूथ अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

पूर्व विधायक होरा ने डूबान क्षेत्र के तीनों सेक्टर में बैठक लेकर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं धमतरी के पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अपने प्रभार डूबान क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अकलाडोंगरी सेक्टर, मोंगरागहन सेंक्टर, तथा अरौद सेक्टर में बैठक लेकर कार्यकर्ताओ में उत्साह का संचार किया। उन्होने लोकसभा चुनाव हेतु कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में शामिल जनकल्याणकारी योजनाओ से कार्यकर्ताओ को अवगत कराते हुए कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को विजयी बनाने हेतु आवश्यक रणनीतियों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ से विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ में जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, कांग्रेस नेता गोपाल शर्मा, पूर्व पीसीसी सदस्य वसीम कुरैशी, ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू, विक्रांत शर्मा, युवराज शर्मा, राहुल बख्तानी, आदि नेताओ ने कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पक्ष में अधिक से अधिक वोंट करने की अपील की। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष, तानाजी राव, सेक्टर अध्यक्ष छन्नू मरकाम, संतोष्र ध्रुव, भारत साहू, अनिता ठाकुर, बशी नेताम, नसीर खान, हरीश यादव, मोतीराम यादव, शिव कोर्राम, तिलक निशाद दिलीप ठाकुर, हेमलता तारम, सुरेश ध्रुव, सालिक ध्रुव, मोतीराम कोसरे, कृष्णा सलाम, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गांजा के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार, 11 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

आगामी लोक सभा 2024 चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब, गांजा एवं संदिग्ध व्यक्रियो की चेकिंग कर वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में थाना सिहावा पुलिस व सायबर सेल धमतरी द्वारा 14 अप्रेल 2024 को रात्रि में ग्राम सांकरा फारेस्ट नाका चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग दौरान मेचका की ओर से आ रहे एक काला रंग के पल्सर वाहन कमांक सीजी 05 एएन 2307 जिसमे तीन व्यक्ति सवार थे। उन्हे रोकने कर विधिवत् तलाशी पर आरोपीगण अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखा मिला। जिसके कब्जे से 11 किलो 200 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 224000 रूपये, दो नग एन्ड्राईड मोबाईल कीमती 11000 रूपये एवं मोटर सायकल पल्सर सीजी 05 एएन 2307 कीमती 70000. रूपये नगदी 1500 रूपये जुमला किमती 306500 रूपये बरामद कर जप्त किया गया। आरोपियों का कृत्य धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत पाये जाने से थाना सिहावा में अप. क्र. 62/24 धारा. 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। पकडे गये आरोपियो में दिलीप कुमार ध्रुव पिता दिनेश कुमार ध्रुव उम्र 38 वर्ष साकिन मूलगाँव थाना मगरलोड जिला धमतरी, विघ्नेश्वर साहू उर्फ बिट्टु साहू पिता दुर्योधन साहू उम्र 19 वर्ष साकिन गांधी चौक सांकरा थाना सिहावा जिला धमतरी, दुर्योधन साहू पिता स्व समारू राम साहू उम्र 54 साकिन गांधी चौक सांकरा थाना सिहावा जिला धमतरी। इनके पास से जप्त माल मादक पदार्थ गांजा रखे मिला जिसके कब्जे से 11 किलो 200 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 224000 रूपयेए , दो नग एन्ड्राईड मोबाईल कीमती 11000 रूपये, मोटर सायकल पल्सर सी.जी. 05 एएन 2307 कीमती 70000 रूपये, नगदी 1500 रूपये जुमला किमती 306500 किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सन्नी दुबे, सायबर प्रभारी, उप निरीक्षक उमाकांत तिवारी थाना प्रभारी सिहावा, सउनि दुलाल नाथ, आरक्षक चण्डीकेशर चौहान, टिकेशर साहू, सौरभ साहू, राजेन्द्र चिण्डा, रितेश कश्यप, थाना सिहावा एवं सायबर से वीरेंद्र सोनकर, योगेश ध्रुव, आनंद कटकवार का विशेष योगदान रहा।

कोलता समाज सम्मेलन में शामिल हुए विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी

पायनियर संवाददाता ➤ बसना
www.dailypioneer.com

कोलता समाज सम्मेलन में विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल, लोकसभा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी एवं कोलता समाज के प्रमुख पदाधिकारियों सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम श्री रणेश्वर रामचण्डी माता जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल एवं लोकसभा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी ने लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के कमल फूल छाप पर मतदान करने की अपील करते मोदी सरकार के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को बताये और कहा कि लगातार भाजपा परिवार में लोग अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो रहे हैं। इससे ये साबित होता है कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। भाजपा में छोटे से छोटे और बड़े से बड़े कार्यकर्ता को एक समान सम्मान प्राप्त होता है, हर एक कार्यकर्ता भाजपा परिवार का प्रमुख सदस्य होता है, सम्मेलन में शामिल सभी लोगों ने एक स्वर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अबकी बार 400 पार को पूरा करने के साथ छत्तीसगढ़ के सभी 11 सीटों पर कमल खिलाकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, विधानसभा संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल, समाज महामंत्री मथामणी बढ़ाई, संभागीय सदस्य लक्ष्मण प्रधान, आंचलिक उपाध्यक्ष अमित साहू, सभापतिगण त्रिलोचन भोई, नवीन साहू, रसिक प्रधान, विनोद बारीक, हजारु प्रधान, परमानंद प्रधान, अशोक साहू, खेमराज साहू, संजय भोई, गोविंद प्रधान, मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, विश्वनाथ प्रधान, पूर्व सभापति थबीर साहू, पूर्व आंचलिक महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बसंती प्रधान, उपसभापति केतब बारिक, आंचलिक सचिव लक्ष्मीनारायण भोई, नरोत्तम साहू, गोकुलानंद प्रधान, रमेश भोई संजय प्रधान सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

राजेंद्र सोनी बनाये गये लोकसभा कांकेर चुनाव संचालन समिति के सदस्य

नगरी/धमतरी। लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस पार्टी ने तैयारी तेज कर दी हैं चुंकि धमतरी जिला में दो लोकसभा आता हैं जिसमे धमतरी और कुरुद महासमुंद लोकसभा में व सिहावा कांकेर लोकसभा के अन्तर्गत आता हैं जिला कांग्रेस कमिटी धमतरी ने तीनों विधानसभा में लोकसभा चुनाव के लिए पुर्व में ही लोकसभा चुनाव संचालन समिति विधासभावॉर गठित किया गया हैं। सिहावा विधानसभा में पूर्व में ही एक संयोजक और 21 सदस्य सहित कुल 22 लोगो का संचालन समिति बनाया था अभी जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी ने फिर से संशोधित लोकसभा चुनाव संचालन समिति सिहावा विधानसभा का गठन किया हैं जिसमें पुर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति नगरी, पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमिटी नगरी राजेंद्र सोनी को सदस्य बनाया गया हैं।

भक्त गुहा निषाद जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि

पायनियर संवाददाता ➤ बसना
www.dailypioneer.com

ग्राम सांई सरायपाली में निषाद समाज द्वारा आयोजित गुहा निषाद जी जयंती कार्यक्रम में बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के प्रतिनिधि रामचन्द्र अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते भक्त गुहा निषाद जी जयंती की बधाई दी। मुख्य अतिथि रामचन्द्र अग्रवाल ने उपस्थित समाज के लोग व ग्रामीण जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज के पुर्वज भक्त गुहा निषाद जी ने भगवान राम को वनवास के समय नदी पार कराया था जो भगवान राम मनुष्य को भवसागर से पार कराने वाले हैं हम ऐसे भक्त गुहा निषाद जी के समाज से जुड़े हैं आप को इस पर गर्व होना चाहिए। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष हरप्रसाद पटेल, महामंत्री इंदल बरिहा, जिला कार्यसमिति सदस्य जगदीश प्रधान, मण्डल उपाध्यक्ष रमेश प्रधान, मंत्री धनुष लहरें, मंत्री मालावती पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिलोचन नायक, विधायक कार्यालय पिरदा प्रभारी विमला बेहरा, व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक भगवान अग्रवाल, स्वच्छता प्रकोष्ठ संयोजक सुरेश नायक जी सहित क्षेत्रवासी मौजूद थे।

विभिन्न अनुवीक्षण इकाइयों का किया निरीक्षण

व्यय प्रेक्षक ने अधिकारियों की बैठक लेकर सतर्कता से कार्य करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चाम्पा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक पवन कुमार (भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा) रविवार को बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन के लिए बनाए गए लेखा सहित विभिन्न टीमों के प्रभारियों की बैठक लेकर सतर्कता व पारदर्शी ढ़ंग से कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक पवन कुमार ने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीम के प्रभारी व सदस्य आयोग की मंशा अनुरूप निर्धारित प्रारूप व रजिस्टर बनाएं तथा निर्धारित समय सीमा में ही सभी रिपोर्ट प्रेषित की जाए। सभी चेक पोस्ट पर बैनर लगी हो। पंजी में वाहनों की जांच तिथि व समय दर्ज हो। उन्होंने सी विजिल एप्प में प्राप्त होने वाले शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान ने व्यय प्रेक्षकों को अवगत कराते हुए कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीम सक्रिय हैं। मतदान केंद्रों पर आयोग की मंशा अनुरूप एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज भी उपलब्ध कराई गई है। बैठक के बाद व्यय प्रेक्षक कुमार ने जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थित विभिन्न अनुवीक्षण इकाइयों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कंट्रोल रूम, व्यय अनुवीक्षण सेल, एफएसटी, वीएसटी, एमसीएमसी का निरीक्षण कर तैनात कर्मचारियों से ड्यूटी संबधित जानकारी ली। उन्होंने ड्यटी से सम्बंधित दायित्वों की पूरी जानकारी रखने कहा। इस दौरान अपर कलेक्टर दिसी गोते, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर. आर. दुबे, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कसडोल भूपेन्द्र अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

केंद्रीय विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के बचाव के उद्देश्य से पुस्तकोपहार कार्यक्रम 2024 का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में संगठन की पहल एवं प्राचार्य संजय कंसल के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के बचाव के उद्देश्य से पुस्तकोपहार कार्यक्रम 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत अभी तक कुल 954 पुस्तकें 192 विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के बच्चों को दान में दी जा चुकी हैं, विद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा यह कार्यक्रम लगातार पूरे वर्ष ही चलता रहता है जिसमें पाठ्य पुस्तको के साथ साथ कहानी, उपन्यास एवं अन्य पुस्तकें भी दान में दी जाती है के वि के पुस्तकोपहार कार्यक्रम से न केवल के वि के बच्चे बल्कि राज्य सरकार के विद्यालय के बच्चे भी लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना के तहत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला खरोरा को कंप्यूटर एवं पुस्तक उपहार में प्रदान किया गया इस अवसर पर लोकेश सिंह, वंदिनी मेम नीलमाधव, उमेश भारती गोवामी सीता राम पटेल सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे। संजय कंसल प्राचार्य के वि महासमुंद ने इस कार्यक्रम की प्रसंशा करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किए।

युवोदय दुर्ग के दूत युवाओं ने करगड़ीह में बच्चों के बीच सृजनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने किया आयोजन

''उपशीर्षक' छोटे बच्चों में कला और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन और युवोदय नोडल अजय शर्मा, जिला समन्वयक शशांक शर्मा के निर्देशन में युवोदय दुर्ग दूत ने एक दिलचस्प पहल की। युवोदय दुर्ग के दूत से वालंटियर्स ने ग्राम करगड़ीह में बच्चों के लिए एक रोमांचक सत्र आयोजित किया, जिसमें खासतौर पर चित्रकला और हस्तशिल्प जैसी रचनात्मक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित था। इस सार्वजनिकता का उद्देश्य न केवल बच्चों की कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित करना था बल्कि उन्हें पुनर्चक्रण और सृजनात्मकता के मूल्यों को समझाना था। सत्र के दौरान, बच्चे उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, अपनी कलात्मक क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए और सीखने के लिए उत्सुकता दिखाई। उन्होंने पुनर्चक्रण के सामग्री का उपयोग करके शानदार कार्यकलाओं और हस्तशिल्पों को बनाया, जिससे उनका पुनर्चक्रण और सामग्री को पुनर्चक्रण करने की जरूरत को समझने की गहरी समझ प्रकट हुई। युवोदय के एक वालंटियर ने बच्चों के उत्साह और सृजनात्मकता पर खुशी व्यक्त की, कहा, ''हमें खुशी है कि ये बच्चे कला और पुनर्चक्रण दोनों को कैसे ग्रहण करते हैं। उनकी नवाचारी विचारधारा और समर्पण ने हमें सहमति दिलाई है।''बच्चे, विभिन्न आयु समूहों में अलग-अलग गतिविधियों में सक्रिय रहे, अपनी अद्वितीय कलाओं और कल्पनाओं का प्रदर्शन करते हुए। माता-पिता और समुदाय के सदस्य भी पहल की सराहना करते हुए, बच्चों के विकास और पर्यावरण सचेतना में सकारात्मक प्रभाव को पहचानते हैं। इस तरह की पहलों के माध्यम से, युवोदय स्वयं सेवको द्वारा निरंतर समुदायों को सशक्त करते हैं और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हैं, सभी के लिए एक उज्जवल और अधिक सामर्थ्यवान भविष्य बनाते हैं। कुछ सप्ताह पहले करगाडीह गांव युवोदय कार्यक्रम से लाभांवित हुआ, कुछ छात्रों ने इसमें रुचि दिखाई और स्वयंसेवक के रूप में इसमें शामिल हुए। स्वयंसेवकों ने गांव के सामने आने वाले सभी सामाजिक मुद्दों के लिए सत्र आयोजित करने के बारे में सोचा, उन्होंने अपना पहला कदम उठाया, बहुत ही अनुग्रह और उत्साह के साथ अपने गांव की बेहतरी के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया, वे बच्चों के साथ शुरुआत करना चाहते थे क्योंकि वे गांव का भविष्य हैं। करगाडीह गांव के सरपंच घनश्याम गजपाल से अनुमति और सहायता लेकर उन्होंने बच्चों को पाठ्येतर गतिविधियां सिखाना शुरू किया, स्वयंसेवक हिमानी और तुमेश्वरी चंदेल ने 3-5 वर्ष की आयु के बच्चों को विभिन्न प्रकार की चित्रकारी के बारे में सिखाया, स्वयंसेवक साक्षी बांधे और आरती यादव ने 5-10 वर्ष की आयु के बच्चों को अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग करके शिल्प के बारे में सिखाया, स्वयंसेवक भूमिका और चंचल ने 10-15 वर्ष और उससे अधिक आयु के बच्चों को शिल्प के बारे में सिखाया, 50 से अधिक बच्चे उस सत्र में शामिल हुए जिनमें ज्यादातर 5-12 वर्ष की आयु के थे और हर बच्चे ने गतिविधियां करने में रुचि दिखाई। स्वयंसेवकों ने उनके साथ बातचीत की और प्रतिक्रिया के रूप में बच्चों ने उनसे हर हफ्ते नई चीजें सीखने के लिए आने का वादा किया और स्वयंसेवकों से शिल्प के लिए जो भी चीजें आवश्यक थीं।

निस्तारी तालाब की जगह अब मवेशियो के लिए डाबरी

पानी टंकी के नीचे बनेगा स्टोर रूम

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

निस्तारी तालाब को सहेजने और उसे दुषित होने से बचाने रिसाली निगम प्रयास कर रहा है। वार्ड 29 लक्ष्मी नगर के डबरी से मिट्टी निकाल सवारा जा रहा है। इसका उपयोग केवल मवेशियों के लिए किया जाएगा। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर शीतला तालाब के बगल वर्षो पुराने डबरी को सवारा जा रहा है। मिट्टी निकलने का कार्य पूर्ण हो चुका है। सोमवार को आयुक्त ने स्थल निरीक्षण कर डबरी से जलीय पौध को निकालने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि अगर डबरी की सफाई हो गई तो डेयरी संचालक अपने मवेशी को यही धोने का काम करेंगे। तालाब निस्तारी के लिए सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि निस्तारी तालाब में मवेशी धुलाई करने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी।

इसलिए पानी सूखता नहीं

कल्याणी शीतला मंदिर तालाब के बगल बने डबरी पुरानी है। शीतला तालाब का आउटलेट इसी डाबरी में है। तालाब का ओवर फ्लो पानी इसी में आता है। वहीं तालाब भरने सिंचाई विभाग द्वारा छोड़े गए पानी का कुछ हिस्सा भी डबरी तक पहुंचता है। सफाई के अभाव में डबरी पूरी तरह दलदल नुमा बन गया था।

टंकी के नीचे बनेगा स्टोर रूम

आयुक्त मार्निंग विजिट के तहत वार्ड 29, 13 व 14 भ्रमण की। उन्होंने टंकी मरोदा में बने ओवर हेड टैंक का निरीक्षण की। आयुक्त ने डुंडेरा, पुरैना, नेवई और टंकी मरोदा टैंक के नीचे स्टोर रूम बनाने के निर्देश दिए, ताकि जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपना सामान रख सके।

विदेश में नौकरी पाने के झांसे में युवक ने गंवाये लाखों रूपये

पुलिस की अपीलः नौकरी के फर्जी प्रस्तावों के झांसे में ना आवें

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रूपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला छाल थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कल छाल थाना में संदीप कुमार तिग्गा पिता लाल साय तिग्गा 36 साल निवासी ग्राम पुरूंगा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि कुंदन कुमार नाम के व्यक्ति ने कनाडियन एयर लाईन में फूड पैकिंग का जॉब दिलाने के नाम पर 3 लाख 70 हजार रूपये की धोखाधड़ी कर ली। संदीप तिग्गा ने यह भी बताया कि उसके दोस्त के जरिये कुन्दन कुमार नाम के व्यक्ति से बात हुई जिससे संदीप दिल्ली में मिला। कुंदन कुमार ने विदेश में जाब दिलाने का आश्वासन देकर अपना आधार कार्ड, विजिटिंग कार्ड दिया और कनाडियन एयर लाईन में फूड पैकिंग कनाडा में जॉब देने की बात कहकर प्रोसेस के नाम पर पहले 25 हजार रूपये लिया। थोडे दिन बाद एक लेटर दिया और टिकट बुकिंग के लिए 1 लाख 50 हजार रूपये लिया और बोला कि टिकट बुक कर भेज देगा। 10-15 दिन बाद कुंदन टिकट कैन्सल कर बोला कि टिकट एक्सचेंज है जब वीजा स्टंपिंग होगा उसी समय बाद टिकट कम्पनी द्वारा मिल जायेगी फिर उसने वीजा के नाम पर 1,95,000 रूपये लिये। कुंदन के अनुसार 26 फरवरी को वीजा स्टपिंग मुम्बई में होना है और 28 फरवरी का प्लेन टिकट मुम्बई से टोरोंटो के लिए था पर 22 फरवरी को कुंदन कॉल कर अचानक एलएमआईए फंस जाने की बात कहकर कनाडा जाने की बात कहने लगा। तब संदीप ने सबूत के नाम पर टिकट एवं वीजा भेजने के लिए कुंदन को बोला तो उसने मोबाईल चोरी हो जाने और उसी में सब टिकट होने की बात बोला। संदीप को आभास हुआ कि कुंदन उसके साथ धोखाधडी कर रहा है। उसने साईबर क्राईम पोर्टल में आनलाईन शिकायत दर्ज कराया जिससे कुंदन का बैंक अकाउट फ्रीज हो गया। कुंदन अब संदीप को दबाव बना रहा है कि शिकायत वापस ले ले। संदीप तिग्गा के लिखित आवेदन पर थाना छाल में आरोपी पर धारा 420 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

मतदान जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए 'सेंचुरी वोटिंग' क्रिकेट मैच का किया आयोजन

सेन्चुरी वोटिंग वन डे क्रिकेट मैच में कलेक्टर 11 ने नागरिक 11 से अंतिम ओवर में छीनी जीत

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन दुर्ग ने नागरिकों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए 'सेंचुरी वोटिंग' मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया। यह मैच पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम में खेला गया। इस एक-दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का मकसद दुर्ग की जनता को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करना था, विशेष रूप से आगामी लोकसभा निर्वाचन में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान करने की अपील की गई। मैच कलेक्टर एकादश और नागरिक एकादश टीमों के बीच खेला गया, जिसमें उत्साही भागीदारी देखने को मिली। शहर एकादश ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, 15 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कलेक्टर 11 ने एक बॉल शेष रहते 1 विकेट से इस उत्साहजनक प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की। इस मैच की सबसे रोचक बात यह थी कि इस मैच में कुल तीन अर्धशतक और एक हैट्रिक भी लगी। आईजी दुर्ग आर जी गर्ग ने इस मैच में हरफनमौला प्रदर्शन दिखाया। बल्ले से छक्के, चौके जड़ते हुए उन्होंने 51 रनों की पारी खेली और तीन ओवर की किफायती गेंदबाजी कर एक विकेट भी झटका। नागरिक एकादश की ओर से इस मैच में डॉक्टर अनीश और डॉक्टर नितिन वैद्य ने अर्धशतक जमाए। नागरिक एकादश की ओर से यूनिसेफ जिला समन्वयक शशांक शर्मा ने आईजी गर्ग सहित चार कैच लपके। आखिरी ओवर तक खेले गए इस मैच में आखिरी पांच बॉल बेहद रोचक रहे। जिला प्रशासन के तीन विकेट भी गिरे और पांचवीं गेंद पर उत्तम ध्रुव ने दौड़कर एक रन पूरा किया और टीम को जीत दिलाई। यह पहल प्रशासन के लोकसभा चुनाव के आगामी चरण के दौरान समुदाय को मतदान जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल करने का हिस्सा है। खेल को नागरिक कर्तव्य के साथ मिलाकर, जिला प्रशासन का लक्ष्य मतदान प्रक्रिया में अधिक भागीदारी को प्रेरित करना और हर वोट की महत्वता को साक्षात्कार कराना है। इस मैच में कलेक्टर 11 की ओर से संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी दुर्ग आर जी गर्ग, एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे, सीईओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, कमिश्नर दुर्ग नगर निगम लोकेश चंद्राकर, एसडीएम पाटन दीपक मुकुंद, डिप्टी कलेक्टर हरिवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर लवकेश ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर महेश राजपूत, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव आदि अधिकारी गण शामिल हुए एवं नागरिक एकादश की ओर से राजेंद्र ठाकुर की अगुवाई में जिले के नागरिकों ने शिरकत की।

चुनाव ड्यूटी में लगे होम गार्ड के जवानों व ड्राइवर्स को भरवाए गए डाक मतपत्र के फॉर्म

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए 7 मई को वोट डाले जाएंगे। इस दौरान चुनाव ड्यूटी में रहने वाले सुरक्षा कर्मियों तथा अन्य व्यक्तियों अपने वोट देने के अधिकार से वंचित न हो इसके लिए डाक मत पत्र के माध्यम से वोट डालने की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जाती है। रायगढ़ जिले में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के डाक मतपत्र भरवाने का अभियान चल रहा है। जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। इसी क्रम में नगर सैनिकों को डाक मतपत्र के आवेदन भरवाए गए। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पोस्टल बैलेट शाखा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा ने बताया कि सेनानी होम गार्ड कार्यालय में इसके लिए विशेष कैंप लगाया गया था। जहां जिला सेनानी बी कुजूर भी उपस्थित रहे। इस मौके पर 120 नगर सैनिकों के फॉर्म भरवाए गए हैं। इसी क्रम में गत दिवस चुनाव कर्मियों को मतदान ड्यूटी में लाने ले जाने में संलग्न बस के ड्राइवर और क्लीनर्स को डाक मत पत्र के माध्यम से वोट डालने के बारे में जानकारी दी गई। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित कैंप में 120 ड्राइवर और क्लीनर को डाक मत पत्र के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उनके फॉर्म भरवाए गए। जिससे मतदान दिवस पर ड्यूटी में होने के कारण वे वोट देने के अपने अधिकार से वंचित न हों।

पति ने पीट-पीटकर पत्नी को उतारा मौत के घाट, खाना नहीं बनाने की बात पर हुआ था विवाद, घटना कापू थाना क्षेत्र का

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में खाना नही बनाने की बात को लेकर डंडे से पीट-पीटकर पति ने अपनी ही पत्नी की हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कापू थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कल सुबह थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को ग्राम बताती में महिला की उसके ही पति द्वारा मारपीट कर हत्या की सूचना मिली। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना से अवगत कराते हुए तत्काल मौके के लिये रवाना हुए। जहां मृतिका लक्ष्मी बाई मझवार उम्र 26 वर्ष साल का शव उसके घर पर पड़ा मिला। घटना के संबंध में मृतिका देवर जयलाल मझवार ने बताया कि 12 अप्रैल की सुबह लक्ष्मी मझवार और उसका पति जयपाल बैगा अपने खेत में महुआ बीनने गये थे। जहां से लक्ष्मी वापस घर आकर सो गयी। शाम करीब 04 बजे जयपाल बैगा खेत से घर आया तो देखा लक्ष्मी खाट पर सोई हुई थी। जयपाल बैगा उसकी पत्नी को खाना नहीं बनाने की बात कह कर झगड़ा मारपीट कर घर में रखे टंगिया के बेट (डण्डा) तरफसे लक्ष्मी बाई को मारपीट किया जिससे आयी गंभीर चोट पर लक्ष्मी बाई मझवार की मृत्यु हो गई। रिपोर्टकर्ता जयलाल मझवार की रिपोर्ट पर मर्ग पुलिस ने मर्ग कायम कर शव तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर थाना प्रभारी द्वारा आवश्यक साक्ष्य जप्त किये और शव को पोस्ट मार्टम के लिये रवाना किया गया। घटना के संबंध में थाना कापू में अपराध धारा 302 आईपीसी का अपराध आरोपित जयपाल बैगा पिता स्व. कार्तिक राम बैगा उम्र 30 साल साकिन बताती थाना कापू पर पंजीबद्ध कर तत्काल आरोपी को हिरासत में लिया गया जिसे आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

निर्वाचन व्यय प्रेक्षक ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए दुर्ग जिले के लिए नियुक्त निर्वाचन व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी पत्तनसेट्टी (आईआरएस) ने विगत 12 अप्रैल 2024 को जिला कार्यालय दुर्ग के सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण नोडल/सहायक नोडल एवं आबकारी, आयकर विभाग तथा राज्य कर विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला (आईपीएस), अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अरविन्द कुमार एक्का (आईएएस), अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण महेश सिंह राजपूत, आयकर अधिकारी मती रंजनी कुमार, सहायक आयुक्त राज्य कर जीएसटी जितेश कुमार, जिला नोडल अधिकारी, लोकसभा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण 2024 संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन दुर्ग दिवाकर सिंह राठौर एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रेक्षक पत्तनसेठी ने सभी अधिकारियों का परिचय प्राप्त कर व्यय अनुवीक्षण समिति, आबकारी, आयकर तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अंतर्गत समस्त सहायक व्यय प्रेक्षकों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनरूप तत्परता से कार्य करने। सहायक व्यय प्रेक्षकों को लॉजिस्टिक सपोर्ट (वाहन व्यवस्था) उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। दुर्ग जिले में विधानसभा क्षेत्र 64 दुर्ग शहर, 66 वैशाली नगर एवं 67 अहिवारा को व्यय संवेदनशील विधानसभा क्षेत्रों में विशेष रूप से निगरानी रखे जाने हेतु निर्देशित किया। हेडक्वार्टर सहायक व्यय प्रेक्षक को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के सभी 09 विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षकों से समन्वय कर प्रतिदिन एकजाई जानकारी निर्धारित प्रारूप बी-14 में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। नोडल ऑफिसर ऑफ लीड बैंक से प्रतिदिन ट्रांजिक्शन के संबंध में दैनिक रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराने कहा। जीएसटी की टीम को जीएसटी एक्ट के तहत अपने क्षेत्रों में कार्य करने हेतु निर्देशित किया ।

13 शैक्षणिक संस्थान के 151 स्कूल बसों की जांच की गई, जिसमें 11 बसो में खामी पाई गई

परिवहन विभाग और यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा सयुंक्त रूप से की गई जाँच

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन एवं एस.एल. लकड़ा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सतीष ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में स्कूली छात्र छात्राओं के सुरक्षित परिवहन को ध्यान में रखते हुए रविवार 14 अप्रैल को यातायात पुलिस दुर्ग एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस ग्राउण्ड सेक्टर 06 भिलाई में स्कूल बस का सप्राईज जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 13 स्कूलों के छात्र-छात्राओं में परिवहन करने वाले 151 बसों का जांच किया गया है। वाहन की जांच शिविर का उददेश्य छात्र छात्राओं का सुरक्षित परिवहन से है। जांच शिविर के दौरान सर्व प्रथम वाहनों का रजिस्ट्रेशन किया गया तत्पश्चात परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों के दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन का रजिस्ट्रेशन, परमिट, फिटनेश, बीमा, पीयूसी, रोड टैक्स, वाहन चालक का लायसेंस चेक किया गया। इसके बाद वाहनों का मैकनिकल फिटनेश जांच किया गया। जिसके अंतर्गत हेड लाईट, ब्रेक लाईट, पार्किंग लाईट, इन्डिकेटर लाईट, बैक लाईट, मीटर, स्टेरिंग की स्थिति, टायर की स्थिति, क्लच, ऐक्सीलेटर, सीट की स्थिति, हॉर्न की स्थिति, वॉयपर एवं वाहन में आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगा है कि नहीं चेक किया गया। चेंकिग के क्रम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप जैसे वाहन में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गर्वनर, प्रेशर हार्न, आपातकालीन खिड़की, स्कूल का नाम, टेलीफोन नंबर, चालक का मोबाईल नंबर, फर्स्ट ऐड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र, स्कूल बस के आगे पीछे स्कूल बस लिखा है कि नहीं चेक किया गया। जांच के दौरान परिवहन विभाग द्वारा बिना स्पीड गर्वनर 03, बिना अग्नि शमन 05, बिना वायपर 01, बिना इंडीकेटर 01, बिना कैमरा 01 कुल 11 स्कूली बसों पर चालान करते हुए 8500 रूपये शमन शुल्क वसूल किया गया। चेकिंग के दौरान पायी गयी खामियों को पूर्ण कर पुनः चेक कराने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात विष्णु ठाकुर, परिवहन निरीक्षक के द्वारा वाहन चालकों को यातायात संकेत, यातायात सिग्नल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए वाहन चालन के दौरान लापरवाही न करने, कंडक्टर के द्वारा दरवाजे पर खड़ा ना रहने, स्कूल बच्चे को सुरक्षित उतारने चढ़ाने एवं किसी भी प्रकार की नशीली पदार्थ का सेवन ना करने हेतु समझाइश दी गयी। उक्त वाहन परीक्षण के दौरान विष्णु ठाकुर, अरूणा साहू, परिवहन निरीक्षक, शशिकांत बंजोर, उप निरीक्षक परिवहन, ज़मील चौहान, हितेश राव, महेन्द्र, कमलेष चंदेल, लोकेश पाटिल, सतेन्द्र सोनी परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस विभाग से के.बी. नागे निरीक्षक यातायात जोन सिविक सेन्टर, सुशील पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक, आरक्षक तिलक साहू, अनुपम शुक्ला, राकेश साहू, घनाराम निषाद यातायात द्वारा माननीय सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जारी की गई गाईड लाईन के अनुसार बसों को चेक किया गया।

ढाबों में खुलेआम बिक रहे शराब

- आबकारी विभाग की भूमिका पर उठ रहे सवाल, पुलिस के जिम्मे कार्रवाई को ढाल बनाकर विभाग कुंभकर्णी निद्रा में

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्र के महिलाएं हर दो-चार दिन में कोई न कोई गांव से थाने आकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अब चाहती है कि उनके क्षेत्र से पूरी तरह शराब बनाना बेचना एवं पीना बंध हो जाए ताकि किसी की घर बरबाद न हो सके। अवैध शराब पर कार्यवाही करने के लिए शासन द्वारा आबकारी विभाग संचालित है लेकिन धरमजयगढ़ क्षेत्र में यहा विभाग पूरी तरह निष्कृय साबित हो रही है जिसका नतीजा है कि गांव की महिलाओं को शराब पर प्रतिबंध लगाने के लिए पुलिस का साथ लेना पड़ रहा है। जबकि आबकारी विभाग को अवैध शराब पर कार्यवाही करनी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं कर रहे हैं जिसके कारण धरमजयगढ़ क्षेत्र के ढाबों में खुलआम शराब परोसी जा रही है। बताया जाता है कि धरमजयगढ़ के रायगढ़ रोड पर एक ऐसा ढाबा है जिस पर आबकारी विभाग कार्यवाही नहीं करते हैं उल्टा आबकारी विभाग खुली छूट दे रखा शराब बेचने की धरमजयगढ़ क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध शराब पर आबकारी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने के कारण बिलासपुर आबकारी टीम को धरमजयगढ़ के उसी ढाबा में जिस ढाबा को धरमजयगढ़ आबकारी टीम द्वारा खुली छुट दे रखा गया था उस पर कार्यवाही करते हुए ढाबा संचालक को जेल भेज दिया था।

संपादकीय

भारत-चीन संबंध सकारात्मक संकेत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार के माध्यम से दिए शांति संकेतों पर चीन ने सकारात्मक प्रतिक्रिया करते हुए कहा है कि इससे द्विपक्षीय संबंधों में स्थायित्व आएगा। अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में विभिन्न देशों के बीच संबंध बनाने में अक्सर राजनयिक बयानबाजी, रणनीतिक दृष्टिकोण तथा कभी-कभी तनाव घटाने वाले बयानों का विशेष महत्व होता है। हाल ही में दुनिया के दो सर्वाधिक जनसंख्या वाले देशों-भारत और चीन ने यही किया। सीमा की स्थिति पर की गई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी पर चीन की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया आई। 'न्यूज़वीक' पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमा पर वर्तमान स्थिति को तुरंत संबोधित करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने आशा प्रकट की कि रचनात्मक संवाद के माध्यम से शांति और सद्भाव बहाल किया जा सकता है। इसकी प्रतिक्रिया में चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने 'गहरे और स्थाई' संबंधों के महत्व पर जोर देते हुए क्षेत्रीय शांति एवं विकास में परस्पर हितों को रेखांकित किया। इस प्रतिक्रिया से सीमा पर तनाव के बावजूद भारत के साथ रचनात्मक संबंध बनाए रखने की चीन की प्रतिबद्धता प्रकट होती है। माओ निंग के बयान में सीमा मुद्दे को व्यापक द्विपक्षीय संबंधों के ढांचे में रखा गया है। सीमा समस्या का महत्व रेखांकित करते हुए सुश्री निंग ने जोर दिया कि यह समग्र रूप से भारत-चीन संबंधों पर भारी नहीं पड़ना चाहिए। यह दृष्टिकोण चीन द्वारा द्विपक्षीय संबंधों के प्रबंधन के प्रति लक्षित है जिसमें मतभेदों से बाहर निकलने के लिए संवाद, सहयोग तथा रणनीतिक सोच को महत्व दिया गया है।

इन बयानों की पृष्ठभूमि में मई, 2020 में पैगोंग सो के निकट हिंसक झड़प के बाद सीमा पर व्याप्त गतिरोध है। डीजीपी सम्मेलन में साझा किए एक शोधपत्र से खुलासा हुआ है कि 65 निगरानी बिंदुओं में से 26 तक पहुंच विवादास्पद है। इसके साथ ही लगभग 1,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर परस्पर विरोधी दावे हैं। लेकिन इन आंकड़ों को आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया गया है। जून, 2020 में भारत और चीन ने गलवान घाटी के निगरानी बिंदु 14 से अपने सैनिक हटा लिए थे। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से पैगांग सो के उत्तरी और दक्षिणी किनारों से फरवरी, 2021 तथा इसी साल अगस्त में गोगरा चौकी के निकट निगरानी बिंदु 17ए से तनाव घटाने के प्रयास हुए। लेकिन कार्पस कमांडरों की अनेक बैठकों के बावजूद कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विवाद अब भी बना हुआ है। भारत ने कुछ क्षेत्रों जैसे डेपसांग व देमचोक से तनाव समाप्त करने पर जोर दिया है। इससे एक समग्र समाधान की दिशा में आ रही चुनौतियां स्पष्ट हैं। भारत और चीन के बीच अच्छे संबंध न केवल दोनों के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि इसका सीमावर्ती क्षेत्रों तथा सारी दुनिया पर प्रभाव पड़ता है। आर्थिक महाशक्ति और नाभिकीय शक्ति संपन्न देशों के रूप में वे अपने मतभेद दूर कर स्थाई संबंध विकसित करने में सक्षम हैं जो क्षेत्रीय शांति तथा स्थायित्व के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत और चीन के बीच संबंध सामान्य बनाने का रास्ता संभवतः निरंतर संवाद, विश्वास बहाली उपायों तथा व्यावहारिक समझौतों से निकल सकता है। हालांकि, इस मार्ग में अनेक बाधायें हैं, पर दोनों देशों के साझा हित एक ऐसा आधार बनाते हैं जिस पर स्थाई व रचनात्मक संबंधों की नीव डाली जा सकती है। भारत इसके साथ ही अपनी रक्षा तैयारियां व सीमा पर ढांचागत संरचना मजबूत करने पर भी जोर दे रहा है।

अंबेडकर : न्याय व समानता के अग्रदूत

भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने सभी नागरिकों के लिए मूलाधिकारों तथा संरक्षणों का आधार तैयार किया था।

बंडारू दत्तात्रेय
(लेखक, हरियाणा के राज्यपाल हैं)

भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर ने सभी नागरिकों के लिए मूलाधिकारों तथा संरक्षणों का आधार तैयार किया था। भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर का जन्त 14 अप्रैल, 1891 को हुआ था। उनको हमेशा एक न्यायोचित व समावेशी भारत निर्माण में योगदान के लिए याद किया जाएगा। वे सामाजिक न्याय के संरक्षक अग्रदूत तथा समावेशन, न्याय व समानता के मसीहा थे। प्रख्यात न्यायविद, अर्थशास्त्री तथा समाज सुधारक के रूप में डा. अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन जाति-आधारित भेदभाव को समाप्त करने तथा हमारे देश के हाशियाकृत वर्गों की प्रगति के लिए समर्पित कर दिया। भारतीय संविधान के निर्माता के रूप में उन्होंने देश के सभी नागरिकों के लिए मूलाधिकारों तथा संरक्षणों को सुनिश्चित किया था। आज भी डा. अंबेडकर की विरासत दुनिया भर में करोड़ों लोगों को प्रेरणा देती है। वे दुनिया भर में गरिमा और समानता के लिए संघर्ष करने वाले वंचित समुदायों के लिए आशा की किरण बने हुए हैं। हम उनके जीवन तथा सामाजिक न्याय के उनके दृष्टिकोण से बहुत कुछ सीख कर स्वयं को अनुप्राणित कर सकते हैं।

बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रतिपादित सामाजिक न्याय के सिद्धान्तों का आधार समानता, स्वतंत्रता तथा बंधुत्व के सिद्धान्त हैं। बाबा साहेब ने अपने आसपास के जीवन से भारतीय समाज में गहराई तक व्याप्त असमानताओं की पहचान की और उनको समाप्त करने का भरसक प्रयास किया। उन्होंने खासकर भारतीय समाज में सैकड़ों सालों से व्याप्त 'जाति व्यवस्था' का गंभीर विश्लेषण किया जो करोड़ों लोगों के प्रति भेदभाव और उत्पीड़न का कारण बनी हुई थी। जाति व्यवस्था ने कृत्रिम रूप से कुछ लोगों को जन्म से ही श्रेष्ठ व सक्षम तथा बहुत से अन्य लोगों को अक्षम व निचली श्रेणी का घोषित कर दिया था। जाति व्यवस्था के कारण पैदा ऊंचनीच ने भारतीय समाज को अत्यधिक प्रभावित किया बा। इसने करोड़ों लोगों को भेदभाव और उत्पीड़न का शिकार बनाया था।

डा. अंबेडकर ने 'अश्पृश्यता उन्मूलन' के लिए निरंतर संघर्ष किया जो मूल रूप से वैदिक शिक्षाओं के विरोध में थी। अश्पृश्यता का कारण बनने वाली अत्याचारी जाति-व्यवस्था ने उनको भीतर तक झकझोर दिया था। डा. अंबेडकर ने अपने लेखों, पुस्तकों और भाषणों से लगातार हिंदू समाज की विकृतियों की ओर संकेत किया जिनका कोई पौराणिक या वैदिक आधार नहीं था। अपने अनेक प्रयासों को समुचित सफलता मिलते न देख कर उन्होंने हिंदू समाज को झटका देने के लिए बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया। बौद्ध धर्म गहराई से भारतीय विचार पद्धति तथा मूल्य व्यवस्था से जुड़ा हुआ था। अंबेडकर 'हिंदूवाद' या हिंदुत्व के दुश्मन नहीं थे। उन्होंने हिंदूवाद की अनेक विकृतियों का विरोध किया, पर उन्होंने उचित भावना वाले हिंदुत्व का विरोध नहीं किया था। हालांकि, इस्लामी व ईसाई विद्वानों ने उनको प्रभावित करने के बहुत प्रयास किए, पर उन्होंने कोई अन्य विजातीय धर्म स्वीकार नहीं किया।

बहुत गरीब परिवार में जन्मे डा. अंबेडकर को शुरू से ही अनेक सामाजिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, पर उन्होंने हार नहीं मानी और इनके खिलाफ संघर्ष करते रहे। वे अपने माता-पिता की 14वीं संतान थे। उनके पिता ने उनको अच्छे संस्कार दिए थे और वे उनको महान संतों की कहानियां सुनाया करते थे। इन संतों में संत तुकाराम, संत ज्ञानेश्वर व संत शिरोमणि रविदास आदि शामिल थे। इसके साथ ही पिता ने उनको रामायण और महाभारत की शिक्षाओं से भी प्रेरित किया था। भीमराव अंबेडकर ने 1908 में एल्फिंस्टन हाईस्कूल से मैट्रीकुलेशन पास किया। इसके बाद उन्होंने एल्फिंस्टन कालेज में अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान का अध्ययन किया। 1912 में उनको बंबई विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि मिली। बड़ौदा के महाराजा से प्राप्त स्कालरशिप के माध्यम से वे कोलम्बिया विश्वविद्यालय, न्यूयार्क सिटी में पढ़ने गए जहां से उन्होंने जून, 1915 में परास्नातक डिग्री प्राप्त की। उनके शोध का विषय 'प्राचीन भारतीय वाणिज्य' था। 1916 में वे अध्ययन करने लंदन स्कूल आफ इकोनोमिक्स गए। 1920 में उनको लंदन विश्वविद्यालय से डीएससी की उपाधि मिली। वे जर्मनी के बॉन विश्वविद्यालय में भी अध्ययन के लिए गए। जून, 1927 में उनको कोलम्बिया विश्वविद्यालय ने डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया। वे अपने समय के ऐसे विरले भारतीय राजनेता थे जिन्होंने कोलम्बिया विश्वविद्यालय, लंदन स्कूल आफ इकोनोमिक्स तथा बॉन विश्वविद्यालय में अध्ययन किया था।

डा. बी.आर. अंबेडकर ने हमें 'पढ़ो और संघर्ष करो' का नारा दिया था। उन्होंने बौद्धिक समाज में अपनी अमिट छाप छोड़ी थी। सामाजिक न्याय के उनके सिद्धान्त ने वंचित जातियों के लिए शिक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व का महत्व उजागर किया था। वे इनको सशक्तीकरण और उत्थान के आवश्यक उपकरण मानते थे। उन्होंने ज्यादा समावेशी और न्यायोचित समाज की नीव डाली थी। उनका संवाद के विचार और आदर्शों में विश्वास था। वे प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा बहाल करने के लिए सशस्त्र संघर्ष के विरोधी थे। उनका विश्वास शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के सिद्धान्त में था। वे सत्य, अहिंसा तथा सभी जातियों व धर्मों के लोगों का सम्मान करने की शिक्षा देते थे। डा. अंबेडकर शिक्षा को केवल अकादमिक योग्यता प्राप्त करने का साधन नहीं मानते थे, बल्कि उन्होंने इसे उत्पीड़ित व हाशियाकृत समुदायों की मुक्ति का उत्प्रेरक माना था।

उन्होंने सबको शिक्षा तक पहुंच पर जोर दिया था। वे खासकर ऐसे लोगों को शिक्षा दिलाने के पक्ष में थे जिनमों ऐतिहासिक रूप से जातीय भेदभाव तथा सामाजिक असमानता के कारण शिक्षा नहीं मिल पाई थी। वे संवेदना, न्याय व समानता जैसे मूल्य पैदा करने के दृढ़ पैरोकार थे। उन्होंने कहा था कि मनुष्य के मस्तिष्क का विकास मानव अस्तित्व का चरम लक्ष्य है। वे महिला सशक्तीकरण के भी पक्के समर्थक थे। उनका यह कथन बहुत लोकप्रिय है कि 'मैं किसी समुदाय की प्रगति इस तथ्य से आंकता हूं कि उसकी महिलाओं ने कितनी प्रगति की है।' डा. अंबेडकर उस समय महिलाओं की कठोर पर्दा पृथा तथा उनको घरों की चारदीवारी में कैद करने के घोर विरोधी थे। उनका कहना था कि इससे महिलाओं का न केवल स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास में भी बाधा आती है। डा. अंबेडकर ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति अडिग प्रतिबद्धता प्रकट की थी। वे इनको किसी राष्ट्र की प्रगति और स्थायित्व के लिए मूल स्तंभ मानते थे। डा. अंबेडकर ने ऐसे समाज की पैरवी की थी जहां प्रत्येक व्यक्ति के समान अधिकार हों तथा उसे समान अवसर मिलें। उन्होंने सामाजिक सद्भाव तथा परस्पर सम्मान पर जोर दिया था। उन्होंने भारत के श्रम कानून बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में उन्होंने फैक्ट्रीज़ एक्ट, मिनिमम वेजेज़ एक्ट तथा इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट जैसे महत्वपूर्ण कानून बनाने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ये कानून आज भी देश में श्रमिक अधिकारों तथा औद्योगिग प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

डा. भीमराव रामजीराव अंबेडकर ने हमेशा लोकतंत्र, पंथनिरपेक्षता तथा संविधानवाद को सर्वोच्च स्थान देते थे। उनका मानना था कि लोकतंत्र, पंथनिरपेक्षता तथा संविधानवाद समाज के कमजोर तबकों को अधिकार देने तथा उनको बनाए रखने के लिए और आगे बढ़ाने के लिए अनिवार्य हैं। उनका यह भी मानना था कि ये सिद्धान्त राष्ट्रीय एकता बनाए रखने के लिए भी सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। भारत के लिए डा. अंबेडकर का दृष्टिकोण समावेशन और बहुलतवाद पर आधारित था।

वे बहुलता और विविधता को विभाजन के बजाय शक्ति का स्रोत मानते थे। उन्होंने अश्पृश्यता को न केवल नैतिक रूप से गलत, बल्कि सामाजिक प्रगति तथा भारत की एकता के लिए बड़ी बाधा माना था। उन्होंने अश्पृश्यता के समूल उन्मूलन की पैरवी करते हुए इस दिशा में विधायी उपायों तथा सामाजिक सुधार पर जोर दिया था। जन्म दिवस पर डा. बी.आर. अंबेडकर की याद करते हुए हमें उनके प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही लोकतांत्रिक, पंथनिरपेक्ष व समावेशी राष्ट्र की उनकी शिक्षा के प्रति स्वयं को समर्पित करना चाहिए।

नवरात्रों की आध्यात्मिक महिमा

उपवास या ऐसी कोई भी तकनीक तभी फल देगी जब उसे वैराग्य की भावना के साथ विकास के लिए किया जाए।



अश्विनी गुरुजी
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)

नवरात्र साल में दो बार आते हैं और ऋतुओं के परिवर्तन, सर्दी-गर्मी और गर्मी-सर्दी का प्रतीक हैं। आयुर्वेद के अनुसार, इस दौरान बारिश के दौरान शरीर में एकत्र विषाक्त पदार्थों से छुटकारा पाने के लिए कम से कम मात्रा में पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए।

नवरात्रि की नौ रातें और दस दिन शक्ति के दस रूपों- शैलपुत्री, ब्रह्मचारी, चंद्रकांता, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री और पराठा की ऊर्जा को धारण करते हैं, इस प्रकार प्रत्येक नवरात्रि का एक विशिष्ट उद्देश्य होता है। नवरात्रि में मौसम में बदलाव होता है, यानी हमारे शरीर सहित इस सृष्टि की विभिन्न ऊर्जाएं असंतुलन से नई सामान्य स्थिति की ओर बढ़ती हैं। इन नौ दिनों में, हमारे शरीर के अंदर प्राण शक्ति पुनर्संरेखण की प्रक्रिया से गुजरती है, यानी असंतुलन से नए मौसम के लिए नए संतुलन की ओर।

इसे री-अलाइन करने के लिए शरीर को हल्का रखना होगा। इसलिए हमारे पूर्वजों ने इन नौ दिनों में व्रत या उपवास का विधान किया है। उपवास का अर्थ उससे कहीं अधिक बड़ा है जिसे आम तौर पर गलत समझा जाता है - केवल कुछ खाद्य पदार्थों को खाने से रोकना।

ध्यान आश्रम में, साधक अपने प्रामाणिक अर्थ में उपवास का पालन करते हैं, अर्थात, साधना के दौरान तपस्या का आनंद लेना छोड़ देते हैं। यह जश्न मनाने, ऊर्जा के लिए भोजन करने, न कि कामुक सुख के लिए, आपके गुरु द्वारा आपको दी गई साधना के एक नियम का पालन करने से किया जाता है - एक मंत्र, ध्यान या एक तांत्रिक अभ्यास जहां इंद्रियों को सख्त नियंत्रण में रखा जाता है और ध्यान आपके इष्ट देव पर होता है और उन दिनों के दौरान आपके सभी विचार और कार्य इष्ट-देव को समर्पित होते हैं। दान और सेवा ऐसी साधनाओं का अभिन्न अंग हैं।

उपवास के अलावा, कुछ मंत्र भी हैं जिनका जाप इन दिनों संपूर्ण शरीर को डिटॉक्स करने के लिए किया जाता है। शुरुआती लोगों के लिए, इन नौ दिनों को शरीर के तीन हिस्सों के लिए 3-3 दिनों के 3 भागों में विभाजित किया जा सकता है - नाभि के नीचे का क्षेत्र, नाभि और कंधों के बीच और ऊपरी सिर का क्षेत्र, जो देवी सरस्वती की ऊर्जा के अनुरूप है। , क्रमशः देवी लक्ष्मी और देवी दुर्गा। 9 देवियों की उत्पत्ति इन 3 देवियों से हुई है जिनकी उत्पत्ति आदिशक्ति से हुई है। इन 3 भागों को आगे 3-3 भागों में विभाजित किया गया है, इस प्रकार शरीर कुल 9 भागों में विभाजित है। पहले 3 दिनों में, साधक मसालेदार भोजन खाना बंद कर देता है और सुबह और शाम की संध्या में माँ दुर्गा का आह्वान करते हुए मंत्रों के साथ हवन करता है। घृत के साथ काला तिल का प्रसाद चढ़ाया जाता है और देसी गायों को ऊपर उठाकर पलाश की समाधि दी जाती है। अगले तीन दिनों में साधक अन्न का सेवन बंद कर देता है और शरीर को हल्का रखने के लिए केवल हल्का भोजन ही ग्रहण करता है। दोनों संध्याओं में घृत के साथ मिठाई की आहुति देकर मां लक्ष्मी के लिए हवन किया जाता है। अंतिम तीन दिनों में, साधक केवल पानी और जूस (दूध भी नहीं, क्योंकि इसे पशु उत्पाद माना जाता है) का सेवन करता है और दो संध्याओं में घृत और गुग्गल की आहुति देकर मां सरस्वती के लिए हवन किया जाता है। 10वें दिन पूर्ण व्रत रखा जाता है और एक बार फिर मां दुर्गा या मां काली का आह्वान किया जाता है क्योंकि इस दिन रावण ने मां काली का आह्वान किया था और राम ने मां दुर्गा का आह्वान किया था। यह प्रक्रिया आवश्यक पुनः संरेखण लाती है। इसके बाद, साधक अपनी साधना करता है और अपने गुरु द्वारा बताए गए एक विशिष्ट मंत्र का जाप करता है। योग साधना से आह्वान की गई सभी शक्तियां साधक के पास आ जाती हैं। नवरात्र आपके शरीर को आने वाले मौसम की नई ऊर्जाओं को स्वीकार करने के लिए तैयार करने के दिन हैं। 9 दिनों तक आप अपने शरीर को पुनः व्यवस्थित करें और उसके बाद 10वें दिन नई ऊर्जा को स्वीकार करें।

अधिकांश लोग 9 दिनों तक उपवास करके अपने शरीर को हल्का करते हैं, लेकिन 10वें दिन रेस्तरां और शराब की दुकानों पर भीड़ लगाकर इसे भारी बना लेते हैं। यह कुछ ऐसा है जैसे आप अपना कमरा साफ करते हैं और उसके बाद सारा कचरा कमरे में वापस ले आते हैं।

उपवास या ऐसी कोई भी तकनीक तभी फल देगी जब उसे वैराग्य की भावना के साथ विकास के लिए किया जाए। इसलिए अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए सनातन क्रिया जैसी यौगिक प्रथाओं के साथ-साथ उपवास करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार
या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

केजरीवाल पर संकट

आम आदमी पार्टी-आप और केजरीवाल सरकार पर संकट गहराता जा रहा है। समय का चक्र देखिये कि जो इंसान दिल्ली की भूतपूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को सलाखों के पीछे भेजना चाहता था आज वो खुद सलाखों के पीछे है। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले ने साफ़कर दिया है कि उनकी गिरफ़्तारी किसी साजिश के तहत नहीं, बल्कि मजबूत तथ्यों और सबूतों पर आधारित है। दिल्ली की आबकारी नीति बनाने में वह पूरी तरह व मुख्य रूप से शामिल थे और यही उनकी गिरफ़्तारी का मूल बिंदु है। उनकी इस आबकारी नीति के चलते दिल्ली सरकार को भारी नुकसान हुआ। आबकरी नीति वापस लेने से भ्रष्टाचार की आशंका और गहरी हुई थी। अब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता इस डूबती नाव को छोड़ कर भागने का विचार कर रहे हैं। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री राज कुमार आनंद का इस्तीफा पहला और आखिरी इस्तीफा नहीं होगा। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की अन्य राज्यों में गतिविधियां भी ऐन लोकसभा चुनाव के पहले अत्यधिक प्रभावित होंगी। उत्तर प्रदेश में आप नेता संजय सिंह द्वारा चुनाव लड़ने के बजाय सपा को समर्थन की घोषणा इस दिशा में एक कदम है। पंजाब में आप के प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी जहां बहुकोणीय मुकाबला होना पूरी तरह निश्चित हो गया है।

- बाल गोविंद, नोएडा

विवादित बयान

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अक्सर अपने बयानों के कारण विवाद में घिर जाते हैं। उन्होंने कच्चातीबू द्वीप को लेकर विवादित बयान दिया। उन्होंने पूछा, कच्चातीबू पर कौन रहता है। यह सवाल उचित नहीं है क्योंकि इस द्वीप का हमारे देश के लिए काफी रणनीतिक महत्व है। यहां तैनात हमारी सेना सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर सकती है। अनेक भारतीय मछुआरे यहां मछली पकड़ने जाते हैं, लेकिन पूर्व सरकार द्वारा इसे श्रीलंका को सौंपने के बाद अब उनका यह अधिकार समाप्त हो गया है। देश की संप्रभूता एवं अखंडता के लिए वैसे भी किसी क्षेत्र की उपयोगिता का महत्व नहीं होता है। एक समय हमारी सरकार ने अक्साईचिन को बंजर बता कर चीनी कब्जे का समुचित विरोध नहीं किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में एक रैली को संबोधित करते हुए जनता से पूछा कि क्या हम प्रदेश के रेगिस्तानी इलाकों को दुश्मन को सौंप देंगे? कच्चातिबू मामले पर कांग्रेस और तमिलनाडु में उसकी सहयोगी द्रमुक फंस गई है और वह अपने पुराने पाप छिपाने के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। ऐसी बयानबाजी से कांग्रेस व द्रमुक की छवि सुधरने के बजाय जनता में और खराब होती चली जा रही है।

- एमएम राजावत, शाजापुर

मुद्रा का अपमान

भारत में रुपयों-पैसों को हवा में उड़ाने का चलन आम है। बारातों एवं खुशी के मौकों पर या नाच गानों के कार्यक्रमों में नोटों को हवा में उड़ाते या किसी के ऊपर फेंकते देखा जा सकता है। इससे कई बार रूपया-पैसा हमारे पैरों के नीचे आ जाता है। भारतीय संस्कृति में इसकी तुलना देवी लक्ष्मी से कर उसकी पूजा अर्चना भी करते हैं। कई देशो में इस तरह रूपए फेंकने को कानून का उल्लंघन माना जाता है। एक नाइजीरियाई ट्रांसजेंडर महिला को छह महीने की सजा सुनाई क्योंकि एक स्थानीय अदालत ने उसे मुद्रा को हवा में फेंकने का दोषी ठहराया था। भारत में भी मुद्रा के अपमान व उसके दुरुपयोग के लिए इस तरह का सजा का प्रावधान होना जरुरी है ताकि देवी लक्ष्मी स्वरूपा रुपयों-पैसों को पैरों तले रौंदने से बचाया जा सके। देश की मुद्रा, यानी रुपये पैसे तैयार करने में काफी खर्च होता है, लेकिन उनका लोग ठीक से रखरखाव नहीं करते हैं। अक्सर रुपयों को तोड़-मरोड़ कर रखने से उनका जीवन जल्दी समाप्त हो जाता है और भारतीय रिजर्व बैंक को कटे-फटे या सड़े-गले नोट वापस लेकर उनके स्थान पर नई मुद्रा छापनी पड़ती है। वजनदार पैसों की धातु का मूल्य बढ़ने पर उनको गलाने की प्रवृत्ति भी देखी जाती है जिससे देश को नुकसान होता है।

- जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर

शराब व मांस-मटन की दुकानों से शौकीनों की दूरी से आधी हुई डिमांड

आस्था के महापर्व नवरात्रि में शराब मटन मार्केट में घट गई ग्राहकी

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बालोद सहित जिले के सभी देशी-विदेशी शराब दुकानों में शौकीनों की भीड़ लगती थी, उन दुकानों के काउंटर अब दिन ही नहीं बल्कि शाम को भी खाली नजर आने लगे हैं। आदतन शराबी ही दुकानों तक पहुंच रहे हैं। शौकिया पीने वालों की आवाजाही कम होने से दुकानों में लगने वाली भीड़ आधी हुई है। मांस-मटन मार्केट में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है। कारोबार से जुड़े लोगों की माने, तो माता की आस्था से जुड़े लोग नवरात्रि में इनसे दूरी बनाते हैं। वही फ्रूट मार्केट में इसका असर नहीं होने व ग्राहकी के कारण रौनक भी बरकरार है। जिला मुख्यालय के गंजपारा स्तिथ विदेशी और तांदुला नदी के नीचे देशी शराब दुकान में भी अब शौक रखने वाले कम पहुच रहें हैं। गली मोहल्ले ही नही बल्कि प्रमुख देवी मंदिरों में ज्योति-कलश जलवाने वाले परिवार के लोग नवरात्रि में शराब का सेवन कम करते हैं। शराब के कई शौकीन नवरात्रि में व्रत भी रखते हैं। इसके चलते भी वे शराब शराब दुकानों ही नही मांस-मटन की दुकानों में भी कम पहुच रहे हैं। इससे शराब दुकानों और मटन मार्केट के काउंटर पर भी भीड़ कम हुई हैं। शराब दुकानों का काउंटर संभालने वाले सेल्समैन ने बताया कि सामान्य दिनों की अपेक्षा अभी ग्राहकी 50 प्रतिशत हो रही हैं। आदतन शराबी ही दुकानों में पहुच रहें हैं। इससे जिन अंग्रेजी और देशी शराब दुकानों में एक से डेढ़ लाख की शराब बिकती थी, वहां 50 प्रतिशत ही ग्राहकी रह गई हैं।

मांस-मटन बाजार में ग्राहकी कम

मांस-मटन से व्यवसाय से जुड़े होलसेल व्यापारी जवाहर पारा निवासी शहनवाज खान और इमरान खान ने बताया कि सामान्य दिनों में दुकानों में रौनक रहती थी। नॉनवेज खाने के शौकीन दुकानो की ओर रुख करते थे। जिससे बिक्री भी बढ़िया होती थी। रोजाना करीबन 250 किलो के ऊपर यानी कि 30 से 35 हजार तक कारोबार होता था। अभी नवरात्रि में 5 हजार तक भी ग्राहकी मुश्किल हो गई हैं। वही चिल्हर व्यापारी फिरोज ने बताया कि नवरात्रि में धंधा पूरा मंदा है। और यह स्तिथि हर नवरात्र को रहती हैं। बता दे कि जवाहर पारा, सिवनी तथा नए बस स्टैंड, बिजली विभाग के सामने स्तिथ चिकन मटन का मार्केट मंदा हैं। नवरात्रि में इस तरह की स्तिथि हर मांस-मटन दुकानो में बनती है। जो लोग शौकिया खरीदी के लिए आते थे, उनकी ग्राहकी भी कम हुई हैं। वही कई मांस मटन की दुकाने तो बंद है। वही होटलों में भी नानवेज खाने वालो की संख्या भी कम हुई है। नॉनवेज बनाने वाले कई होटल संचालकों ने तो नवरात्रि में अपनी दुकाने बंद कर दी है।

फल मार्केट में बनी हुई है मांग

नए बस स्टैंड थोक फ्रूट व्यवसायी नमन फरूट के फतेसी साहू ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में नौ दिन का व्रत करने के बजाय पहले दिन पंचमी और अष्टमी को ही गर्मी को देखते हुए लोग व्रत रखते है। इससे बाजार की रौनक में कोई ज्यादा असर नही पड़ता हैं। छोटी दुकानो में फ्रूट बेचने वाले भी तय रूटीन के तहत ही ऑर्डर दे रहे हैं। इस बार टर्की से विदेशी संतरा आ रहा है और, अंगूर सेव भी बाहर से आ रहे है। बाकी केला, आम, अनार तो दुर्ग-भिलाई व रायपुर से आ रहा हैं। आम भी टीएम, सुदंरी, बैंगन फल्ली आ रहे है। वही फल के चिल्हर व्यापारी ने बताया कि 50 से 70 रुपये दर्जन केला, 100 से 200 रुपये किलो अंगूर और सेव बेच रहे हैं।

फ्रुट का होलसेल रेट

फ्रुट	किलो	रेट
केला	कैरेट	600
आम	प्रति किलो	80-120
विदेशी सेव	प्रति किलो	200
अनार	प्रति किलो	100
अंगूर	प्रति किलो	80-100
नारियल पानी	प्रति नग	50-60
संतरा	प्रति किलो	60-80
विदेशी संतरा	**प्रति किलो**	**100**

विधायक दीपेश साहू मंदिरों में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि के लिए की कामना

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधायक दीपेश साहू चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र व अंचल के देवी मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। विधायक दीपेश साहू धर्म नगरी बेमेतरा के भद्रकाली मंदिर, शीतला मंदिर, राम मंदिर, कालिका मंदिर, परमेश्वरी मंदिर, दुर्गा मंदिर एवं शहर के विभिन्न स्थानों पर जयोति जंवारा दर्शन एवं मातारानी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवाशियों के सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना किया, और समस्त क्षेत्र व अंचल वाशियो को चैत्र नवरात्र पर्व की बधाई एवं शुभकामनायें दिया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, राजेंद्र शर्मा, विकाश तम्बोली, हर्ष तिवारी, मोंटी साहू ,निखिल साहू, नीलू राजपूत पार्षद, योगेश वर्मा, परमेश्वर साहू, रेवा राम निषाद, राजू देवांगन, धर्मेन्द्र साहू, दीना नाथ साहू, रोहित साहू, लक्ष्मीनारायण यादव, साकेत साहू, ईश्वर साहू, बिमलेश निषाद, वीरेंद्र साहू, नीतू कोठारी पार्षद, राहुल साहू, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण व भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

युवा कांग्रेस के द्वारा डोर तो डोर पहुंचाई जा रही है न्याय योजना की जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं बालोद जिलाध्यक्ष प्रशांत बोकड़े, लोकसभा प्रभारी चाकेश्वर गढ़पाले, के निर्देशानुसार डौंडी लोहारा विधायक अनिला भेड़िया, नपा अध्यक्ष शिबू नायर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के मार्गदर्शन में युवा कांग्रेस दल्ली राजहरा अध्यक्ष परितोष हंसपाल द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में वार्डवासियों को कांग्रेस सरकार द्वारा जारी न्याय पत्र के 5 न्याय की जानकारी दी, जिनमें श्रमिक न्याय, नारी न्याय, युवा न्याय, हिस्सेदारी न्याय और किसान न्याय की जानकारी देते हुए कांग्रेस के कांकेर लोकसभा से सक्रिय, व्यवहार कुशल प्रत्याशी बीरेश ठाकुर को प्रचंड मतों से विजयी बनाने का आग्रह किया। वार्ड क्रमांक 21 में पार्षद एवं छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस सचिव, बूथ क्रमांक 197 अध्यक्ष रुखसाना बेगम और बूथ क्रमांक 198 के अध्यक्ष विजय जोगदंड व सेक्टर अध्यक्ष काशी निषाद की उपस्थिति में न्याय पत्र वितरण किया और उपस्थित समस्त वार्ड के गणमान्य नागरिक गणों को 5 न्याय के साथ बताया कि देश मे कांग्रेस की सरकार स्थापित होने पर 30 लाख सरकारी नौकरी के रिक्त पदों में भर्ती की जाएगी, पेपर लीक से मुक्ति हेतु कड़े कानून बनाए जाएंगे इससे पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा, युवा रोशनी योजनान्तर्गत 5 हज़ार करोड़ की लागत से युवाओं हेतु स्टार्टअप की व्यवस्था और सेना में भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं की मांग अनुरूप जय जवान योजनान्तर्गत सेना में पुरानी भर्ती प्रक्रिया को बहाल किया जाएगा। इसके साथ ही दैनिक वेतन में कार्यरत श्रमिकों से भेंट कर उन्हें न्याय पत्र वितरण कर न्याय पत्र में सम्मिलित समस्त योजनाओं व घोषणाओं की जानकारी दी। न्याय पत्र से प्रभावित हो कर समस्त नागरिकगणों के द्वारा बीरेश ठाकुर को प्रचंड मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

जिला प्रशासन करत हे गुहार, वोट डारव अबकी बार लोकतंत्र के भरोसा झन टूटे, एक्को मतदाता झन छूटे

कलेक्टर ने 7 लाख मतदाताओं को भेजा नेवता पाती, शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलेक्टर जिला प्रशासन ने एक और नया प्रयोग किया है। इसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र 68 साजा,69 बेमेतरा और 70 नवगढ़ के 7 लाख मतदाताओं को नेवता पाती (निमंत्रण पत्र) और अपील पाती भेजकर परिवार, ईस्ट-मित्र सहित आस, पड़ौस सहित मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में आगामी 7 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे है। कलेक्टर ने पाती के जरिए लोकतंत्र के पर्व को सफल बनाने के लिए बिना भय, और लालच के शत-प्रतिशत करने की अपील की है। लोकतंत्र के इस महायज्ञ से जुड़ने के लिए कलेक्टर की पाती इस बार जिले के तकरीबन 7 लाख मतदाताओं तक पहुँच रही हैं। विभिन्न प्रचार माध्यमों के जरिये भी मतदाताओं को आने वाली 7 मई को को मतदान करने जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से मतदान की अपील की। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान करने बुलाने के लिए कलेक्टर की पाती (पत्र) जारी किया गया है। मतदाता जागरूकता को लेकर इस बार सोशल मीडिया के अलावा कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी की और से मतदाताओं को हिन्दी और छत्तीसगढ़ी भाषा में नेवता पाती और मनुहार भेज कर मतदान करने का निमंत्रण दिया जा रहा है। निष्पक्ष मतदान की जानकारी देने के साथ ही मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए मतदाता सूची में दर्ज मोबाइल नंबर पर संदेश भेजने का काम स्वीप गतिविधि के तहत शुरू किया जाएगा। संसदीय क्षेत्र-7 दुर्ग ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के 7 लाख 69 हज़ारी 502 मतदाताओं की लोकसभा सांसद चुनने में विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतर और नवागढ़ के युवा मतदाताओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। आगामी 7 मई को ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के 769522 अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाता 387229 और महिला मतदाता 382289 है।

85 वर्ष की महिला केशरी ने घर पर बैठ कर किया मतदान

कवर्धा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को सुविधाएं प्रदान की गई है। कबीरधाम जिले के नगर पंचायत बोड़ला निवासी 85 वर्ष की महिला केशरी गुप्ता ने घर पर बैठकर मतदान किया। उन्होंने जिलेवासियों को शत प्रतिशत मतदान करने भी अपील की। भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में 85 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिक तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसे दृष्टिगत करते हुए ऐसे वोटर्स को आयोग द्वारा डोर-टू-डोर वोटिंग की सुविधा प्रदान करते हुए डाक मतपत्र से मतदान आज से किया जा रहा है। केशरी गुप्ता ने अपने घर पर ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जब उनके घर में निर्वाचन कराने मतदान दल पहुंचा तो चर्चा का विषय बना रहा। उन्होने चर्चा करते हुए बताया कि घर बैठे मतदान करने का यह उनका जीवन का सुखद पल था। मतदान करने के बाद उस बुजुर्ग महिला ने जिलेवासियों से आगामी 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की है। इस बार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा मिलने से 85 वर्ष से ऊपर और 40 प्रतिशत से उपर दिव्यांग जनों को बहुत राहत और सुविधा मिल रही है। मतदान की समस्त प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई है।

मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग की सभी तैयारी जोरों पर, नेटवर्क सहित सभी तकनीकी पहलुओं की जांच की गई

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 402 मतदान केन्द्रों में होगी वेब कांस्टिग

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले में 804 मतदान केन्द्र बनाएं गए है। जहां सभी मुलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में कुल मतदान केन्द्रों के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग की जाएगी। जिसके तहत जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 402 मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग होगी। जिसमें विधानसभा 71 पंडरिया में 197 व 72 कवर्धा में 205 मतदान केन्द्र शामिल है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। वेब कांस्टिग वाले मतदान केन्द्रों में नेटवर्क सहित सभी तकनीकी पहलुओं की जांच कर ली गई है। जिले में 26 अप्रैल 2024 को मतदान किया जाएगा। मतदान दिवस से पहले मतदान केन्द्रों में तीन बार वेब कांस्टिग के सफलता के लिए टेस्टिंग किया जाएगा। इसके साथ ही मतदान के विगत दो दिवस पूर्व लगातर वेब कांस्टिग जारी रहेगा। विधानसभा निर्वाचन के दौरान भी मतदान केन्द्रों में सफलता पूर्वक वेब कांस्टिग किया गया था। वेब कांस्टिग के निगरानी के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग से भी वेब कांस्टिग के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। यहां बताया गया कि चयनित प्रत्येक मतदान केंद्र में 2-2 कैमरे लगाए जाएंगे जिसमें एक कैमरा मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर स्थापित किए जाएंगे। इस कैमरे से मतदान के लिए कतार में लगे मतदाताओं की वेबकास्टिंग की जाएगी। दूसरा कैमरा मतदान केंद्र के अंदर वोटिंग बॉक्स के ठीक सामने इस तरह स्थापित किए जाएंगे जिससे वेबकास्टिंग में केवल मतदाता मतदान बॉक्स के अंदर मतदान करते दिखाई दे और ईवीएम मशीन न दिखाई दे।

मतदान दलों के लिए तैयार की जा रही मतदान दल कीट की पैकेंजिंग कार्य का कलेक्टर ने किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने जिला कार्यालय परिसर में स्थित स्ट्रॉंग रूम पहुंचकर मतदान दलों के लिए तैयार की जा रही मतदान दल कीट की पैकेंजिंग कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने पैकेंजिंग कार्य में लगे नोडल अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान दलों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी गई कीट का समाग्री अनुक्रमणिका के आधार पर जांच कर ले। इसके अलावा आयोग के निर्देशानुसार मतदान दलों के कीट में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले समाग्री को प्रमुखता से मतदान दल कीट में शामिल करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए मतदान दल कीट का पूरी गंभीरता के साथ जांच कर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

यहां बताया गया कि मतदान दलों के कीट में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 5 प्रकार की समाग्री उपलब्ध कराई जाएगी। जिसमें अमिट स्याही, मेडिकल कीट, 04 प्रकार का पोस्टर, संपर्क बुक और स्केच पेन शामिल है।

मतदाल दल कीट के नोडल अधिकारी ने बताया कि कबीरधाम जिले के दोनो विधानसभा कवर्धा और पंडरिया के लिए कुल 804 मतदान कीट तैयार की जा रही है। समाग्री का अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है।

भक्त गुहा जयंती एवं सम्मान समारोह मे शामिल हुई विधायक अनिला भेड़िया

दल्लीराजहरा। निषाद समाज के द्वारा भक्त गुहा जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन निषाद समाज के सामुदायिक भवन में किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में डौंडी लोहारा विधायक अनिला भेड़िया सम्मिलित हुई। कार्यक्रम अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष घनश्याम पारकर के द्वारा की गई, विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर, ब्लॉक अध्यक्ष, संगीता नायर, समाज संरक्षक काशी निषाद, रामदास मानिकपुरी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ समन्वय समिति, सचिव तोरण साहू, पटेल समाज अध्यक्ष कोमल पटेल, पार्षद प्रमिला पारकर, जनक निषाद, कल्याणी निषाद, राजेश निषाद, गोपी निषाद एवं अन्य समाज के गणमान्य सदस्यगण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में अनिला भेड़िया के द्वारा मेघावी एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया और समस्त समाज के उपस्थित सदस्यों को जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित की।

हत्या की आशंका के चलते पुलिस ने मृतिका की शव को कब्रिस्तान से निकालकर पीएम हेतु रायपुर भेजा, मृतिका के पति गिरफ्तार

बेमेतरा। पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद के चलते पति ने पत्नी की हत्या कर दिया गया और सामाजिक रीति रिवाज के साथ शव को दफन भी कर दिया गया। बाद में शंका होने पर पुलिस को सूचना दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने मृतका की शव को निकाल पोस्टमार्टम के लिए रायपुर भेजा गया है, और मृतिका के पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

बेमेतरा जिला मुख्यालय के नगर पालिका वार्ड नंबर 18 में एक मुस्लिम समाज के आसिफा शेखानी उम्र 22 साल की मौत हो गई थी। जिसका दूसरे दिन सामाजिक रीति रिवाज के साथ कब्रिस्तान में दफनाया गया। इसी बीच समाज वालों को इस मामले में शक हुआ तो रात को इस संबंध में बेमेतरा सिटी कोतवाली थाने में शिकायत कर दिया गया। क्योंकि मामला हत्या का है, इस लिए पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को मृतिका के शव को कब्रिस्तान से निकाल कर उसे पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए रायपुर भेजा गया। वहीं इस संबंध में यह जानकारी मिली है कि मृतका की हत्या करने के आरोप में उसके पति शहजादा शेखानी 24साल को गिरफ्तार किया गया है वही एक व्यक्ति का को भी से पूछताछ किया जा रहा है।

मतदान अधिकारी क्रमांक 2 व 3 का जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

कलेक्टर शर्मा पहुँचे प्रशिक्षण केंद्र, देखी गतिविधियां

मास्टर ट्रेनरों ने मतदान अफसर को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताई बारीकीयां

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त मतदान अधिकारी क्रमांक 02 एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-03 का जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रातः 10.00 बजे से जिला मुख्यालय स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा एवं शासकीय शिवलाल राठी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में आयोजित किया गया। कलेक्टर शर्मा ने मतदान अधिकारी क्रमांक 02 एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-03 को ज़िला मास्टर ट्रेनर द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की गतिविधियां देखी। उन्होने सभी मतदान अधिकारियों को निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया और प्रपत्र के बारे में गंभीरता से समझकर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुरूप कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मतदान अधिकारी मतदान केंद्र पर निर्वाचन आयोग का औरों की तरह सबसे विश्वसनीय चेहरा होता है। इसलिए सभी का दायित्व है कि अपने कर्तव्य का निर्वहन गंभीरतापूर्वक पूर्ण निष्ठा से करें जिससे निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया संपादित हो सके। उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हेतु अधिकारी-कर्मचारियों को आपसी तालमेल एवं सतर्कता से कार्य करने के लिए कहा 7 जिलाधीश ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि जिन कर्मचारियों की पहली बार मतदान करवाने की ड्यूटी लगाई गई है तो ऐसे अधिकारी प्रशिक्षण में दी जा रही सभी नियमों का बेहतर तरीके से रखे, ताकि किसी भी प्रकार की गलती होने की संभावना न होने पाए। उन्होंने सभी पीठासीन और मतदान अधिकारियों को कहा कि निर्वाचन कार्य मे मतदान करवाने के साथ-साथ अपने मताधिकार का उपयोग भी करना जरूरी है, इसलिए सभी फार्म-12 भरकर जरूर दें। मास्टर ट्रेनर दिलीप सिंह ठाकुर, रेवाराम साहू, पीला राम साहू, अजय कुमार शर्मा, श्याम चरण दिवाकर, मनोज कुमार वर्मा, दीपचंद देवांगन, डॉ कल्याण दास, गौरवर राजपूत द्वारा सभी मतदान अधिकारीयों को अपने-अपने स्तर से अधिकारियों को सैद्धांतिक प्रशिक्षण के साथ ही ईव्हीएम तथा वीवीपैट मशीन का हैंड्सऑन प्रशिक्षण दे रहे है। साथ ही उन्हें मतदान प्रक्रिया, ईव्हीएम सिलिंग, मॉक पोल, विभिन्न सूचना प्रपत्र आदि की भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। बता दें की शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में कुल 610 मतदान अधिकारीयों में 18 अनुपस्थित तथा शासकीय शिवलाल राठी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 311 मतदान अधिकारीयों में से 6 अनुपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शर्मा ने संबंधित अधिकारी कों अनुपस्थित लोगों कों कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एसडीएम घनश्याम सिंह तंवर, जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

पत्थर गिरोह का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार रायगढ़ की पांच चोरियों का खुलासा

आरोपियों से डेढ़ किलो चांदी के जेवरात, छह मोबाइल और औजार किए गए जप्त, गिरोह ने रायगढ़ समेत दुर्ग, बलौदा बाजार, जांजगीर चांपा में मकानों के तोड़े थे ताले

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ और राज्य के कई जिलों में सुने मकानों की रैकी कर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय ''पत्थर गिरोह" के छह आरोपियों और उनसे चोरी की जेवरात खरीदने वाले दो आरोपियों को रायगढ़ पुलिस की टीम द्वारा अलिराजपुर मध्यप्रदेश से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया है। आरोपियों से डेढ़ किलो चांदी, 06 मोबाइल और चोरी में प्रयुक्त औजार बरामद किया गया है। आरोपियों ने अपने बयान में रायगढ़ जिले के कृष्णा विहार कोलानी (थाना कोतरारोड), ग्राम बेलारी, मुरालीपाली में जगह (थाना भूपदेवपुर), सांगीतराई (थाना जूटमिल) में चोरी के अलावा राज्य के अन्य कई जिलों में चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। गिरोह का मास्टर मांइड आलम सिंह बामनिया और सूर्या उर्फ सुअर मोहनिया हैं, दोनों पुलिस की गिरफ्त में हैं। ''पत्थर गिरोह÷ के सदस्य घूम-घूम कर पहले घरों की रैकी और फिर घटना को अंजाम देते थे। इस गैंग में शामिल 16 व्यक्तियों ने चोरी के लिए अलग-अलग चार गैंग बनाकर रखे हुए थे। माह फरवरी 2024 को थाना कोतरारोड के कृष्णाविहार कालोनी स्थित अंकित अग्रवाल के सुने मकान में 06-07 फरवरी की रात अज्ञात आरोपियों द्वारा दरवाजा का डोर लॉक तोड़कर अंदल अलमारी को तोड़े और सोने-चांदी के जेवरात करीब 1,35,000 रूपये का चोरी कर ले गए थे।

जिसके बाद मामले की सूचना में थाना कोतरारोड में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध कायम किया गया था। इसी दरम्यान शहर में हुई अन्य चोरियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा माल मुल्जिम की शीघ्र पतासाजी के लिए डीएसपी (साइबर सेल) अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में साइबर सेल और थाना कोतरारोड की संयुक्त टीम का गठन किया गया। माल मुल्जिम की लगातार पतासाजी दौरान डीएसपी अभिनव की टीम द्वारा ''पत्थर गिरोह÷ के मास्टर माइंड आलम सिंह बामनिया को 07 अप्रैल को जूटमिल इलाके में रैकी करते समय संदिग्ध अवस्था में हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ में उसने कोतरारोड व जिले के अन्य क्षेत्रों में अपने गिरोह के सदस्यों के साथ चोरी करना बताया। जिसका पुलिस चार दिन पुलिस रिमांड लेकर विस्तृत पूछताछ कर गिरोह के सदस्यों की जानकारी ली गई। आरोपी से प्राप्त जानकारी अन्य जिलों से साझा किया गया। पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला के दिशा-निर्देशन पर गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी और माल मशरूका बरामदगी के लिए जिला रायगढ़, बलौदा बाजार, दुर्ग की संयुक्त विशेष टीम गठित किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर डीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में विशेष टीम को अलिराजपुर, धार, झाबुआ (मध्यप्रदेश) के लिये रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा अलिराजपुर के विभिन्न इलाकों में आरोपियों की सघन पतासाजी कर गिरोह की दो महिला पेमली बाई, गम बाई और दो पुरूष चाम सिंह बामनिया, जालम मोहनिया को हिरासत में लिया गया।

जिंदल वर्ल्ड स्कूल के 39 बच्चे हुए गोल्ड मेडल से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर के कंचनपुर में स्थित CBSE वाले जिंदल वर्ल्ड स्कूल ने जहां शिक्षा के क्षेत्र में अपना परचम लहराया है, तो वहीं इस विद्यालय के बच्चों ने खेलकूद के क्षेत्र में भी राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धमाकेदार उपस्थिति से पूरे शहर का भी नाम रोशन किया है, तथा इस विद्यालय के बच्चे खेलकूद विभिन्न क्षेत्रों में जहां निरंतर सफलता हासिल कर रहे हैं, तो वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी यह विद्यालय पूरे शक्ति जिले में एक सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के रूप में अपनी पहचान बना पाया है, जिंदल वर्ल्ड स्कूल सक्ति की कक्षा 9 वी की छात्रा श्रद्धा बनाफर, आयुशी सोनी एवम दियांशी यादव का चयन अंडर 17 छत्तीसगढ़ टेनिस बाल क्रिकेट टीम में हुआ ह, ये तीनो अन्य 11 खिलाड़ियों के साथ गुजरात मे होने वाले प्रतियोगिता के लिए राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे,17 साल से कम उम्र की लड़कियों की टीम बनाने के लिए भिलाई में ट्रायल हुआ था, ट्रायल में 40 खिलाड़ियों में से 14 का चयन हुआ,14 में तीन जिंदल स्कूल के बच्चो का चयन हुआ,राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता गुजरात के अहमदाबाद में होगी, प्राचार्य ने इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों एवं स्टाफकी सराहना की।

ओलंपियाड परीक्षा में विद्यालय के 39 बच्चों ने हासिल किया गोल्ड मेडल

हमिंग बर्ड ग्रुप द्वारा ओलंपियाड परीक्षा में इस वर्ष जिंदल वर्ल्ड स्कूल के लगभग 39 विद्यार्थियों को विभिन्न पदकों से सम्मानित किया गया । परीक्षा पिछले सत्र में आयोजित की गई थी। गोल्ड मेडल पाने वाले विद्यार्थी है गर्व अग्रवाल, पहलाज मन्नाडे, वेदिका राठौड़, ओजस अग्रवाल, मानस सिदार, स्वास्तिक गवेल, भृगु चंद्रा, अदिती अग्रवाल, सैय्यद अरहान, इप्सा अग्रवाल, चार्वी अग्रवाल, निकुंज अग्रवाल, मारुति नंदन, कीर्ति अग्रवाल, काव्या अग्रवाल , श्रेष्ठा अग्रवाल, स्वधा बनाफर, उरशि देवांगन, राघव अग्रवाल, आरवी शर्मा, पलक पटेल, प्राची अग्रवाल, पुरनव पटेल, सिल्वर मेडल पाने वाले विद्यार्थी है - ऋषभ सराफ, विहा अग्रवाल, मोहनीश राठौड़, अगम भारद्वाज, अरनव अग्रवाल, विधि अग्रवाल, संस्कार सराफ, केशव अग्रवाल, ब्रॉन्ज मेडल पाने वाले विद्यार्थी है - अंकित अग्रवाल, शिवांश चंद्रा, मोहनीश राठौड़, शिवन्या जयसवाल, चिन्मय, रियांश अग्रवाल, मधुरिमा गवेल, आयुष्मान अग्रवाल, स्कूल के प्रिंसिपल वेंकट , डायरेक्टर ऋषभ अग्रवाल और रवि अग्रवाल छात्रों के प्रदर्शन से बहुत खुश हैं, उन्होंने सभी की प्रशंसा की और उन्हें कड़ी मेहनत जारी रखने के लिए कहा।

देवांगन कल्याण समाज ने जिले से युवा एवं महिला प्रकोष्ठ में पदाधिकारीयो को दी नई जिम्मेदारियां

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ (पंजीयन क्रमांक - 2338) के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोहर देवांगन के द्वारा अपनी समिति का विस्तार करते हुए सक्ती जिला से रोशन देवांगन को संरक्षक एवं राकेश देवांगन को सलाहकार नियुक्त किया गया है एवं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष किरण देवांगन के द्वारा अपने समिति का विस्तार किया गया है, जिसमें नवीन जिला सक्ती से तीन सदस्यों को नवीन जिम्मेदारी दिया गया,जिसमें रेखा देवांगन को उपाध्यक्ष, अंजनी देवांगन को कार्यकारिणी सदस्य एवं श्रीकलश देवांगन को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दिया गया है, सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को देवांगन विकास सेवा समिति के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया एवं साथ ही चर्चा किया गया कि सक्ती जिला में जिला देवांगन कल्याण समाज सक्ती के गठन से समाज को एक नई दिशा मिलेगी एवं समाज के कल्याण के अनेकों कार्य हो सकेगा।

समाज कल्याण एवं सेवा के लिए हमारा देवांगन विकास सेवा समिति हमेशा तत्पर रहेगा। किसी भी प्रकार की आयोजन में समिति पूरा सहयोग करेगा। इस अवसर पर देवांगन विकास सेवा समिति के सदस्य कृष्णा कुमार देवांगन, प्रेम नारायण देवांगन, मुकेश देवांगन, रवि देवांगन, शंकर देवांगन, योगेश देवांगन, ओंकार देवांगन, विमल देवांगन, शैलेश देवांगन, नारायण देवांगन, बाबा देवांगन, गजेंद्र देवांगन, परमानंद देवांगन, उमाशंकर देवांगन, दौलत देवांगन, सावन देवांगन, दीपांशु देवांगन, महेंद्र देवांगन, ऋषि देवांगन, मनोज देवांगन, सुनील देवांगन, यशवंत देवांगन, छोटु देवांगन एवं एम. विकास देवांगन आदि उपस्थित थे।

तहसील अधिवक्ता संघ शिवरीनारायण अरविंद चौधरी चेंबर में सविंधान के रचियता डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाया

पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

भारत में कड़ी मेहनत और योगदान को श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के रूप में मनाया जाता है इसी कड़ी में तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में तहसील अधिवक्ता संघ शिवरीनारायण अरविंद चौधरी चेंबर में सविंधान के रचियता डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाया गया। अधिवक्ता अरविंद चौधरी ने बताया कि भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उन्हें नमन किया और बाबा साहब के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। उन्होंने विविधता लिए भारत देश को एक मजबूत किया, साथ सभी महिलाओं और पुरुषों को अच्छी शिक्षा लेकर आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया है। इस कार्यक्रम में तहसीलदार के के जायसवाल नायब तासीलदार संजय बरेठ अधिवक्ता संघ के सचिव देवनारायण मंडले कार्यकारिणी सदस्य अरविंद कुमार चौधरी भुवनेश्वर बंजारे एम आर कश्यप शिवगोपाल यादव खांडेकर रथराम सरविन्द चौधरी तहसील ऑफिस के भृत्य निषाद एवं अन्य नागरिक गण उपस्थित हुए।

हाई प्रोफाइल चोरी, पुलिस आईजी शुक्ला ने कहा- चोरी के मामले की होगी उच्च स्तरीय जांच

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर के उद्योगपति प्रकाश गोयल एवं पवन गोयल के निवास पर 13 अप्रैल की रात्रि हुई बड़ी चोरी के मामले को छत्तीसगढ़ पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने का भी निर्णय लिया है, 14 अप्रैल की दोपहर चोरी की विशेष पड़ताल में पहुंचे बिलासपुर रेंज के आईजी डॉक्टर संजीव शुक्ला ने पीड़ित परिवार जनों से मुलाकात की तथा उन्होंने मौके पर उपस्थित जिला पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा को कहा कि उपरोक्त मामले में मकान के आसपास 15-20 पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों की टीम लगाकर सघन जांच करें एवं परिजनो की मांग पर पुलिस आईजी ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की भी बात कही है वही आईजी के शक्ति आगमन के दौरान छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज शक्ति इकाई के अध्यक्ष विजय डालमिया के नेतृत्व में पुलिस आईजी को ज्ञापन सोपा गया है, जिसमें चेंबर ऑफ कॉमर्स ने पुलिस उच्चाधिकारी से मांग की है की शक्ति शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस विशेष कार्य योजना के तहत पुरानी चोरियों पर भी सफलता प्राप्त करने की दिशा में कार्य करें एवं प्रकाश गोयल के निवास पर हुई चोरी की बड़ी घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल चोरों को पकड़ा जाए वहीं पुलिस आईजी के शक्ति आगमन के दौरान अन्य संस्थाओं ने भी मिलकर उन्हें चोरी की बड़ी घटना पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

ऑटो चालक की मृत्यु के बाद बालको में घंटो तक चला प्रदर्शन हुआ समाप्त

एक लाख का दिया गया मुआवजा

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिले के बालको क्षेत्र में एक ट्रक की टक्कर से जिस तरह से ऑटो चालक की मौत हुई, उसे लेकर जिला ऑटो संघ ने दिन भर हड़ताल और चक्काजाम किया। घंटो तक चले प्रदर्शन के बाद मृतक के परिजनों को एक लाख रुपयों का मुआवजा दिया गया, जिसके बाद हड़ताल को समाप्त किया गया। कोरबा जिले के बालको क्षेत्र में सड़क दुर्घटना के दौरान ऑटो चालक के मौत के मामले में घंटो तक चली हड़ताल समाप्त हो गई है। तेज रफ्तार ट्रक ने सवारी से भरी ऑटो को ठोकर मार दी थी, जिससे चालक की मौत होने के साथ ही आधा दर्जन सवारी घायल हो गए थे। हादसे के बाद लोगों का आक्रोश मौके पर फूट पड़ा था और जिला ऑटो संघ के साथ लोगों ने परसाभांटा चौक पर चक्काजाम कर शव को मौके पर रख प्रदर्शन किया। घंटो तक चले प्रदर्शन के बाद पुलिस अधीक्षक के साथ ही प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और एक लाख रुपए मुआवजा प्रदान करने की घोषणा के बाद आंदोलन को समाप्त किया गया। एक लाख रुपए मुआवजा देने के साथ ही मृतक के उपचार के पैसों को भी माफ किया जाएगा, इतना ही नहीं मृतक के बच्चों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा। इन सभी घोषणाओं के बाद प्रदर्शन को समाप्त किया गया।

संस्कार पब्लिक स्कूल हरेठी ने मतदान जागरूकता को लेकर की अनुकरणीय पहल

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से हरेठी सक्ति में स्थित सीबीएसई वाले संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति ने 12 अप्रैल को प्रातः सुबह 8:00 बजे ग्राम हरेठी मे स्वीप रैली का आयोजन किया, तथा बच्चो के द्वारा स्वीप रैली पर रंगोली बनाकर लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया गया, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूल के छात्रों और अभिभावकों में मतदान के प्रति जागरूकता और रुचि उत्पन्न करना था। जिला शिक्षा कार्यालय से प्राप्त निर्देशों पर अमल करते हुए संस्कार पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. हरेन्द्र पाल सिंह चौहान के दिशा - निर्देश तथा नेतृत्व में स्कूल के समस्त शैक्षणिक स्टाफ, गैर शिक्षकीय कर्मचारियों, विद्यार्थियों और प्रशासनिक विभाग के सदस्यों द्वारा प्रातःकाल में मतदान जागरूकता से संबंधित नारों का वाचन किया गया,स्कूल स्टॉफ और विद्यार्थियों ने हरेठी गाँव में भ्रमण करते हुए मतदान के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक करने का प्रयास किया जिसे सभी ग्रामवासियों का प्यार और समर्थन मिला । इस स्वीप रैली के आयोजन में संस्था के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान के साथ प्रशासनिक प्रमुख जयप्रकाश पटवा, शिक्षक अभिषेक शर्मा अशोक खूंटे, सुरेश जयसवाल, घनश्याम पटेल, कोमल पटेल ,शिक्षिका एकता श्रीवास्तव ,परिवहन प्रभारी हेमंत जयसवाल का विशेष योगदान रहा। वहीं दूसरी ओर संस्कार पब्लिक स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संध्याकाल में जिला शिक्षा कार्यालय के समक्ष स्वीप रैली में भाग लेकर स्वीप रैली के आयोजन और उद्देश्य को पूरा करने में सराहनीय और सार्थक प्रयास कर नगरवासियों को जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण सहभागिता दर्ज कराई, शक्ति के हरेठी में स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल सीबीएसई माध्यम वाला पूरे जिले का एक सर्वे सुविधायुक्त बड़ा स्कूल है, जहां बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जा रही है, तथा यह विद्यालय निरंतर शासन के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर अपनी सहभागीता करता है, तथा विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक,खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी करवाई जाती है।

जिले में 120 स्कूल बसों की हुई फिटनेस जांच, सड़क हादसे को देखते हुए लगाए गए जीपीएस, शिविर में चालकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसे को देखते हुए यातायात, पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त अभियान चलाकर वाहनों की जांच करने में लग गई है। निजी स्कूल बसों की जांच शुरू की गई। इसमें बस की फिटनेस जांच की गयी। बस में आग लगने पर फायर पंप, दुर्घटना होने पर आपातकालीन गेट, मेडिकल टूलबॉक्स के अलावा बसों की अन्य स्थिति जानी गई। दीपका क्षेत्र में स्कूली वैन सड़क हादसे का शिकार हो गई थी। इस हादसे में स्कूली बच्चों को चोंटे आई थी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रविवार को शहर के इंदिरा स्टेडियम में जिले के निजी स्कूल बसों की जांच की गई, जहां शहर और ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल प्रबंधन को यातायात और पुलिस के द्वारा जांच के लिए नोटिस जारी किया गया।

स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के दिए निर्देश

जांच के दौरान 120 निजी स्कूल बसों की फिटनेस जांच कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे में आवश्यक रूप से लगे होने चाहिए, लेकिन कई बसों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे जिन्हें लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही बसों मे जीपीएस और स्पीड गवर्नर लगाए गए।

बस के चालकों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

इसके अलावा इस कैंप में बस के चालकों का आई टेस्ट, शुगर टेस्ट, बीपी टेस्ट किया गया। वहीं उनके स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया। चालकों को निर्देश दिया गया है कि वह सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाए और सीमित गति और नियंत्रण रखें। शराब पीकर वाहन न चलाएं।

सड़क हादसों के कारणों का पता लगाने जुटी विभाग

परिवहन और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से कैंप लगाने के साथ बसों और अन्य वाहनों की फिटनेस जांच करने अभियान शुरू किया है। सड़क हादसों के कारण का पता करने के लिए स्कूल बसों से लेकर अन्य वाहनों की फिटनेस पर ध्यान दिया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सितार वादक पंडित असीम चौधरी ने किया दर्शकों को मंत्रमुग्ध

छत्तीसगढ़ राइजिंग आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा शास्त्रीय संगीत संध्या का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राइजिंग आर्टिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में साईं मंगलम बालकोनगर कोरबा में शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं वायलिन वादक अशोक अग्रवाल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राइजिंग आर्टिस्ट एसोसिएशन के प्रमुख संरक्षक शशि सिंह ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में संगीत मार्तंड स्व. गजानंद दास वैष्णव की धर्म पत्नी यज्ञसेनी वैष्णव, छत्तीसगढ़ राइजिंग आर्टिस्ट एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डॉ. गिरीश केशकर, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक एवं एसोसिएशन के प्रमुख मार्गदर्शक पंडित मोरध्वज वैष्णव एवं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कवयित्री डॉ. आशा आज़ाद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं स्व. गजानंद दास वैष्णव के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं प्रसिद्ध शास्त्री गायक कन्हैया दास वैष्णव एवं उनके शिष्यों द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम में पंडित मोरध्वज वैष्णव के नन्हे-नन्हे शिष्यों द्वारा सामूहिक तबला वादन एवं सामूहिक कथक नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया वहीं शास्त्रीय गायक कन्हैया दास वैष्णव ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अशोक अग्रवाल के द्वारा एक प्यार का नगमा है की धुन को वायलिन में प्रस्तुति देकर महफिल सजाया वहीं कायक्रम के प्रमुख आकर्षण कोलकाता से आये अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध सितार वादक पंडित असीम चौधरी के सितार वादन ने दर्शकों को देर रात तक भाव विभोर किया। कार्यक्रम के संबंध में एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डॉ. गिरीश केशकर एवं प्रमुख मार्गदर्शक पंडित मोरध्वज वैष्णव ने बताया कि संगीत मार्तण्ड स्व गजानंद दास वैष्णव जी की पुण्यतिथि पर उनको स्मृति में हर वर्ष इस तरह का आयोजन किया जाता है और इस माध्यम से कला के क्षेत्र में बच्चों एवं उभरते हुए कलाकारों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उनको प्रतिभाओं निखारने और संवारने का कार्य किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र सौंप कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन वॉइस ऑफ अमीन सयानी के रूप में विख्यात रमेश शर्मा जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कलाकार उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने किया पैदल पद यात्रियों का स्वागत एवं ठंडे पानी की की व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शक्ति शाखा के द्वारा नवरात्रि की पंचमी तिथि को अष्टभुजी माता अड़भार की यात्रा जो की महामाई मंदिर सक्ति से निकलकर 13 किलोमीटर दूर अष्टभुजी माता के मंदिर में जाती है, माता के भक्तों को ठंडा पिलाया गया, जिसने अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन शक्ति शाखा के के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे, जिसमें प्रमुख रूप से शक्ति शाखा की अध्यक्ष सुमन अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष उषा अग्रवाल, सीमा शिवनारायण अग्रवाल सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

तिल्दा के दो ट्रैक्टरो को खनिज विभाग ने थाना लवन लाया, लेकिन बिना शमन शुल्क काटे महज मिनटो में छोड़कर सवालों से घिरी

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

लवन तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा है।जंहा पिछले कुछ दिनों से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन चरम पर है। जो बलौदाबाजार जिला में रेत खनन के मामले में पहले पायदान पर पहुंच कर खूब सुर्खियां बटोर रही है। लगातार खनिज विभाग को मीडिया, मुखबिर, विधायक से शिकायत मिलते रहा है जिसके बावजूद खनिज विभाग कार्रवाई में सफलता प्राप्त नहीं कर पा रहा है। सूचना पर खनिज विभाग ने शुक्रवार 12 अप्रैल को शाम 5बजे रेड कार्रवाई किये थे, जंहा 2 ट्रैक्टर को रँगे हाथ पकड़े बाकी ट्रैक्टर नौ दो ग्यारह होने की जानकारी प्राप्त हुआ है लेकिन जिन दो ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर खनिज विभाग के सिपाही तिवारी लवन थाना लेकर आए उन दोनों ट्रैक्टर को किसी भाजपा नेता के फोन आने पर बिना शमन शुल्क काटे छोड़ने की जानकारी मीडिया को प्राप्त हुआ है। अब आपको आगे बताते चलें कि जिन दो ट्रैक्टर पर खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए थाना लाए थे वह तिल्दा के मशहूर रेत तस्कर के बताए जा रहे हैं, अब भला ऐसे मशहुर रेत तस्कर के ट्रैक्टरो को राहत देने के मायने क्या है, क्यों बिना शमन शुल्क काटे इतनी जल्दी क्यों छोड़ा गया? इस लापरवाही में क्या सिपाही तिवारी जिम्मेदार है या खनिज विभाग के उच्च अधिकारी, सम्पूर्ण प्रकरण जांच के दायरे में आ चुका है, आखिर एक रेत के मुख्य तस्कर जो बारह महीने इसी काम मे चूर होकर प्रशासन को न जाने कितने रुपये, कितने लाख, कितने करोड़ का चपत लगाते आ रहा है आखिर खनिज विभाग के सिपाही तिवारी ने इतनी बड़ी मेहरबानी किसके फोन आने और किसके कहने पर दिखाते हुए थाना से गाड़ियों को पकड़ने के महज मिनटों बाद क्यों छोड़ दिया गया क्या रिश्वत का सौदा बाजी मार गया या कुछ और वजह है फिलहाल सम्पूर्ण कार्रवाई जांच के घेरे में आ गया है कि कैसे खनिज में रसूख हावी है और गरीब किसानों पर कार्रवाई के नाम पर खनिज विभाग वाहवाही लूटने में पीछे नहीं रहता क्या खनिज विभाग छोड़े हुए गाड़ी को फिर थाना लेकर आएगा या सिपाही तिवारी के करतूतों के लिए खनिज विभाग या जिला कलेक्टर कोई बड़ा उपहार देगा।खनिज विभाग की कार्रवाई भी अजब गजब की है। ग्रामीणों द्वारा रेत की अवैध खनन रोकने के लिए रोजाना गुहार लगाई जाती है लेकिन यह तो कहानी कुछ अलग ही निकल कर सामने आते रहा है।कार्रवाई की जानकारी मीडिया को भी विभाग से मिल जाता है लेकिन कुछ घंटे बाद छोड़ने की जानकारी नही देना खनिज विभाग की कार्रवाई सवालों के घेरे में है। आखिर तिल्दा के रेत तस्कर के दोनों ट्रैक्टर को थाना से महज मिनटों बाद छोड़ने वाले कर्मचारी पर क्या जिला प्रशासन एक्शन लेगा या इस पकड़ो और छोड़ो के फिल्म का डारेक्टर कोई और है। या अपनी छवि को बेदाग बनाने के लिए रेत तस्कर के दोनों ट्रैक्टर पर शमन शुल्क नहीं काटते हुए थाना में कुछ महीने के लिए खड़ा रखेगा।सम्पूर्ण मामला दिलचस्प है सबकी निगाहें इस बात पर बनी हुई है आगे इस प्रकरण का क्या रोचक परिणाम क्या आएगा? देखने वाली बात है।वहीं इस मामले पर खनिज निरीक्षक भूपेंद्र भक्त ने बताया कि दो ट्रैक्टर पर तिल्दा में शुक्रवार को कार्रवाई हुआ है लेकिन छोड़ने की जानकारी नहीं है कि बात कहा।वंही जिला खनिज अधिकारी कुंदन बंजारे ने कहा कि वह छुट्टी पर होने के कारण नहीं बता पाएंगे कि बात कहा।आरोप झेल रहे सिपाही तिवारी किसी भी मीडिया कर्मियों को रविवार को बताया कि वह इलाज के लिए बिलासपुर गया था, जिला खनिज अधिकारी कुंदन बंजारे के कहने पर ही गाड़ियों को थाना से छोड़ा था, रिश्वत किसी से नहीं लेना स्वीकार किया।

उदयगामी सूर्य को अर्घ देकर छठ व्रतियों ने चैती छठ पूजा का किया समापन

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

चैती छठ पूजा का आरम्भ 12 अप्रैल से शुरू हुआ था चैती छठ को यमुना छठ के नाम से भी जाना जाता है। चार दिनों तक चलने वाली यह छठ त्यौहार नहाय-खाय के साथ शुरू हो जाता है। चैती छठ व्रत से कुछ जरूरी नियम भी जुड़े हैं, जिनका पालन करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। नगर के छठ व्रतियों ने 12 अप्रैल दिन शुक्रवार को नहाए खाए,13 अप्रैल दिन शनिवार को खरना, 14 अप्रैल को संध्या अर्घ्य,15 अप्रैल दिन सोमवार को प्रातः सूर्य अर्घ्य देकर त्योहार का समापन किया गया। नगर में छठ पूजा करने वाले महिलाओं एवं पुरुषों ने कन्हर नदी में छठ पूजा की। छत्तीसगढ़ एवं झारखंड प्रदेशों के बीच से बनने वाली कन्हर नदी के दोनों किनारो पर छठ व्रतियों ने अपना अपना सुपलो पर दीपक प्रज्वलित किए हुए थे जो काफी विहंगम योग बना हुआ था जिसे देखने के लिए अनेकों लोग उपस्थित हुए। उपस्थित जनों ने छठ मैया के शुपला पर माथा टेक कर आशीर्वाद के साथ छठ व्रतियों से प्रसाद ग्रहण किया। चैती छठ पर हमेशा स्नान-दान के बाद ही नहाय-खाय की शुरुआत की जाती है। खाने से पहले भगवान सूर्यदेव और छठ मैय्या का ध्यान व्रति जरूर करते है।

पहाड़ी माई मंदिर में भंडारा का आयोजन

रामानुजगंज। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के पहाड़ी माई मंदिर में समिति के द्वारा अष्टमी तिथि 16 अप्रैल दिन मंगलवार को प्रातः काल से ही भंडारे का आयोजन किया गया है आयोजित भंडारे में नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने माता के सभी श्रद्धालु भक्तों से आग्रह किया है कि उक्त भंडारे में सपरिवार इष्ट मित्रों सहित भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की कृपा करें।सानिका ने बताया कि उनके और दीपिका के बीच का रिश्ता मंगल और लक्ष्मी जैसा है। उन्होंने अभिनय में दीपिका के अनुभव से मिली सीख के बारे में बताया और उन उदाहरणों को याद किया जहां दीपिका ने कुछ शूटिंग सीन्स के दौरान उनकी मदद की थी। दीपिका कभी-कभी घर का बना खाना लाती हैं और उन्हें सेट पर घर जैसा महसूस कराती हैं। कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' से, मेरी इच्छा इस तरह से पूरी हो रही है जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। दीपिका सिंह (मेरी मंगल दीदी) के साथ काम करना लाजवाब अनुभव है। साथ ही, कार्तिक, अदित और जिया के साथ शूटिंग करना मज़ेदार है। यह शो मेरे लिए किसी आम मनोरंजन से कहीं बढ़कर है; यह मेरे लिए इमोशन है। न केवल एक बहन जैसा बॉन्ड, बल्कि मेरा जासूसी का पहलू भी, जिसे मैं शो में तलाशती हूं, वह मज़ेदार है, और यह हमारे ऑन-स्क्रीन प्रदर्शन में दिखाई भी देता है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक यूं ही हमें अपना प्यार देते रहेंगे, जैसा कि वे शो को अब तक देते आए हैं। मौजूदा कहानी में, जब लक्ष्मी अपने संभावित पति से बात कर रही होती है, तो कार्तिक बीच में आकर बताता है कि लक्ष्मी के जीवन में कोई खास है, जिससे वह चिंतित हो जाती है। जबकि लक्ष्मी की सगाई की तैयारी चल रही है, मंगल को पता चला कि लड़के ने रिश्ते से मना कर दिया है, जिससे दोनों बहनें और उनका परिवार अवाक रह गया। इस बीच, लक्ष्मी यह देखकर हैरान रह गई कि नितिन के साथ उसकी तस्वीरों की मॉर्फिंग की गई है, जिसके कारण उसकी सगाई टूट गई है। बाद में, इस हरकत क्रोधित मंगल ने लक्ष्मी को निर्दोष साबित करने की कसम खाई। क्या मंगल लक्ष्मी को निर्दोष साबित करने में सफल होगा?

अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता, रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

- नॉक आउट मुकाबले में 82 रनों से रायपुर स्मार्ट सिटी ने श्रम विभाग को हराया, श्रवण कुमार रहे मैन ऑफ द मैच

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन रायपुर के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्थानीय नेताजी सुभाष स्टेडियम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत 14 अप्रैल को अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं श्रम विभाग के मध्य खेला गया। इस नॉक आउट रोमांचक मुकाबले में रायपुर स्मार्ट सिटी ने 187 रन विशाल स्कोर बनाकर जीत हासिल की और सेमी फाइनल में अपनी जगह बनाई है। सेमीफाइनल में अब रायपुर स्मार्ट सिटी का मुकाबला खेल विभाग से मंगलवार की शाम को होगा। खेले गए मैच में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की टीम टॉस जीतकर प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में पहले बल्लेबाजी करने उतरी और बल्लेबाज श्रवण की 105 रन की आतिशी पारी से पूरी टीम 187 रन का लक्ष्य दिया। श्रम विभाग की टीम ने इस विशाल स्कोर का पीछा करते हुए 105 रन ही बना सकी। श्रवण मैन ऑफद मैच रहे। मैच के पश्चात जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी विश्वदीप ने खिलाड़ियों और नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल ने टीम की हौसला अफजायी की।

वर्तमान उच्च ब्याज दरें इसे पेंशन उत्पाद में निवेश करने का सही समय बनाती हैं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कई बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ महीनों में भारत में ब्याज दरों में लगभग 7 प्रतिशत के मौजूदा स्तर से गिरावट आएगी, जिससे ग्राहकों को वार्षिकी उत्पाद में वर्तमान ब्याज दर पर अपने निवेश को लॉक-इन करने का मौका मिलेगा। आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी वार्षिकी उत्पादों में सबसे अलग है क्योंकि यह ग्राहकों को व्यवस्थित निवेश करके सेवानिवृत्ति निधि बनाने में मदद करता है। यह सेवानिवृत्ति के बाद एक निश्चित और स्थिर आय सुनिश्चित करता है, जो भारत जैसे बाजार में विशेष रूप से फायदेमंद है जहां ब्याज दरों में गिरावट की भविष्यवाणी की जाती है। इसके अतिरिक्त, इस योजना का एक संस्करण एक अनूठी सुविधा प्रदान करता है जो भुगतान किए गए सभी प्रीमियमों का 100% रिफंड प्रदान करता है, जिससे यह जीवन बीमा उद्योग का पहला ऐसा उत्पाद बन जाता है। तो अब वार्षिकी उत्पाद में निवेश करने से ग्राहकों को कैसे लाभ होता है? पेंशन या वार्षिकी उत्पाद जो केवल जीवन बीमा कंपनियों द्वारा पेश किए जाते हैं, गारंटीशुदा नियमित आजीवन आय प्रदान करते हैं। ब्याज दर खरीद के समय ही लॉक-इन कर दी जाती है। सेवानिवृत्त लोग एक स्थिर आय पसंद करते हैं जो ब्याज दर के उतार-चढ़ाव से प्रभावित न हो, वार्षिकी या पेंशन उत्पाद सबसे अच्छा विकल्प हैं, जो नियमित आय प्रदान करते हैं जो उन्हें वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने में सक्षम बनाते हैं। चूंकि आगे चलकर ब्याज दर में गिरावट की उम्मीद है, वार्षिकी उत्पाद खरीदने वाले ग्राहक मौजूदा ब्याज दर पर अपने निवेश को लॉक-इन करने में सक्षम होंगे। आइए प्रजापति का उदाहरण लें जिन्होंने शुरुआत में अपनी बचत रुपये का निवेश किया था। उन्होंने 8प्रतिशत ब्याज पर 1 करोड़ रुपये की जमा राशि अर्जित की, जिससे उन्हें मासिक 67,000 रुपये की कमाई हुई, जिससे एक आरामदायक जीवन शैली का समर्थन मिला। हालाँकि जब उन्होंने कुछ वर्षों के बाद अपनी जमा राशि को नवीनीकृत करने का प्रयास किया तो ब्याज दर गिरकर 6प्रतिशत हो गई, उनकी मासिक आय घटकर 50,000 रुपये रह गई।

नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2024 ने तोड़े रिकॉर्ड, 62.5 करोड़ से ज्यादा के पुरस्कारों के लिए लगभग 2.3 लाख प्रविष्टियां मिली

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पोकरबाजी पर आयोजित भारत के सबसे बड़ा पोकर इवेंट नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2024 में 62.5 करोड़ रुपये से ज्यादा की पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले 2.3 लाख खिलाड़ियों की भागीदारी दर्ज की गई। दिल्ली में आयोजित श्रृंखला के समापन समारोह, नाइट ऑफ ग्लोरी में दिग्गज भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने भाग लिया और प्रतिभाशाली विजेताओं को सम्मानित किया। पोकरबाज़ी ने भारत के सबसे बड़े पोकर टूर्नामेंट और अपने प्रमुख टूर्नामेंट जीओएटी के 2024 संस्करण की घोषणा करके उपस्थित लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। भारत का इस सबसे बड़े पोकर टूर्नामेंट में 25 करोड़ रुपये की गारंटीशुदा पुरस्कार राशि की पेशकश की गई है। कंपनी की 10वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अक्टूबर 2024 में जीओएटी की मेजबानी की जाएगी। इसके साथ हा नेशनल पोकर सीरीज़ इंडिया 2024 की शुरुआत के बाद पोकर की गति को जारी रखने के लिए, प्लेटफॉर्म ने 1 अप्रैल से पूरे महीने के लिए हर दिन 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के साथ अपनी मनीमेकर सीरीज को भी हरी झंडी दिखा दी है। नेशनल पोकर सीरीज के चौथे संस्करण में, पोडियम स्पॉट के लिए जोरदार संघर्ष देखने को मिला। इसमें दिल्ली के दीपक सिंह विजयी हुए और 3 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक हासिल कर स्वर्ण पदक विजेता बने। बिहार के अभिषेक सोनू श्रृंखला के रजत पदक विजेता रहे। उन्होंने पोडियम पर दूसरा स्थान हासिल किया।

पैनासोनिक ने छत्तीसगढ़ में एसी की नई रेंज पेश की स्मार्टर लिविंग के लिए मैटर-इनेबल्ड आरएसी भी शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

एक प्रमुख डाइवर्सीफाइड टेक्नोलॉजी कंपनी पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने छत्तीसगढ़ के बाजार में 2024 के लिए अपने नए एयर कंडीशनर्स की श्रृंखला को लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने 60 मॉडल्स में 1.0, 1.5 और 2.0 टन के एयरकंडीशनर्स पेश किए हैं। एयर कंडीशनर्स की यह नई रेंज सभी प्रमुख रिटेल आउटलेट्स, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और पैनासोनिक ब्रांड स्टोर पर उपलब्ध है। अभिषेक वर्मा, पीएमआईएन, पीएलएस आईएनडी, में एयर कंडीशनर्स ग्रुप के बिजनेस हेड ने कहा, हाल ही में छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं के बीच कराई गई हमारी स्टडी में हमें एयरकंडीशनर के प्रयोग संबंधी लोगों की तरह-तरह की प्रमुख चिंताओं का पता चला है। स्टडी के अनुसार उपभोक्ताओं की मुख्य परेशानी रात में बार-बार एसी के तापमान को एडजस्ट करने, कूलिंग परफॉर्मेंस, आउटडोर यूनिट में जंग लगने और रखरखाव एवं सर्विसिंग की जरूरत से जुड़ी है। पैनासोनिक का नया एसी उपभोक्ताओं की उभरती जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। पैनासोनिक द्वारा लॉन्च किए गए भारत के पहले मैटर-इनेबल्ड एयर कंडीशनर न केवल इंटर ऑपरेबिलिटी प्रदान करते हैं, बल्कि हमारी इको-टफकेसिंग की वजह से यह विश्वसनीय और टिकाउ भी हैं। नए मिराई प्लेटफॉर्म के साथ हम अपने उपभोक्ताओं को स्मार्ट होम का अनुभव भी प्रदान कर रहे हैं। इसमें ट्रू एआई जैसे नए फीचर्स मौजूद हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आदर्श रूप से आराम पहुँचाने वाली ठंडक प्रदान करने के लिए यह एसी अपने आप सेटिंग्स को एडजस्ट करते हैं। पर्सनलाइज्ड स्लीप प्रोफाइल का फीचर रात में बार-बार तापमान को एडजस्ट करने की जरूरत को खत्म करता है। वर्मा ने आगे कहा, इन्वर्टर एसी की जबर्दस्त बिक्री को देखते हुए हम पूरे मध्य भारत से इन्वर्टर एसी की माँग में बढ़ोतरी होने की उम्मीद कर रहे हैं। भारत में लगभग सात फीसदी घरों में एसी है।

चैत्र नवरात्रि के दौरान कन्या पूजन कर भक्तों ने मां दुर्गा से लिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान नौ दिनों तक मां दुर्गा की बड़े धूमधाम से पूजा अर्चना कि जा रही है। नवरात्रि के दौरान 9 दिनों तक कन्या पूजन करने का विधान के अनुसार स्थानीय लारंगसाय कम्युनिटी टाउन हॉल में कन्या पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी मंडल रामानुजगंज अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता शामिल हुई और उपस्थित कन्याओं का मां दुर्गा का स्वरूप मानते हुए चरण धोकर एवं चुनरी ओढ़ा कर उन्हें तिलक लगाकर कन्या पूजन की गई। मान्यता है कि कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप माना जाता है। कन्या पूजन करने से आपको उपवास का भी फल मिलता है। साथ ही घर में सुख शांति बनी रहती है। देवी भागवत पुराण के अनुसार, देवराज इंद्र ने भगवान ब्रह्माजी से भगवती को प्रसन्न करने की विधि पूछी, तो उन्होंने सर्वोत्तम विधि के रूप में कुमारी कन्याओं का पूजन ही बताया। हिंदू धर्म में कन्या पूजन का महत्व बेहद खास है। यह ना केवल नवरात्रि में ही बल्कि किसी भी शुभ कार्य के पूर्ण होने के बाद भी अक्सर कन्या पूजन किया जाता है। नवरात्रि में कन्या पूजन की, तो यह बहुत शुभ है। मान्यता है कि, नवरात्रि में उपवास रखने के बाद कन्या पूजन करने से माता रानी प्रसन्न होती है। और आपको सुख-समृद्धि, धन-संपदा का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही कन्या पूजन करने से कुंडली में नौ ग्रहों की स्थिति मजबूत होती है। बता दें कन्या पूजन से आपके परिवार के सभी सदस्यों की तरक्की भी होती है।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु किया गया ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट का प्रदर्शन

किरंदुल। सोमवार को ईव्हीएम मशीन की जानकारी एवं व्हीव्हीपेट का प्रदर्शन कर मतदाता जागरूकता एवं स्वीप कार्यक्रम का आयोजन बस स्टैंड किरंदुल बीआईओपी स्कूल के पास किया गया। एन एम डी सी क्षेत्रो एवं अन्य वार्डो मे शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को शपथ दिलाया गया। मौके पर नगरपालिका सहायक राजस्व निरीक्षक गौरीशंकर तिवारी,सुपरवाइजर शांति मिडियामी एवम अन्य उपस्थित थे।

भगवान परशुराम सर्व ब्राह्मण शोभायात्रा 12 मई को निकलेगी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भगवान परशुराम प्राकट्य अवसर पर सर्व ब्राह्मण शोभायात्रा के आयोजन को लेकर समाज प्रमुखों की बैठक आशीर्वाद भवन में आहूत की गई। बैठक में सभी समाज प्रमुखों के विचार लेकर 12 मई को प्रतिवर्षानुसार धरना स्थल बुढ़ापारा से सायं 4:00 बजे शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। शोभायात्रा के स्वरूप को व्यापक रूप देने हेतु गहन विचार मंथन हुआ। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार यात्रा धरना स्थल से प्रारंभ होकर बुढ़ापारा, सिटी कोतवाली, मालवीय रोड, जय स्तंभ, शारदा चौक, तत्यापारा, होते हुए अंबा देवी मंदिर में आयोजित महा आरती में शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से कान्यकुब्ज, सर्व ब्राह्मण समाज, वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन, विप्र वाहिनी, गोड ब्राह्मण, छत्तीसगढ़ी, सरयूपारीण, मराठी, पंजाबी, प्रगतिशील, पुष्टिकर, ब्रह्म भट्ट, आंध्रा, सनाड्य ब्राह्मण समाज के अरुण शुक्ला, ललित मिश्रा, प्रहलाद मिश्रा, दिनेश शुक्ला, विनय तिवारी, अरविंद ओझा, राजीव उंबरकर, सुरेश मिश्रा, रज्जन अग्निहोत्री, राघवेंद्र मिश्रा, नीतीश शर्मा, संतोष पुजारी, अजीत शर्मा, धनंजय शर्मा, श्याम दुबे, आशीष पंडित, बिहारी लाल शर्मा, उमाकांत मिश्रा, राजेश शर्मा, संदीप गोविलकर, जयप्रकाश मिश्रा, संजय शर्मा, सोमेश चंद्र तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में लिए गए निर्णय पर अपनी सहमति देने वाले समाज प्रमुखों में मुख्य रूप से मुक्तिनाथ पांडे, राजेंद्र दुबे, नीलकंठ त्रिपाठी, लव कुश पांडे, सुरेश शुक्ला, मुन्ना मिश्रा, मनीष मिश्रा, जेपी शर्मा, राजेश मिश्रा, नीरज शर्मा, अक्षय दीवान, आर मुरली, दशरथ शुक्ला, वीरेंद्र शुक्ला, राजकुमार शर्मा, अजय त्रिपाठी, प्रमोद गौतम, शिवाकांत त्रिपाठी, विशाल पांडे शामिल है।

विभिन्न खेल गतिविधियां 6 से 7 अप्रैल एवम 13 अप्रैल शनिवार को आयोजित किया गया

स्वीप खेल गतिविधियों के विजेताओं को कलेक्टर ने किया पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान जिले में आयोजित किया जा रहा हैं। खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा स्थानीय मिनि स्टेडियम महासमुंद में विभिन्न खेल गतिविधियां 6 से 7 अप्रैल एवम 13 अप्रैल शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियां 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, कुर्सी दौड़, लंगड़ी दौड़, संखली, बोरा दौड़, फ्रंट रोल, चम्मच बांटी दौड़, खो खो व कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिले के बालक बालिका खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने आयोजन में मतदाताओं को जागरुक करने संदेश देते हुए नारे लगाए, दाई-ददा दूनों झन, मतदान करें बर भूलों झन। हम सब हैं देश की शान, चलो चले करें मतदान। चाहें नर हो या नारी, मतदान हैं सबकी जिम्मेदारी। शत प्रतिशत मतदान, महासमुंद का अभिमान। मत देना अपना अधिकार, बदले में न लो उपहार। चुनाव का पर्व है देश के लिए गर्व है, मतदान करना हम सबका कर्त्तव्य है। इसके साथ मतदान ज़रूर करें का संदेश दिया। 13 अप्रैल को पुरस्कार वितरण समारोह में जिले के कलेक्टर एवम् जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक, जिला स्वीप नोडल अधिकारी एस. आलोक ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जिसमें बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान विजेता जोशी द्वितीय स्थान सुरेखा ध्रुव तृतीय स्थान अनिशा मिंज, कुर्सी दौड़ में प्रथम नीरा देवांगन द्वितीय सोनाली दीवान तृतीय राधिका दीवान, गोला फेंक में प्रथम वर्षा सोनटके द्वितीय प्रीति सबर तृतीय कामिनी ध्रुव, बोरा दौड़ में प्रथम सुरेखा ध्रुव द्वितीय प्रीति सबर तृतीय पूर्णिमा धीवर, चम्मच बांटी दौड़ में प्रथम भुवनेश्वरी सोनकर द्वितीय पदमिनी साहू तृतीय प्रियांशु साहू, फ्रंट रोल में प्रथम प्रियांशु साहू द्वितीय विजेता जोशी तृतीय सोनाली दीवान, लंगड़ी दौड़ में प्रथम सुरेखा द्वितीय प्रीति तृतीय राधिका व बालक वर्ग में प्रथम स्थान राजेन्द्र पटेल द्वितीय श्यामचंद तृतीय सागर यादव, बोरा दौड़ में प्रथम डगेंद्र रात्रे द्वितीय राजेंद्र तृतीय आर्य राज, गोला फेंक में प्रथम आर्य राज द्वितीय प्रेम सिंह तृतीय डगेंद्र रात्रे, चम्मच बांटी दौड़ में प्रथम हेमंत साहू द्वितीय पूनम साहू तृतीय इंद्रजीत, फ्रंट रोल में प्रथम राजेंद्र द्वितीय डगेंद्र तृतीय आर्य राज, लंगड़ी दौड़ में प्रथम अनमोल द्वितीय राहुल तृतीय इंद्रजीत को मिला। खो खो, कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से जिला पंजियक दीपक मंडावी, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनिल भोई, हिरेंद्र साहू, एवन साहू ने परिचय प्राप्त कर खेल की शुरुवात किया। 26 अप्रैल को मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने संदेश दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में टिकेश्वर,अभिषेक, उदय, सेवन दास, नीलम सिन्हा का सहयोग रहा।

'मंगल लक्ष्मी' की सानिका अमित ने कहा, मुझे हमेशा से एक बड़ी बहन का प्यार चाहिए था, और दीपिका सिंह के साथ काम करके मुझे उस प्यार का अनुभव हो रहा है

रायपुर। पूरे भारत में गृहिणियों का दिल जीतते हुए, कलर्स का 'मंगल लक्ष्मी' कुछ ही समय में घर-घर का पसंदीदा बन गया है। यह शो दो बहनों के सफर को खूबसूरती से दर्शाता है, जहां वे अपने जीवन में आगे बढ़ते हुए एक-दूसरे के परस्पर रिश्तों में उनके लिए सम्मान हासिल करने की कोशिश करती हैं। कहानी के अनुसार, मंगल (दीपिका सिंह द्वारा अभिनीत) को पूरे दिल से अपनी बहन लक्ष्मी (सानिका अमित द्वारा अभिनीत) का समर्थन करते हुए दिखाया गया है। वह लक्ष्मी की देखभाल अपनी बेटी की तरह करती है और उसके लिए ऐसा दूल्हा ढूंढने की कोशिश करती है, जो उसकी देखभाल करे और उसका सम्मान करे, कुछ ऐसा जिसका अनुभव मंगल ने खुद अपनी शादी में नहीं किया था। सानिका ने बताया कि उनके और दीपिका के बीच का रिश्ता मंगल और लक्ष्मी जैसा है। उन्होंने अभिनय में दीपिका के अनुभव से मिली सीख के बारे में बताया और उन उदाहरणों को याद किया जहां दीपिका ने कुछ शूटिंग सीन्स के दौरान उनकी मदद की थी। दीपिका कभी-कभी घर का बना खाना लाती हैं और उन्हें सेट पर घर जैसा महसूस कराती हैं। कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में लक्ष्मी की भूमिका निभा रहीं सानिका अमित कहती हैं, मैं घर में बड़ी बहन हूं, लेकिन इस शो में मुझे छोटी बहन बनने का मौका मिला है। कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' से, मेरी इच्छा इस तरह से पूरी हो रही है जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी।

भाजपा : जनता की महत्वाकांक्षा ही मोदी का मिशन है
कांग्रेस : न्याय पत्र के सामने जुमला है मोदी की गारंटी

मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी : संजय श्रीवास्तव, कांग्रेस की घोषणा पत्र में सर्वहारा वर्ग की सोच दर्शित : शाहिद

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा और कांग्रेस ने आज अपने घोषणा पत्र को लेकर पत्रकारवार्ता की। दोनों ही दलों के नेताओं ने अपने दलों की घोषणाओं को सामने रखते हुए वायदों को देश का भविष्य बदलने वाला करार दिया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मोदी की गारंटी में बेरोजगारी, महंगाई, किसानके लिए कुछ भी नहीं है। जबकि भाजपा ने लोगों की जीवन शैली को उन्नत बनाने सहित इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। गौरतलब है कि भाजपा ने रविवार को ही अपना संकल्प पत्र - मोदी की गारंटी जारी किया है। दूसरी ओर कांग्रेस पहले ही अपना घोषणा पत्र जारी कर चुकी है। कांग्रेस नेताओं ने अग्निवीर योजना को कोसा है। वहीं भाजपा के घोटाले के आरोप को नकारते हुए कांग्रेस ने कहा कि - भाजपा झूठ बोल रही है। महादेव एप अब भी चल रहा है क्यूंकि मोदी सरकार उसे संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस की जनहितैषी योजनाओं को भी बंद कर लोगों को ठगा है। कांग्रेस ने कहा कि - न्याय पत्र के सामने मोदी की गारंटीजुमला है। इधर, भाजपा ने अपने विजन की बात की है। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि -भारतीय लोगों की जीवन शैली को उन्नत बनाने के प्रयास संकल्प पत्र में साफ हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलमेंट को लेकर बड़ी तैयारियां मोदी सरकार ने की है। जीरो टॉलरेंस और भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई की साख मोदी सरकार ने बनाई है। कांग्रेस के शासन में एक रुपए का 15 पैसा ही लोगों तक पहुंचता था। लेकिन डीबीटी के माध्यम से भाजपा ने इसे पारदर्शी बनाते हुए भ्रष्टाचार पर रोक लगाई है। उन्होंने कहा कि - जनता की महत्वाकांक्षा ही मोदी का मिशन है।

भाजपा का दावा पाईप लाईन से मिलेगी सस्ती गैस

भाजपा की ओर से प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव, महामंत्री भरत वर्मा, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, भाजपा नेता सौरभ कोठारी ने मोदी की गारंटी को सामने रखा। उन्होंने कहा कि -संकल्प पत्र में स्पष्ट है कि मोदी सरकार 80 करोड़ परिवारों को अगले 5 साल तक मुफ्त राशन स्कीम का फायदा देती रहेगी। 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा। तीन करोड़ और घर बनाए जाएंगे। घर-घर तक पाइप लाइन से सस्ती रसोई गैस पहुंचाने की गारंटी भी पीएम मोदी ने बीजेपी के मेनिफे स्टो में दी है। घोषणा पत्र में यूसीसी और 'वन नेशन वन इलेक्शन' को लेकर बड़ी गारंटी दी है। देश में वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार किया जाएगा।तीसरा कार्यकाल मिलने पर 3 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति बनाने की गारंटी पीएम मोदी ने बीजेपी के घोषणापत्र में दी है।

कांग्रेस ने गिनाए अपने वायदे हर साल मिलेंगे एक लाख

कांग्रेस नेता शाहिद खान, महापौर हेमा देशमुख, युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार और प्रवक्ता रुपेश दुबे ने कहा कि - कांग्रेस ने देश की जनता को न्याय की 5 गारंटियां दी है। इनमें महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए, 30 लाख खाली पदों पर भर्ती, सरकारी पदों और परीक्षाओं में आवेदन शुल्क समाप्त करने का वादा किया है। इसके अलावा 21 साल से कम प्रतिभाशाली और उभरते खिलाड़ियों को हर महीने 10 हजार रुपये छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन 400 प्रतिदिन करने की गारंटी दी है। कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में गारंटी दी है कि उसकी सरकार आने पर वह लोगों को उनके स्वास्थ्य की देखभाल के लिए 25 लाख तक के कैशलेस बीमा का राजस्थान मॉडल पूरे देश में लागू करेगी। किसानों से वादा किया है कि वह स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार एमएसपी की कानूनी गारंटी देगी।

चिकित्सकों ने छोड़ा मेडिकल कॉलेज, चिकित्सा प्रभावित हो रही

अलग-अलग विभागों की डॉक्टरों ने ली रवानगी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज के अलग-अलग विभाग में पदस्थ चिकित्सक नौकरी छोड रहे हैं। बीते 4 महीनों के भीतर 9 चिकित्सकों ने त्यागपत्र दिया है। नौकरी छोड़ दी है। वहीं प्रशासकीय तबादले से भी कॉलेज के कई विशेषज्ञ चिकित्सक बाहर पदस्थ हो गए हैं। जिसके चलते कई महत्वपूर्ण विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद रिक्त हो गए हैं। मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजिस्ट एक्स-रे समेत हड्डी, कैंसर व नेत्र जैसे महत्वपूर्ण विभाग खाली हो गए हैं। मरीजों को जांच में दिक्कतें आ रही है। मेडिकल कॉलेज में जिस तरह से चिकित्सकों ने निजी कारणों का हवाला देकर दूसरे शहर में जाने में रूचि ली है। इससे मेडिकल कॉलेज की मान्यता पर भी खतरा मंडरा रहा है।

बताया जा रहा है कि हाल ही में रेडियोलॉजिस्ट और एक्स-रे विभाग से तीन चिकित्सकों का रायपुर तबादला हो गया। यह तबादला शासन स्तर पर हुआ है, लेकिन अन्य चिकित्सक कम वेतन और मेडिकल कॉलेज में व्याप्त कुप्रबंधन से हताश होकर इस्तीफा दिया है।

चार माह में एकमात्र नेत्र सर्जन डॉ. सौम्या डुलानी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश डुलानी, सर्जन विभाग के एचओडी रूपनारायण साहू, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. चैतन्य साहू और प्रसूति विभाग की एक महिला चिकित्सक व मेडिसीन विभाग के डॉ. किशोर ने इस्तीफा दिया है।

इस तरह चार माह के भीतर 9 से ज्यादा चिकित्सकों ने नौकरी छोड़ दी है। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में एक बड़ी आबादी का इलाज होता है। न सिर्फ राजनांदगांव, बल्कि बालोद, कवर्धा एवं आसपास के पड़ोसी राज्यों के मरीज भी उपचारार्थ दाखिल होते हैं। फिलहाल चिकित्सकों के इस्तीफे से निपटने के लिए प्रबंधन के पास कोई ठोस कार्ययोजना नहीं है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पडना तय है।

प्राचार्य को ट्रेलर ने चपेट में लिया, मौत

■ चुनावी ट्रेनिंग लेकर लौट रहे थे

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खैरागढ़ जिले में चुनावी ट्रेनिंग के पश्चात घर लौट रहे एक स्कूली प्राचार्य की ट्रेलर की चपेट में आने से मौत हो गई। रविवार को यह हादसा गंडई के नजदीक नर्मदा और चकनार के बीच हुआ, जिसमें प्राचार्य की जान चली गई। मिली जानकारी के मुताबिक ढाबा हाईस्कूल में प्राचार्य के पद पर पदस्थ विजयलाल रजक रविवार को खैरागढ़ में आयोजित चुनावी प्रशिक्षण लेकर अपने घर पेंडरवानी लौट रहे थे। शाम लगभग 6.30 बजे वह नर्मदा-चकनार के बीच जब वह मोटर साइकिल से पहुंचे, उस दौरान कवर्धा की ओर जा रही एक ट्रेलर ने उन्हें अपने चपेटे में ले लिया। घटना से प्राचार्य के सिर और नाक में गंभीर चोंट पहुंची। जिससे वह लहुलुहान हो गए। घायल हालत में उन्हें खैरागढ़ एसपी कार्यालय में पदस्थ एक कर्मचारी ने अपनी कार से अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। प्राचार्य को घायल देखकर ग्राम चकनार के रहने वाले यशवंत पटेल, दुनेश्वर जंघेल, प्रदीप जंघेल समेत अन्य ग्रामीण मदद के लिए सामने आए। बताया जा रहा है कि प्राचार्य की उम्र लगभग 55 वर्ष थी। उन्होंने चकनार स्कूल में भी अपनी सेवाएं दी थी। सडक़ दुर्घटना में प्राचार्य की मौत की खबर से परिवार को जबर्दस्त आघात लगा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिगड़े लहजे के चलते फिर घिरे विधायक भोलाराम, सेक्टर प्रभारी ने की शिकायत

■ खपराभाट में कार्यक्रम के दौरान हुआ विवाद

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खुज्जी विधायक भोलाराम साहू एक बार फिर कार्यकताओं से उलझने को लेकर विवादों में हैं। इस बार गैंदाटोला क्षेत्र के सेक्टर प्रभारी के साथ उनके रुखे व्यवहार और विवाद का मामला सामने आया है। इससे पहले वे छुरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रितेश जैन को धमकाने और उन्हें अपशब्द कहने के मामले में घिर चुके हैं।

हालिया वाकये के मुताबिक विधायक भोलाराम साहू रविवार को गैंदाटोला सेक्टर के ग्राम खपराभाट में सेक्टर प्रभारी भिखम देवांगन पर आगबबूला हो गए। इस दौरान उन्होंने कुछ तीखे शब्द भी कहे। लोगों के सामने ही विधायक ने इस तरह के व्यवहार से देवांगन को झिड़क दिया। इस घटना के तत्काल बाद सेक्टर प्रभारी ने संगठन के वरिष्ठ नेताओं से शिकायत की।

बताया जाता है कि, विधायक के खिलाफ मिली शिकायत पर वरिष्ठ नेता को मान-मनौव्वल करना पड़ा। उन्होंने विधायक की ओर से माफी मांगते हुए सेक्टर प्रभारीको चुनावी अभियान में जुटे रहने के लिए मना लिया।

सेक्टर प्रभारी भिखम देवांगन ने बताया कि, रविवार को गैंदाटोला में एक चर्चा के दौरान विधायक भोलाराम साहू ने उन्हें काफी कुछ कहा। इसके बाद खपराभाट में कार्यक्रम के दौरान उन्होंने फिर एक बार अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए लोगों के सामने अपमानित किया। कांग्रेस के लिए समर्पित कार्यकर्ता होने के बावजूद नेताओं द्वारा इस तरह का व्यवहार अनुचित है। मैंने इसकी शिकायत भी की। हालांकि, वरिष्ठ नेताओं ने मुझे समझा और विषय पर संज्ञान लेने की बात कही है।

दूसरी ओर विधायक भोलाराम साहू ने इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, कौन है जो ऐसी बातें कह रहा है। हम सभी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता और भाईचारे के साथ काम करने वाले लोग हैं। किसी के साथ ऐसा कोई विवाद नहीं हुआ है। सभी पूरी लगन से चुनावी अभियान में जुटे हुए हैं।

क्षेत्र में बढ़ रही विधायक के खिलाफ नाराजगी

भोलाराम साहू कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक हैं। वे तीसरी बार विधायक चुने गए हैं। लेकिन इस दफा उनकी कार्यशैली, संगठन में दखल के अलावा बिगड़े लहजे ने उनके खिलाफ नाराजगी बढ़ा दी है। कुछ दिनों पहले उनके करीबी द्वारा जारी बूथ प्रभारियों की सूची को लेकर बखेड़ा खड़ा हो गया था। इसमें मृत व्यक्तियों को प्रभारी बना दिया गया था। इसके बाद विधायक स्वेच्छानुदान में अपने करीबी व्यक्ति के पूरे परिवार और उसके नौकर को आर्थिक सहायता दिए जाने का विवाद भी हालही में सामने आया था। छुरिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन को धमकाने और उन्हें अपशब्द कहने के मामले में तो उनकी शिकायत प्रदेश नेतृत्व से की गई थी। अब एक बार फिर वे सेक्टर प्रभारी से बिगड़े लहजे में बात करने को लेकर घिर रहे हैं। एक के बाद एक इस तरह के वाकयों से भोलाराम साहू के खिलाफ खुज्जी क्षेत्र में नाराजगी बढ़ रही है। वे लगातार विवादों में भी बने हुए हैं।

रामनवमी की तैयारी शुरु

राजनांदगांव । रामनवमी के अवसर पर 18 अप्रैल को रामनवमी उत्सव समिति विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। विहिप के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इसकी तैयारी में जुटे है। महावीर चौक स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से दोपहर में यह शोभायात्रा निकाली जाएगी। शहर भ्रमण करने के बाद यह शोभायात्रा वापस उसी मंदिर में पहुंचेगी जहां भक्तों को प्रसादी वितरण किया जाएगा। इसके पहले भी नवरात्र के पहले दिन हिन्दू नर्व वर्ष का शुभारंभ होने पर बाइक रैली निकाली गई थी।

बौद्ध अनुयायियों ने निकाली बाबा की जीवंत झांकी

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

संविधान के रचयिता भारतर डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133 वी जयंती अंचल के सामाजिकजनों ने सदभावनापूर्वक मनाई। डोंगरगांव नगर, खुज्जी, दर्री, बेन्दरकटा सहित में बौद्ध समाज के अनुयायियों ने बाबा की जयंती हर्सोल्लास प्रकट की। ग्राम खुज्जी के बौद्ध समाज के ने अम्बेडकर भवन में विधिवत पूजन कर बाबा के तैल्यचित्र को नमन किया। खुज्जी में बौद्ध समाज के अनुयायियों ने बाबा साहेब की जीवन दर्शन की जीवंत झांकी के साथ सामूहिकता प्रदर्शित की। डोंगरगांव नगर के सिनेमा लाइन में भी बौद्ध समाज ने बाबा साहेब की जयंती मनाई। खुज्जी के आयोजन में कपिल गौरकर, रविन्द्र चौरे, सुद्दोधन सोनटेके, ओमप्रकाश रामटेके, यशवंत राव रँगारी, ललित मेश्राम, संदीप घोडेसवार सहित सामाजिकजन शामिल हुए।

देश की सुरक्षा के लिए मोदी सरकार जरूरी : संतोष अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी राजनांदगांव विधानसभा के चुनाव प्रभारी संतोष अग्रवाल ने कहा है कि देश की सुरक्षा के लिए आज मोदी सरकार प्रथम आवश्यकता बन चुकी है। इसके पूर्व की सरकारों में देश की सुरक्षा व्यवस्था से पूरा देश परिचित है। उन्होंने कहा कि उन्हें एक घटना जो मनमोहन सिंह कार्यकाल में घटी थी, जिस पर देश विश्व जगत में शर्मसार हुआ था। उन्होंने बताया कि 2009 का आईपीएल भारत में नहीं दक्षिण अफ्रीका में हुआ था और वजह थी कि चुनाव होने के कारण, भारत सरकार ने सुरक्षा के लिए मना कर दिया था, कहा था कि हालात ऐसे है कि देश में चुनाव हो रहे हैं और हम आईपीएल मैचों के दौरान सुरक्षा नहीं दे सकते हैं। अब दिमाग से सोचो कि कैसी सरकार रही होगी जो अपने ही देश में आयोजन हो रहा है और उसके लिए वह सुरक्षा नहीं दे सकते थे, मजबूरी में इस पूरे टूनामेंट को दक्षिण अफ्रीका में करना पड़ा था।

उस समय देश में हालत इतने खतरनाक थे कि हर दिन किसी न किसी राज्य में बम धमाके होते थे, सिक्योरिटी पूरी तरह से लेप्स थी। ट्रेन में, मंदिर में, बस में, बस स्टेशन पर हर जगह धमाके होते थे। अग्रवाल ने कहा कि आज मोदी सरकार आने के बाद आप हालत देख लीजिए। वही भारत की सेना है, वही राज्यों की पुलिस है और वही भारत के नागरिक है हर तरफ शांति है, कहीं कोई बम धमाका नहीं। आईपीएल बड़े धूमधाम से चल रहा है और चुनाव भी बड़े आराम से हो रहे हैं। देश की सुरक्षा के लिए मोदी जी का चुनाव करना हैं। एक तरफ मोदी है और दूसरी तरफ भ्रष्टाचारी दल हैं।

अग्रवाल ने जोर देकर कहा कि ध्यान रहे जब देश में अराजकता होती है, आतंकवादी बम धमाके करते हैं तो आपकी जाति का उम्मीदवार उस जगह आपकी मदद करने को नहीं आएगा क्योंकि हो सकता है किसी धमाके में आप कुछ कर जाओ, क्या करेगा आपकी जाति का उम्मीदवार। इसलिए इस जातिवाद के बंधन से बाहर निकलकर राष्ट्रहित के लिए मतदान करिए और एक बार फिर मोदी की सरकार बनाए। अग्रवाल ने कहा कि ऐसी पार्टी को वोट दें जिनकी जीत पर पटाखे भारत में फोड़े जाएं ना कि पाकिस्तान में।

दुर्ग के कारीगरों ने बनाया, 300 ग्राम सोना ट्रस्ट ने दिया

मां को अर्पित हुआ मुकुट : 500 ग्राम है वजन, कीमत लगभग 35 लाख

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी माता को पंचमी पर आधा किलो वजनी सोने का मुकुट भेंट चढ़ाया गया है। बीते शनिवार दोपहर को मंदिर के पुजारी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर मां को मुकुट पहनाया।बताया जा रहा है कि बाजार में उक्त मुकुट की कीमत लगभग 35 लाख रुपए है।

श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि मुकुट के लिए 200 ग्राम सोना नागपुर के चांडक परिवार ने दान किया है। जबकि 300 ग्राम भक्तों द्वारा चढ़ाया गया सोना है जिसे मिलाकर मुकुट तैयार करवाया गया है। उन्होंने बताया कि मुकुट की कारीगरी का काम छत्तीसगढ़ में दुर्ग के ही कारीगर को सौंपा गया था। तकरीबन 17 सौ फीट उपर पहाड़ पर मां बम्लेश्वरी का मंदिर स्थित है। इसका इतिहास 22 सौ वर्ष पुराना बताया जाता है। वर्ष 1967-68 में इस मंदिर के देखरेख के लिए ट्रस्ट बनाया गया। ट्रस्टी मनोज अग्रवाल के मुताबिक हर चैत्र नवरात्र में यहां तकरीबन 10 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। विदेश से भी लोग यहां पहुंचते हैं। ट्रस्टी ने बताया कि इस इस चैत्र नवरात्र पर यहां पहाड़ स्थित मंदिर के ज्योत कक्ष में 7351 कलश स्थापित किए गए हैं। इसी तरह पहाड़ के नीचे स्थित मंदिर के ज्योत कक्ष में 901 ज्योतप्रज्जवलित हैं। गौरतलब है कि धर्मनगरी डोंगरगढ़ केंद्र सरकार की प्रसाद योजना के तहत चुने गए धार्मिक पर्यटन स्थल में भी शामिल है। यह क्षेत्र जैन तीर्थ भी है। यहां विशाल चंद्रगिरी मंदिर का निर्माण जारी है। कुछ महिनों पहले ही जैनाआचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने चंद्रगिरी तीर्थ में ही समाधि ली थी। इसके अलावा यह बौद्ध धर्म का भी केंद्र है। यहां प्रज्ञागिरी मंदिर में अष्टधातु की विशाल गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित है। प्रतिवर्ष यहां धार्मिक आयोजनों में देश विदेश के भिक्षु और धर्मावलंबी पहुंचते हैं।

संविधान का संकल्प पत्र से तुलना भाजपा का नकारात्मक सोच का उदाहरण : कुसुम दुबे

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं खैरागढ़ विधानसभा की प्रभारी अधिवक्ता कुसुम दुबे ने मुख्यमंत्री के भारतीय संविधान का संकल्प पत्र की तुलना पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद धारी को संविधान से राजनीतिक पत्र का तुलना करना उनकी संविधान के प्रति नकारात्मक सोच का जीवंत उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान से देश चलने के साथ मौलिक अधिकार आम जनता को प्रदान किए हैं जो अक्षुण है। वहीं संकल्प पत्र वर्ष 2004, 2009,14 19 अब 2024 के संकल्प पत्रों से भाजपा का बदलता चेहरा साफ नजर आता है। वर्तमान में गैस पाइप लाइन के से गैस प्रदान करने की बात की जा रही है। सांसद संतोष पांडे के संपूर्ण संसदीय क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने वाले गेल लिमिटेड ने किसानों के खड़ी फसल व सिंचाई के लिए बिछाए गए ड्रिप इरिगेशन को जिस प्रकार से तहस-नहस कर उन्हें आर्थिक मार दी है। यहां तक की किसानों को मुआवजा भी प्रदान न कर सीधे उनको जहां फसल से वंचित किया और दोहरा आर्थिक मार दी। उन्होंने कहा कि - ऐसी स्थिति में भाजपा और संसद में थोड़ी भी नैतिकता है तो गेल लिमिटेड पर अपराध दर्ज कराकर किसानों को उनकी भूमि और उनकी संपत्ति के नुकसान का मुआवजा प्रदान कराएं। शौचालय की राशि का हेराफे री भी लोकसभा क्षेत्र में जगजाहिर है।पीएम उज्जवला गैस योजना के नाम महिलाओं को मुक्त गैस देने का सब्जबाग दिखाकर रिफिलिंग के बोझ तले दबाने का काम भी बीजेपी ने किया है। उज्जवला गैस कनेक्शन की रिफिलिंग का प्रतिशत आंकड़ों के अनुसार उजागर हुआ है जो गरीब परिवारों के साथ जुमलेबाजी और अन्याय का साफ उदाहरण है।

भाजपा को सिर्फ ताली बजाने और हाथ उठाने वाला सांसद चाहिए: देवेन्द्र यादव

कांग्रेस प्रत्यासी देवेंद्र यादव से पायनियर की खास बातचीत

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण लोकसभा सीटों में न्यायधानी बिलासपुर सीट भी शामिल है। लगातार भाजपा प्रत्याशी की इस लोकसभा सीट से हो रही जीत को देखते हुए कांग्रेस ने इस बार कांग्रेस के तेज तर्रार युवा विधायक देवेंद्र यादव को बिलासपुर सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। देवेंद्र यादव से चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर पायनियर की विशेष बातचीत हुई। उन्होंने तमाम प्रश्नों का बेबाकी से जवाब दिया। आइए जानते है देवेंद्र यादव का क्या कहना है-

सवाल : यादव जी भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के कई दिनों बाद कांग्रेस ने आपको प्रत्याशी के तौर पर बिलासपुर भेजा उसके बाद राजनैतिक समीकरण में कई तरह के बदलाव आए आप इसे किस रूप में देखते है?

जवाब: यह तो राजनैतिक जीवन है और प्रायः हर नेता तमाम तरह की परिस्थितियों से जूझते है, मैं भी जूझ रहा। राजनैतिक आरोप प्रत्यारोप तो सामान्य बात है और आरोपों से घबराना नहीं चाहिए। हम बिलासपुर के कांग्रेस साथियों के साथ भरपूर मेहनत कर रहे है।

सवाल: बिलासपुर सीट से भाजपा लगातार जीत रही है। जूदेव से लेकर पुन्नूलाल मोहले, लखन लाल साहू और अरुण साव के बाद अब तोखन साहू जनता के बीच आए है। यह अलग बात है कि जूदेव जहां सिर्फ20 हजार वोटो से तो लखन लाल साहू 1 लाख 76 हजार से और अरुण साव मोदी लहर के बाद भी 1 लाख 46 हजार वोटो से जीते। आप इसे किस तरह की चुनौती के रूप में लेते है?

जवाब : देखिए मैं पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं कि इस बार स्पष्ट रूप से बिलासपुर सीट कांग्रेस जीत रही है। इसका कारण बिलासपुर लगातार तीन दशक से राजनैतिक सूखे से जूझ रहा है। चार चुनावों का एंटी इंकमबेसी का लाभ इस बार कांग्रेस को मिलेगा। बिलासपुर की जनता भाजपा सांसदों से अब ऊब चुकी है और इस बार बदलाव के लिए मन बना चुकी है।

सवाल : बिलासपुर लोकसभा की 8 सीटों में 6 विधानसभा पर भाजपा काबिज है इसके बाद भी आपको क्यूं लग रहा कि आप चुनाव जीत रहे है?

जवाब: इससे कुछ नही होता कि किस पार्टी जा कितने विधानसभा में कब्जा है बल्कि हमारी मेहनत और जनता की इच्छा से परिणाम आता है। जनता जा किसी पार्टी से जुड़ाव महत्वपूर्ण होता है और हम ईमानदारी से मेहनत कर रहे है और जनता के बीच जा रहे है।

सवाल : इस बार कांग्रेस, भाजपा और बसपा तीनों पार्टी ने पिछड़ा वर्ग का उम्मीदवार बनाया है। चुनाव नतीजे में क्या ओ बी सी वोटरों की भूमिका महत्वपूर्ण होने जा रही है?

जवाब : ऐसा नहीं है, हमारे लिए सारे वोट और सभी वोटर काफी महत्वपूर्ण है, भले ही किसी जाति विशेष की वोटरों की संख्या कम या ज्यादा हो। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता की आवाज बनकर कोई संसद में पहुंचे और यहां की आवाज को बुलंदी से संसद में रख सके यह काम सिर्फ कांग्रेस कर सकती है। भाजपा को सिर्फ ताली बजाने और हाथ उठाने वाला सांसद चाहिए इस बात को बिलासपुर लोकसभा की जनता अब अच्छी तरह समझ चुकी है और इस बार कोई गलती नही करेगी।

सवाल : मस्तूरी के भदौरा में कन्हैया कुमार की सभा में पी एम को गाली देने की घटना को आप किस रूप में लेते है?

जवाब: ऐसा है किसी भी बड़े नेता के कार्यक्रम में ज्यादा भीड़भाड़ रहती है और उसे सुनने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग आते है। इसी भीड़भाड़ में असामाजिक तत्व भी आ जाते है। ऐसे लोगो की तत्काल पहचान करना मुश्किल होता है कि कौन पार्टी का है और कौन बाहरी है। पदाधिकारी या कार्यकर्ता होते तो तुरंत पहचान में आ जाते।

सवाल : भाजपा और कांग्रेस दोनों के घोषणा पत्र आ गए है इन्हें आप किस नजरिए से देखते है?

जवाब : भाजपा का घोषणापत्र पर अब लोगो को विश्वास नहीं रह गया है। राहुल गांधी की गारंटी पर लोग भरोसा कर रहे है। चुनाव आयोग एकतरफा कारवाई कर रही।

भाजपा नेताओं की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई हो रही लेकिन कांग्रेस नेताओ पर किए जा रहे अभद्र टिप्पणियों पर भाजपा नेताओ के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही। बिलासपुर में सभी कांग्रेसजन एकजुट हैं और पार्टी को जिताने पूरी ताकत से मेहनत कर रहे है।

सवाल: एक महत्वपूर्ण राजनैतिक पार्टी के उम्मीदवार होने के नाते बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के 20 लाख से भी अधिक मतदाताओं के लिए आप कुछ कहना चाहेंगे खासकर पूर्व सांसदों के बारे में?

जवाब : छत्तीसगढ़ का दूसरा एम्स नवा रायपुर में खुला है पहला भी रायपुर में ही है वह बिलासपुर नहीं आ पाया क्योंकि यहां के सांसदो की इच्छा शक्ति कुछ लाने की नहीं रही। आईआईटी, आईआईएम, आईआईटी, एम्स, एनआईटी सब रायपुर में बिलासपुर के हिस्से में कुछ भी नहीं आया। इसी तरह देश का सबसे कमाऊ बिलासपुर रेल जोन में तीन साल में 6700 से ज्यादा ट्रेनें रद्द हो गई लेकिन यहां का सांसद दमदारी से बिलासपुर के अधिकार को केंद्र सरकार के समक्ष नही रख सका। रखता तो पार्टी नाराज हो जाती। बिलासपुर जोन की पटरियां सिर्फ कोयला ढोने मजबूर हैं लेकिन यहां के सांसद को बिलासपूरवासियो के तकलीफ की चिंता नहीं है। इसी तरह एसईसीएल का हेड क्वार्टर बिलासपुर में है, फिर भी वहां स्थानीय नौकरी शून्य है और सांसद मौन है।

यहां एनटीपीसी भी है यहां भी स्थानीय नौकरियां शून्य है। कोयले की उड़ती राख को जनता सह रही, चिमनियों का धुआं निगलने यहां की जनता और मजदूर विवश है लेकिन आमदनी शून्य है फिर भी निर्वाचित सांसदो को कोई फिक्र नहीं है। छत्तीसगढ़ से कमाने खाने के लिए अन्य राज्यो में पलायन करने वाले सर्वाधिक लोग बिलासपुर जिले से आते हैं। क्योंकि स्थानीय आमदनी शून्य है लेकिन सांसदो ने इस पर कोई आवाज नहीं उठाई। मुंगेली जिला बन गया, जिले जैसी कोई व्यवस्था नहीं, आवागमन कनेक्टिविटी आज भी जस की तस है, लेकिन सांसद यहीं से आते हैं उनकी जिम्मेदारी बनती थी कि मुंगेली को जिले के रूप में तमाम सुविधाएं दिलाते। बिलासपुर केवल न्यायधानी नहीं शिक्षाधानी भी है, संभाग भर से बच्चे यहां कोचिंग के लिए आते हैं, एक भी ट्रांजिट हॉस्टल नहीं, बच्चियों के लिए कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं। प्रधानमंत्री किसान सुरक्षा बीमा का प्रीमियम सब पटा रहे हैं लेकिन रिकवरी रेट 30 प्रतिशत से भी नीचे है। इसलिए मुंगेली, बिलासपुर जिले के जागरूक मतदाताओं को इस बार ऐसा फैसला करना है कि बाद में पछताना न पड़े। आपको मौन सांसद चाहिए या आपकी बात रखने वाला, आपके लिए लड़ने वाला, आपके लिए संघर्ष करने वाला, बिलासपुर की आवाज को दिल्ली पहुंचाने वाला सांसद चाहिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों की बैठक ली

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि बिलासपुर लोकसभा निर्वाचन के लिए 12 अप्रैल से नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी अधिकारियों को जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए जो जिम्मेदारी दी गई है, इसे गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें। सभी अधिकारी अपने कार्यस्थल में निर्धारित समय पर उपस्थित रहें। निर्वाचन कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों को संबंधित क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों में पेयजल, छाया सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग के लिए भी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाए। कलेक्टर ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजन और ऐसे दिव्यांगजन जो मतदान केंद्र जाने में अक्षम हों, उन्हें होम वोटिंग की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा अनिवार्य सेवाओं में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जायेगा। उन्होंने होम वोटिंग, पोस्टल बैलेट वोटिंग के नियमों का पालन करते हुए सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए।

जिलेवासियों की सुख समृद्धि के लिए विधायक रायमुनी ने मां मनसा देवी मंदिर में टेका माथा

नवरात्रि के पावन अवसर पर मनसा देवी मंदिर में की पूजा अर्चना

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिलेवासियों के सुख समृद्धि और मंगल कामना करने जशपुर विधायक रायमुनी भगत मां मनसा देवी मंदिर पहुंची,यहां नवरात्रि के पावन अवसर पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर जशपुर विधायक ने सभी के खुशहाली का प्रार्थना किया। ज्ञात हो कि सोमवार की सुबह नवरात्रि के पावन अवसर पर चांपा टोली स्थित मां मनसा देवी मंदिर में जशपुर विधायक रायमुनी भगत अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची।यहां भगत ने विधि विधान से पूजा अर्चना किया और सभी के खुशहाली सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना किया। विधायक भगत ने यहां आए श्रद्धालुओं को मां मनसा देवी मंदिर के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इससे जुड़े मान्यता को भी विस्तार से बताया और कहा कि मां मनसा देवी मंदिर ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है इसके विकास,विस्तार और प्रचार प्रसार के लिए वह अपने तरफ से हर संभव प्रयास करेंगी।

उद्यान रोपणी में कार्यरत श्रमिकों को मतदान करने दिलाई गई शपथ

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

लोरमी विकासखण्ड के ग्राम सारधा स्थित शासकीय उद्यान रोपणी में कार्यरत श्रमिकों को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान करने की शपथ दिलाई गई और रैली निकालकर उन्हें जागरूक किया गया। उद्यान विभाग की सहायक संचालक भगवती साहू ने बताया कि श्रमिकों को मतदान के महत्व को बताते हुये लोकसभा निर्वाचन में 07 मई को शत-प्रतिशत भागीदारी के लिये शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुये बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने प्रेरित किया गया। गौरतलब है कि ''शतप्रतिशत मतदान, मुंगेली जिले का अभिमान'' का लक्ष्य हासिल करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

कांसाबेल, करडेगा में महिलाओं ने नए लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में स्वीप जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां जारी है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न ग्राम पंचायतों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सभी कलस्टर में नए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत कांसाबेल, ग्राम करडेगा सहित अन्य ग्रामों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई। वही रंगोली बनाकर, हाथों में मेहंदी लगाकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान हेतु सन्देश दिया । कांसाबेल में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने सभी से लोकसभा चुनाव में 7 मई को मतदान करने का आह्वान किया। साथ ही नए मतदाताओं को मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी को लेकर शपथ भी दिलाई गई।

जिला जेल में शिविर लगाकर 99 बंदियों का किया गया स्वास्थ्य जांच

मुंगेली। जिला मुख्यालय के समीप ग्राम देवरी स्थित जिला जेल में बंदियों का शिविर लगाकर स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में शासकीय आयुर्वेद औषधालय फंदवानी एवं भटगांव तथा शासकीय होम्योपैथी औषधालय मुंगेली के चिकित्सकों द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। सहायक जेल अधीक्षक ममता पटेल ने बताया कि शिविर में 99 बंदियों की आवश्यक स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया गया। साथ ही आयुर्वेद से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई। जिला चिकित्सालय के नेत्र विभाग द्वारा शिविर का आयोजन कर 25 बंदियों का नेत्र जांच कर आवश्यक दवाईयां भी प्रदान की गई।

सरगांव मुंगेली पुलिस को गांजा तस्करो को घेराबंदी कर पकड़ने में बडी सफलता प्राप्त

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के आला पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना एवं कोतवालियों में लगातार चौकसी नजर आने लगी है। इसी कडी में एक बार फिर चुनावी सरगर्मियो के बीच सरगांव मुंगेली पुलिस को गांजा तस्करो को घेराबंदी कर पकडने में बडी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल को मुखबीर सूचना के आधार पर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिकी हेतू ग्राहक तलाश करते हुए मदवानी खैरा रोड के पास घेराबंदी कर आरोपी दिनेश तिवारी पिता संकटा तिवारी उम्र 57 साल साकिन टिकरापारा बिलासपुर हामु, चोरभटठी थाना पथरिया जिला मुंगेली छग. बेदोबोरो पात्रा पिता उज्वल पात्र उम्र 32 साल साकिन सुलेसुर थाना मदनपुर रामपुर जिला कालाहडी उडीसा सुदम बेहरा पिता अरून बेहरा उम्र 32 साल साकिन मोहनगिरी थाना मदनपुर रामपुर जिला कालाहडी उडीसा कुलधर राणा पिता सत्यराणा उम्र 45 साल साकिन जुनागांव थाना बालीगुडा जिला कंदुमाड उडीसा के पास कुल 06 पैकेट सेलो टेप लपेटा हुआ मादक पदार्थ गांजा कुल वजनी 12.410 किलो ग्राम किमती 124000/किमती रूपये गांजा बरामद कर आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा एवं एक मोटर सायकल किमती 30000/ को जप्त किया गया एवं आरोपी का कृत्य 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट का पाये जाने से आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया है। मौके पर सम्पूर्ण कार्यवाही पश्चात आरोपी के खिलाफ थाना सरगांव में अपराध कमांक 63/2024 धारा 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी उप निरीक्षक अमित गुप्ता सउनि अजय चैरसिया, मधुकर रात्रे, प्रआर 82 लोकेश राजपूत, आरक्षक 200 उमेश सोनवानी, आरक्षक 172 भलेश्वर जायसवाल, आरक्षक 159 राहुल यादव, आरक्षक 437 गोबिंद शर्मा, आरक्षक 21 कृष्णाकुमार, आरक्षक 190 गुलाबचंद रात्रे, आर0 126 टिकेश्वर साहू एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है।

नालसा एवं सालसा द्वारा चलाये जा रहे समस्त योजनाओं व अभियान की विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार अजगल्ले के मागदर्शन में जिला न्यायालय परिसर मुंगेली में 13 अप्रैल को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के पैरालीगल बालिंटियर्स को मयंक सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में मयंक सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली द्वारा सभी पैरालीगल वालिंटियर्स को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों का उल्लेख करते हुए निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने के साथ साथ गाँव-गाँव जाकर बच्चों से संबंधित अधिकारों, बाल श्रम, व उन्हे खेल के प्रति, प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति प्रोत्साहित करने के विषय में तथा महिलाओं के संरक्षण हेतु घरेलू हिंसा, धारा 125 द.प्र.सं. टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 की जानकारी देते हुए नालसा एवं सालसा द्वारा चलाये जा रहे समस्त योजनाओं व अभियान की विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया।

उक्त प्रशिक्षण में मयंक सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली द्वारा थानों में नियुक्त चस्टे को बचपन बचाओ आंदोलन अ/ यूनियन ऑफ इंडिया के तहत् बच्चों के विरूध्द होने वाले अपराध के विषय में भी जानकारी दिया गया। साथ साथ संविधान के मूल अधिकार व मूल कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, नालसा हेल्पलाईन नं. 15100, पॉक्सो एक्ट, मा.द.सं. की धारा 354, 354 (। से क) तक, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2011 व 2018, सूचना प्रोद्योगिकी अधिनियम 2000 व इंटरनेट के माध्यम से हो रहे अपराध और उसका किस प्रकार से निदान किया जाना है के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकरी देते हुए मुंगेली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी गाँव-गाँव में जाकर डोर टू डोर के माध्यम से उक्त जानकारी के साथ साथ वर्तमान समय में हा रहे आनलाईन ठगी के रोकथाम हेतु आवश्यक जानकारी का व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु सभी पैरालीगल वालिंटियर्स को निर्देशित किया गया।

देश को विकसित बनाने की प्रतिबद्धता पर आधारित है 2024 की मोदी गारंटी- कृष्ण कुमार राय

सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र पर सभी वर्गों का होगा उत्थान: भाजपा

- **2029 तक एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के रूप में देश बनेगा विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति : भाजपा**

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के अपने जनघोषणा पत्र को मोदी की गारंटी-2024 नाम दिया है, क्योंकि मोदी की गारंटी की सभी वादे केंद्र की सरकार ने पूरे किए है। आज देश ही नहीं छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी पर चुनाव लड़ी थी, जिस पर जनता ने विश्वास किया और कांग्रेस की कुशासन वाली भूपेश सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका। इस बार भी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता केंद्र की मोदी गारंटी पर विश्वास करते हुए यहां छत्तीसगढ़ में डबल इंजन वाली सरकार बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी की अधिकांश वादों को विष्णुदेव सरकार ने पूरा कर दिया है। भाजपा घोषणा पत्र के सभी वादों को पूरा करने का नाम ही मोदी की गारंटी है। पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि सबका साथ-सबका साथ के मूत्र मंत्र के साथ केंद्र की मोदी सरकार 10 साल तक एक नए भारत को गढ़ने का काम किया है। यही वजह रही है कि कोरोनाकाल के आपदा काल और वैश्विक मंदी के बावजूद देश को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाने का ऐतिहासिक काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है। आने वाले 2029 तक देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने से कोई नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 25 करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं। प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि पूर्ववर्ती केंद्र की कांग्रेस की सरकारों में भ्रष्टाचार का इस कदर पूरी व्यवस्था में फैला हुआ था कि विकास के लिए राज्य में आने वाले पैसे की लूट मचती थी। यूपीए की सरकार में देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खोखली हो गई थी। लेकिन मोदी की सरकार ने सरकार ने हर वर्ग के लिए बनाई गई जनकाल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में पारदर्शिता का ऐसा सिस्टम विकसित किया, जिसमें भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं बची है। आज हर योजना के लाभार्थी के खाते में सीधे पैसा जाता है। लेकिन जब यही कांग्रेस की सरकार थी, जनता के पैसे को हड़पने का काम इनके नेता करते थे। पीएम मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर कांग्रेस और इसके इंडी गठबंधन के दल अपने झूठे जनघोषणा पत्र से फिर से जनता को झांसे में लेने के लिए कुचक्र रच रहे हैं। लेकिन जनता कांग्रेस और इंडी गठबंधन दलों के झूठे जनघोषणा पत्र को नाकार देगी और मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हुए पीएम मोदी को 400 पार सीटों के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रही है। यहां छत्तीसगढ़ में भी भाजपा 11 की 11 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी।

पंचायत जरहागांव के सयुंक्त तत्वाधान में प्याऊ घर की व्यवस्था बस स्टैंड पर किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जरहागांव एवं अध्यक्ष नगर पंचायत जरहागांव के सयुंक्त तत्वाधान में प्याऊ घर की व्यवस्था बस स्टैंड पर किया गया है इसमें भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के शिक्षक पिताम्बर दास मानिक पुरी, एवं शिक्षिका श्यामा रानी देवांगन, डिंडोरे, प्राचार्या आर डाहिरे, नगर पंचायत जरहागांव के अध्यक्ष धीर सिंह बंजारे, शिक्षक उमेश कश्यप, अनिल कश्यप अक्षय कश्यप पत्रकार शशीकांत लाल एवं समस्त नगर पंचायत जरहागांव वासियों के विशेष सहयोग से प्याऊ घर का प्रारम्भ किया गया हैं।

कांग्रेस का घोषणा पत्र स्वास्थ की दिशा में बेहतर भाजपा का घोषणा पत्र ठगने वाला : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के विगत 10 वर्षों में देश में स्वास्थ्य सेवा बदहाल हुई है। सीएजी के रिपोर्ट में प्रमाणित हुआ है कि आयुष्मान योजना के नाम पर हजारों करोड़ के घपले, घोटाले किये गये। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दोनों प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों का घोषणा पत्र जारी हो चुका है। स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जहां कांग्रेस पार्टी ने 19 महत्वपूर्ण वादे किये है, वहीं भारतीय जनता पार्टी अपने तथाकथित संकल्प पत्र में भी आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने की दिशा में कोई ठोस वादा करने में नाकाम रही। भाजपा के घोषणा पत्र में स्वास्थ्य सेवा के संबंध में केवल पुराने वादे ही है, जो पूर्व में भी पूरे नहीं हुये। एम्स में डॉक्टर, नर्स, तकनीशियनों के लगभग 45 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं, मोदी सरकार ने भर्तियां रोक रखी है जिसका नुकसान मरीजों को उठाना पड़ रहा है। आयुष्मान योजना नई नहीं है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस की सरकारों ने तमाम तरह के टीके निःशुल्क लगवाने की व्यवस्था की। मोदी सरकार ने तो वेक्सिन निर्माता कंपनी से चुनावी बांड वसूले, मोदी सरकार में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर भी लगातार सवाल उठते रहे है। मोदी सरकार ने स्वास्थ्य के बजट में भी लगातार कटौती की है। भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में भी स्वास्थ्य सेवा की उपेक्षा स्पष्ट तौर पर दिख रही है।

कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में देश की जनता से स्वास्थ्य सेवा बेहतरी के लिए 19 बिन्दुओं का वादा किया है। कांग्रेस वादा करती है कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं, जैसे अस्पताल, क्लिनिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मोबाइल स्वास्थ्य इकाई, औषधालय और स्वास्थ्य शिविर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल हर नागरिक के लिए निःशुल्क उपलब्ध होगी। निःशुल्क स्वास्थ्य देखभाल में परामर्श, जांच, उपचार, सर्जरी, दवाएं और पुनर्सुधार शामिल होंगे। राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई चिरंजीवी योजना के तर्ज पर देशभर में 25 लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज के लिए कैशलेस बीमा योजना लागू की जाएगी। कांग्रेस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक मानदंडों के अनुसार विकसित करेगी, और प्रत्येक पीएचसी में डायग्नोस्टिक्स (आधुनिक जांच सुविधाएं) उपलब्ध कराएगी। कांग्रेस निजी और सरकारी क्षेत्र में स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की शुरूआत को बढ़ावा देगी। मौजूदा यूनिवर्सल स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम को विभिन्न वर्गों की जरुरतों के अनुरूप नया स्वरूप दिया जाएगा और निजी अस्पतालों, गैर-लाभकारी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाली संस्थाओं और स्वास्थ्य केंदों को इसके तहत सूचीबद्ध करने की अनुमति दी जाएगी। कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि मातृत्व लाभ सभी महिलाओं को मिले। सभी नियोक्ता अनिवार्य रूप से अपने कर्मचारियों के लिए सवैतनिक (वेतन के साथ) मातृत्व अवकाश देंगे। कांग्रेस स्वास्थ्य के लिए बजट आवंटन को हर साल चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर वर्ष 2028-29 तक बजट का न्यूनतम 4 प्रतिशत करेगी। कांग्रेस ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने वाले डॉक्टरों के लिए कठिनाई भत्ता दोगुना करेगी और उनके रहने के लिए उपयुक्त सुविधाएं प्रदान करेगी। कांग्रेस फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (जैसे आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मध्याह्न भोजन रसोइया, आदि) के मानदेय में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना करेगी।

उड़िया नव वर्ष उत्सव में शामिल हुए राज्यपाल हरिचंदन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन अपने ओडिशा प्रवास के दौरान उड़िया नव वर्ष उत्सव में शामिल हुए। राज्यपाल हरिचंदन ने नमामि दुनाकिनी अनुकुल्या में आयोजित नववर्ष उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में ओड़िशा के इतिहास, परंपरा, गौरव, संस्कृति और वीरता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हर उड़िया वासी के रगों में वीरता का खून दौड़ता है। उनका शौर्य और पराक्रम अद्वितीय है। ओड़िशा में हुए पाईका विद्रोह का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस विद्रोह को स्वतंत्रता संग्राम के रूप में मान्यता दी गई। यह हमारे लिए गौरव की बात है। ओड़िशा राज्य के गौरव गाथा की पूरे भारत वर्ष में चर्चा और प्रशंसा की जाती है। उन्होंने ओड़िशा वासियों को भाषा, साहित्य और संस्कृति की रक्षा के लिए नेतृत्व करने और राष्ट्र की भलाई के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने ओड़िशा के जननायकों बक्सी जगबंधु, मधुसूदन दास, गोपबंधु दास, फकीर आदि का भी स्मरण किया। समारोह में राज्यपाल हरिचंदन ने ओडिशा के प्रमुख व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर नमामि दुनाकिनी के सलाहकार और महोत्सव के अध्यक्ष प्रद्युम्न शेटपति सहित नागरिक उपस्थित थे।

लेखा अधिकारी राकेश देवांगन की मृत्यु की जांच करने की शिकायत कांग्रेस विधि विभाग ने मुख्य चुनाव आयुक्त से की

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुये अवैध स्थानांतरण किये जाने और जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में पदस्थ लेखा अधिकारी राकेश देवांगन की मृत्यु की जांच करने की शिकायत कांग्रेस विधि विभाग ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया। ज्ञापन में कहा गया कि सपूर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन करते हुये कर्मचारियों का अवैध स्थानांतरण किये जाने और जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में पदस्थ लेखा अधिकारी राकेश देवांगन की मृत्यु संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है इसकी जांच किये जाने और संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध जांच किये जाने की मांग छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग करती है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किस अधिकारी/ व्यक्ति के कहने पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का स्थानांतरण आचार संहिता के दौरान किये गये है। इसका खुलासा करने की मांग छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के द्वारा करते है। जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में पदस्थ लेखा अधिकारी राकेश देवांगन की मृत्यु किन कारणों से हुई और मृत्यु से पूर्व मृतक का किस-किस व्यक्ति से उनके मोबाईल पर बातचित हुई उनका भी डाटा निकलवाते हुये संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध समूचित कानूनी कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है।

एमडी अबिनाश मिश्रा ने ली रायपुर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम कमिश्नर एवं स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा हेतु अधिकारियों व कार्य एजेंसियों की बैठक ली। बैठक में मिश्रा ने अधिकारियों से कहा है कि नियमित मॉनिटरिंग कर जून से पहले सभी प्रोजेक्ट पूरे करे। मिश्रा ने अंडरग्राउंड केबलिंग ,24*7 परियोजना, शास्त्री बाजार, मटन मार्केट, महाराजबंध, नरैया व खो-खो तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी, शहर में समुचित स्ट्रीट लाइट सहित अन्य प्रोजेक्ट की जानकारी लेकर समय सीमा पर निर्माण पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि तय समय सीमा में सभी कार्यों को पूरा करने के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें और आम नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं का पूरा लाभ सुनिश्चित करें। इस दौरान स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) पी.के.पंचायती, उप-महाप्रबंधक (वित्त) अमित शर्मा, उप-प्रबंधक संजय अग्रवाल, अमित मिश्रा, असिस्टेंट मैनेजर शुभम तिवारी, नेहा पटेल, योगेंद्र साहू सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

पटवारी से सांठगांठ कर भू-माफियाओं ने हड़पी सरकारी जमीन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी में भू-माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। निजी भूमि को लेकर तो जमीनों के विवादों की लिस्ट लंबी है, लेकिन अब पटावारी शासकीय भूमि भी भू-माफियाओं के साथ मिलकर उनके नाम कर रहे है। ऐसे ही एस मामले में भूपेश कुमार बंसत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के आदेश के बाद विधानसभा थाने में भू-माफिया, दलाल और पटवारी के खिलाफ 120-बी-आईपीसी 34-आईपीसी, 420-आईपीसी, 467-आईपीसी, 468-आईपीसी, 471-आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। जिनके खिलाफ एफआईआर हुई है उसमें तत्कालीन हल्का पटवारी नरेश ठाकुर, नेमीचंद माखिजा, अनिल माखिजा, प्रताप मथानी का नाम शामिल शामिल है। दरअसल आरोपी नेमीचंद माखीजा, अनिल माखीजा, प्रताप मथानी और पटवारी नरेश ठाकुर पर आरोप है कि सड्डू की शासकीय भूमि को फर्जी तरीके से अपने नाम करवा लिए, वहीं पास में आवेदन हरिवल्लभ अग्रवाल की जमीन भी है। उन्होंने इस मामले में कई बार शिकायत की और इसी के आधार पर कोर्ट गए। जिसके बाद कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए।

राजभवन के विधि अधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजभवन संवैधानिक प्रकोष्ठ की विधि अधिकारी नीरू सिंह के स्थानांतरण होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार ने नीरू सिंह के राजभवन में पदस्थापना के दौरान के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने एक कुशल न्यायिक अधिकारी के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी के दायित्व का निर्वहन कुशलता पूर्वक किया। यशवंत कुमार ने नए दायित्व के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, उप सचिव हिना अनिमेष नेताम एवं राजभवन के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रदेश युवा कांग्रेस के नेता जयेश तिवारी ने किया दल बल के साथ भाजपा प्रवेश

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजयुमो रायपुर जिला अध्यक्ष गोविंद गुप्ता के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के नेता जयेश तिवारी ने अपने 100 साथियों के साथ भाजपा प्रवेश किया। जिसमें छःग शासन मंत्री दक्षिण विधायक व लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, पूर्व विधायक देवजी पटेल ने भाजपा के पटका पहना के सबका स्वागत किया। बृजमोहन अग्रवाल ने युवा कांग्रेस के नेता जयेश तिवारी का भाजपा में स्वागत किया और भाजपा की रीति नीति संगठन की पद्धति से अवगत करवाया। पार्टी के लिए समर्पण भाजपा के द्वारा किये हुए काम विकास को बताया और शुभकामनाएं प्रेषित किया सबके भाजपा प्रवेश करने पर कमल का फूल हमारा संगठन है उसी के लिए काम करना है प्रत्याशी कोई भी कमल का फूल ही हम सबके लिए सब कुछ होना चाहिए। कमल का फूल का मतलब ही होता है माता सरस्वती इसलिए भाजपा शासन विकास प्रगति ही होती क्योंकि माता सरस्वती का आशीर्वाद हमेशा हमारे ऊपर बना रहता। जिससे जनता के विकास योजना गरीबो की चिंता सब हम दूर कर देते है। जयेश तिवारी ने बताया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नेतृत्व से प्रभावित हो कर के दल बल के साथ भाजपा प्रवेश किया हूँ। भाजपा की नीति देश के प्रति समर्पण से प्रभावित हो कर आज सही जगह आया हूँ। पूरे तन मन से पार्टी की सेवा व जनता के विश्वास जो भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऊपर उसको बरकरार रखूंगा। रायपुर लोकसभा में अपनी अहम भूमिका निभाउंगा और रायपुर लोकसभा प्रत्याशी अजेय विधायक बृजमोहन अग्रवाल को सर्वाधिक मतों से जिताने में भूमिका रहेगी। इस प्रवेश कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश मोहरे, प्रदेश मीडिया प्रभारी विकास मित्तल, जिला महामंत्री अर्पित सूर्यवंशी, आशीष आहूजा, अनिल नायडू, अनिल शर्मा, शंकर साहू आदि भाजयुमो के कार्यकर्ता भी उपस्थिति थे।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने आज स्वर्णप्राशन

रायपुर। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने 16 अप्रैल को रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। चिकित्सालय के कौमारभृत्य बाल रोग विभाग में सवेरे नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक इसका सेवन कराया जाता है। यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से रक्षा करने के साथ ही एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करता है। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में बच्चों के लिए स्वर्णप्राशन का आयोजन किया जाता है। स्वर्णप्राशन हर महीने की पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाने वाली औषधि है। इस साल 16 अप्रैल के साथ ही अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 13 मई,10 जून, 8 जुलाई, 3 अगस्त, 30 अगस्त, 26 सितम्बर, 24 अक्टूबर, 20 नवम्बर और 18 दिसम्बर को भी स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

16 April 2024 Pride Of Raipur









विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403